RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

Black Bichhoo

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया
खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 155 | ग्वालियर बुधवार 15 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## मध्य प्रदेश का नाम रोशन करेगी ग्वालियर की बेटी कनुप्रिया



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान


**ग्वालियर** मध्य प्रदेश का नाम रोशन करने जा रही है ग्वालियर की बेटी 16 वर्षीय कनुप्रिया शर्मा पेंटाथार्म खेल में उत्तराखंड में 7 फरवरी से नेशनल खेलने जाएगी उक्त जानकारी कनुप्रिया शर्मा ने ग्वालियर डायरीज से बात करते हुए कही उन्होंने बताया कि मुझे तैरने का शौक बचपन से था मैं 4 वर्ष की उम्र से अपने दादी दादा रिटायर्ड जज अशोक शर्मा जी एवं दादी मधु शर्मा के सहयोग से आज इस मुकाम तक पहुंची हूं उन्होंने बताया कि वह ग्वालियर ग्लोरी हाई स्कूल स्कूल में पढ़ती है पिछले दो वर्षों से शूटिंग चलाना सीख रही है वही पैंटाथ्रोम में मेरा नेशनल के लिए सिलेक्शन हुआ है इसका पूरा श्रेय मेरे कोच श्री विनोद जाटव जी जिन्होंने मुझे 5 साल की उम्र से खेलों के प्रति सजग रखा आज उन्हीं की प्रेरणा से मैं इस मुकाम तक पहुंची हूं तथा मेरी दादी मधु शर्मा जी को जाता है उनका सपना अपने दादाजी की तरह जज बनने का है उन्होंने बताया कि अभी 17 जनवरी से जबलपुर में कैंप आयोजित किया जा रहा है उसके बाद 7 फरवरी से उत्तराखंड में नेशनल गेम आयोजित किए जाएंगे कनुप्रिया शर्मा एडवोकेट श्रीमती नेहा कुणाल शर्मा की पुत्री है उन्होंने नेशनल खेलने का श्रेय अपने परिवार को दिया है

## अयोध्या की तरह होगा चित्रकूट धाम का विकास

### प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्थाएं देखने भेजा गया मध्यप्रदेश का अधिकारी दल

### आधुनिक तकनीक का लाभ लेते हुए शासन के प्रबंध सुशासन में बदले जाएं

### मुख्यमंत्री ने चित्रकूट में बैठक लेने के पश्चात मीडिया प्रतिनिधियों को दी जानकारी



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चित्रकूट धाम का विकास अयोध्या की तरह ही जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज कुंभ में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत अच्छे प्रबंध किए हैं। इसके परिणाम भी दिख रहे हैं। प्रयागराज के महाकुंभ की व्यवस्थाओं से बड़े मेलों के लिए आवश्यक प्रबंधन सीखा जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतना जिले के साथ पवित्र चित्रकूट धाम के विकास को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें विकास कार्यों के प्रस्ताव और अनेक सुझाव मिले हैं। प्राप्त सुझावों के आधार पर चित्रकूट धाम में भगवान श्रीराम के ऐतिहासिक काल को जोड़ते हुए, यहां के वैभव को स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट में विकास संबंधी बैठक के बाद मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि विकास के कई प्रस्तावों पर केन्द्रित एक कार्य योजना भी तैयार की जा रही है। बैठक में प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर चित्रकूट की महिमा, पुराना वैभव एवं गौरव को दृष्टिगत रखते हुए विकास के प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंत्री, सांसद, विधायक आदि जन-प्रतिनिधि बैठक में शामिल रहे। जन-प्रतिनिधियों से महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं।

**उत्तर प्रदेश के कुंभ में भेजा गया है अधिकारियों का दल** - मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ में व्यवस्थाओं के अध्ययन के लिए मध्यप्रदेश के अधिकारी भेजे हैं। इसके बाद वर्ष-2028 में उज्जैन में सिंहस्थ होने जा रहा है। अलग-अलग खगोलीय घटनाएं होती हैं जिनके के आधार पर इनका नाम महाकुंभ और सिंहस्थ नाम होता है। ये विश्व के सबसे बड़े मेले हैं। हम उम्मीद करेंगे कि इन मेलों से हमारे प्रबंध बड़े से बड़े स्थान में की गई व्यवस्था सुव्यवस्था में बदले और छोटे स्थानों और धार्मिक मेलों में तीर्थ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं कैसे दे सकते हैं, इसके लिए क्रियान्वयन का रास्ता तैयार होता है। यह चित्रकूट में लघु रूप में ही क्यों न हो, यह प्रबंधन से सीखा जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा प्रयास है आधुनिक तकनीक का लाभ लेते हुए बेहतर प्रबंधन से शासन, सुशासन में बदलें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कामना की कि प्रयागराज कुंभ सभी के लिए फलदायी हो। विशेष रूप से सनातन धर्म में प्रत्येक 12 साल में अलग-अलग स्थानों पर वैचारिक अनुष्ठान का जो यह महा आयोजन होता है, हमारी धार्मिक दृष्टि से भी उसका विशेष महत्व है।

## प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के सदस्यों ने मेला सचिव से मुलाकात कर पत्रकारों की समस्याओं से कराया अवगत





दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

9009601101

ग्वालियर प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के द्वारा ग्वालियर जिलाध्यक्ष दिव्यानंद अर्गल के नेतृत्व में पत्रकारों के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा मेला सचिव टी आर रावत से मुलाकात कर पत्रकारों को होने वाली पार्किंग समस्या को लेकर मेला सचिव से मिलकर विचार विमर्श किया इस पर मेला सच के द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारी को भिजवा कर म पार्किंग का मुआइना कराकर आश्वासन दिया कि 2 दिन के पार्किंग में पत्रकार मीडिया का बोर्ड लगा दिया जाएगा जिससे होने वाली समस्या से निजात मिलेगी मेला सचिव से मिलने बालों में प्रेस मीडिया कल्याण संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह पवैया, कोषाध्यक्ष अशोक सोनी गिर्राज ओझा प्रदेश प्रचारक सुमित साहू जिला मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा सम्भाग उपाध्यक्ष पत्रकार नीरज हांडा उपस्थित रहे



### उत्तराखंड में जल्द लागू होगा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिए बड़े संकेत

**उत्तराखंड।** पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यूसीसी का कार्यान्वयन भी एक शुभ बात है। यह इस माह उत्तरायणी के दौरान किया जाएगा। आगामी शहरी स्थानीय निकाय के मद्देनजर यहां कैंट क्षेत्र में आयोजित एक अभियान बैठक के मौके पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि जमीनी स्तर पर कानून को लागू करने के लिए कर्मियों का प्रशिक्षण अपने अंतिम चरण में है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कहा कि मकर संक्रांति से शुरू होने वाले शुभ चरण के दौरान राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। हालांकि, उन्होंने कोई तारीख नहीं बताई और कहा कि इसकी घोषणा इस महीने के भीतर की जाएगी क्योंकि कानून को जमीन पर लागू करने के लिए कर्मियों का प्रशिक्षण अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि उत्तरायणी त्योहार जो आज पूरे देश में मकर संक्रांति, लोहड़ी, पोंगल या बिहू जैसे विभिन्न नामों से मनाया जा रहा है, उस शुभ चरण की शुरुआत का प्रतीक है जब सभी अच्छे काम किए जा सकते हैं।




## 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, संगम में हेलिकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा

**प्रयागराज।** योगी ने आगे लिखा कि प्रथम अमृत स्नान पर्व के सकुशल संपन्न होने पर सनातन धर्म के आधार सभी पूज्य अखाड़ों, महाकुम्भ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद तथा प्रदेश वासियों को बधाई! पुण्य फलें, महाकुम्भ चलें।

प्रयागराज में महाकुंभ मेले में भारी भीड़ देखी गई है। मकर संक्रांति पर पहले %अमृत स्नान% के दौरान 3.50 करोड़ से अधिक भक्तों ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई। योगी ने एक्स पर लिखा कि आस्था, समता और एकता के महासमागम %महाकुम्भ-2025, प्रयागराज% में पावन %मकर संक्रांति% के शुभ अवसर पर पवित्र संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाने वाले सभी पूज्य संतगणों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन! प्रथम अमृत स्नान पर्व पर आज 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों/श्र?द्धालुओं ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। योगी ने आगे लिखा कि प्रथम अमृत स्नान पर्व के सकुशल संपन्न होने पर सनातन धर्म के आधार सभी पूज्य अखाड़ों, महाकुम्भ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद तथा प्रदेश वासियों को बधाई! पुण्य फलें, महाकुम्भ चलें। एक और पोस्ट में उन्होंने लिखा कि तीर्थराज प्रयाग में आज महाकुम्भ के प्रथम %अमृत स्नान% और मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सभी अखाड़ों और घाटों पर पुष्पवर्षा सनातन संस्कृति का वंदन, श्रद्धा का अभिनंदन और आस्था को नमन है।

### प्रधानमंत्री मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस पर बोले पीएम मोदी

## अनुसंधान और नवाचार नए भारत के मिजाज का हिस्सा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को भारतीय मंडपम में आयोजित भारतीय मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम ने यहां 25 मिनट की स्पीच दी। इस दौरान उन्होंने ढ्ढरूस्ष्ठ के विकास, उसके महत्व और चुनौतियों के बारे में बात की। पीएम ने कहा- आज मौसम से जुड़ी सारी अपडेट वॉट्सएप पर मिल जाती है। पिछले 10 सालों में कई साइक्लोन आए, लेकिन हमने जनहानि को जीरो या सबसे कम करके दिखाया। पिछली सरकारों में जब ऐसी प्राकृतिक आपदाओं में हजारों जानें जाती थीं तो उसे नियति कहकर टाल दिया जाता था। कल (13 जनवरी) मैं जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में था, वहां का प्रोग्राम पहले बनाया गया था लेकिन मौसम विभाग ने कहा कि 13 जनवरी को प्रोग्राम बनाइए। मैं वहां कल दिन में था। एक बार भी बादल नहीं आए। मौसम विभाग की सूचना के कारण मैं आसानी से कार्यक्रम पूरा करके लौटा।

**रिसर्च-इनोवेशन नए भारत के टेंपरामेंट का हिस्सा :** किसी भी देश के वैज्ञानिक संस्थानों की प्रगति साइंस के प्रति उसकी जागरूकता को दिखाती है। वैज्ञानिक संस्थाओं में रिसर्च और इनोवेशन नए भारत के टेंपरामेंट का हिस्सा है। इसलिए पिछले 10 सालों में ढ्ढरूस्ष्ठ के इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी में विस्तार हुआ है। ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन, रनवे वेदर मॉनिटरिंग सिस्टम, डिस्ट्रिक्ट वाइज रेनफॉल मॉनिटराइजेशन ऐसे अनेक आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर जोड़े गए हैं।

**भविष्य में भारत मौसम की हर परिस्थिति के लिए तैयार :** मौसम विज्ञान को भारत की स्पेस टेक्नोलॉजी और डिजिटल टेक्नोलॉजी का फायदा मिल रहा है। आज देश के पास अंटार्कटिका में मैत्रेयी और भारती नाम के दो मेट्रोलॉजिकल ऑब्जर्वेटरी हैं। पिछले साल अर्थ और अरुणिका नाम के सुपर कंप्यूटर शुरू किए गए हैं। इससे मौसम विभाग की विश्वसनीयता पहले से ज्यादा बढ़ी है। भविष्य में भारत मौसम की हर परिस्थिति के लिए तैयार रहे।

**आईएमडी ने करोड़ों भारतीयों की सेवा की है:** आज हम भारतीय मौसम विभाग के 150 साल सेलिब्रेट कर रहे हैं। ये 150 साल केवल भारतीय मौसम विभाग की यात्रा ही नहीं है। यह हमारे भारत के साइंस और टेक्नोलॉजी के विकास की भी यात्रा है। ढ्ढरूस्ष्ठ ने करोड़ों भारतीयों की सेवा की है। 2047 में जब देश आजादी के 100 साल मनाएगा तब भारतीय मौसम विभाग का स्वरूप क्या होगा, इसके लिए विजन डॉक्यूमेंट भी जारी किया गया है। सभी देशवासियों को इस गौरवपूर्ण अवसर के लिए शुभकामनाएं। आईएमडी के जरिए अर्ली वॉर्निंग फॉर ऑल जारी किया गया है। देश की 90त्न आबादी तक इसकी पहुंच है। हर किसी को पिछले और आने वाले 10 दिनों की जानकारी मिलती है। मौसम से जुड़ी भविष्यवाणी सीधे वॉट्सएप पर पहुंच जाती हैं। हमने मेघदूत मोबाइल ऐप बनाया। जहां देश की सभी स्थानीय भाषा में जानकारी मिलती है। 10 साल पहले देश के सिर्फ 10त्न किसानों और पशुपालकों को मौसम से जुड़ी जानकारी मिलती थी। आज ये संख्या 50त्न से ज्यादा हो गई है। यहां तक की बिजली गिरने की जानकारी मोबाइल पर मिलती है।

### माघी मेले पर सजे सियासी मंच - प्रकाश सिंह बादल को 'फख्र-ए-कौम' लौटाने की अपील

## बादल परिवार पंथ विरोधी ताकतों के निशाने पर : सुखबीर



**संगरूर।** मुक्तसर में मंगलवार को माघी मेले के अवसर पर सियासी मंच भी सजे। शिरोमणि अकाली दल ने एक विशाल कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री शामिल हुए। उन्होंने पांच तख्तों के जत्थेदारों से स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल को 'फख्र-ए-कौम' सम्मान लौटाने का अनुरोध किया। अकाली दल ने प्रस्ताव भी पारित किया, जिसमें श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की गयी है।

सुखबीर बादल का अध्यक्ष पद से इस्तीफा स्वीकार होने के बाद पार्टी के इस पहले बड़े आयोजन में पूर्व विधायक कंवरजीत सिंह रोजी बरकंदी ने कहा कि अकाली दल कभी खत्म नहीं हो सकता। उन्होंने सुखबीर बादल से पार्टी का नेतृत्व करने को कहा। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सुखबीर बादल के समर्थन में नारे भी लगाये।

सुखबीर ने अपने संबोधन में कहा कि बादल परिवार पंथ विरोधी ताकतों के निशाने पर है। बादल परिवार और अकाली दल को नष्ट करने की कोशिश की जा रही है। सुखबीर ने कहा कि एजेंसियां लगातार हमें बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं और एजेंसियों के आगे झुकने वाले लोग पंथ के गद्दार हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग शिरोमणि अकाली दल को बदनाम कर रहे हैं, वो केंद्र के सामने झुकते हैं। पंजाब विरोधी ताकतें राज्य को बर्बाद करने की साजिश रच रही हैं। सुखबीर ने अमृतपाल सिंह की नयी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग नयी दुकान खोल रहे हैं।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर बुधवार, 15 जनवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



## संक्षिप्त समाचार

### मकरसंक्रांति पर हुआ गौ भंडारा सेकंडों गायों को डाला गया चारा



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

अमायन क्षेत्र के ग्राम लहारा के निवासी गौभक्त पुष्पेन्द्र सिंह चौहान द्वारा मकरसंक्रांति के पावन पर्व पर संध्या कालीन गौ भंडारा करवाया गया लहार नगर के डेनिडा रोड पर सेकंडों गायों को खिलाया गया चारा।

### तेज आवाज करने वाली बाइक चालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** शहर में इस समय चौराहों पर तेज आवाज करने वाली व नवयुवक बाइक स्टंट करते हुए देखे जा सकते हैं इसी को देखते हुई ग्वालियर पुलिस के द्वारा आज जगह-जगह चौराहों पर चेकिंग पॉइंट लगाकर चेकिंग की गई इसी क्रम में पड़ाव स्थित रेलवे स्टेशन चौराहे पर तेज आवाज करने वाली मोटरसाइकिलों के खिलाफ ट्रैफिक डीएसपी अजीत सिंह चौहान के द्वारा चालानी कार्रवाई की गई जिन मोटरसाइकिलों पर साइलेंसर बदलकर लगायें गए थे जो तेज आवाज करते हैं। चार पहिया वाहन पर काली फिल्म चढ़ी होने पर उनको रोककर कागज मागे गए और उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

### कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 42 लोगों की समस्याओं की हुई सुनवाई



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जन-सुनवाई में इस बार 42 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार व श्री टी एन सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक ङ्क एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। जन-सुनवाई में प्राप्त हुए 42 आवेदनों में से 18 दर्ज किए गए। शेष 24 आवेदन संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए। सभी अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जन-सुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं। समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ जरूरतमंदों के निःशुल्क इलाज का इंतजाम भी जन-सुनवाई में कराया गया।

### मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना की समीक्षा

**सबलगढ़।** सबलगढ़ में मंगलवार को एसडीएम अरविंद माहौर ने मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान की समीक्षा बैठक की। इसमें 11 दिसंबर से चल रहे इस अभियान के दौरान जनपद पंचायत और ग्रामीण विकास की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि 26 जनवरी तक सभी 63 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाना अनिवार्य है। वहीं मंगलवार को मकर संक्रांति के कारण जनसुनवाई में केवल 4 आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हें निराकरण के लिए भेजा गया। जनपद पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग को लगभग 4000 आवेदनों को 65 पंचायतों में विभाजित कर लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने नपा में भी बैठक की, जहां जाम की समस्या को हल करने के लिए सब्जी-फल विक्रेताओं और ई-रिक्शा चालकों के लिए नियम तय किए गए।

# ऊर्जा मंत्री ने सिविल अस्पताल में मरीजों को पिलाई चाय, बांटे गजक और फल

## मकरसंक्रांति पर सफाई मित्रों को किया सम्मानित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान





**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मकरसंक्रांति के अवसर पर मंगलवार को सिविल अस्पताल हजीरा पहुँचकर नेत्र ज्योति आपरेशन कराने वाले 15 रोगियों का हालचाल झजाना और सेवाभाव से चाय-बिस्किट, गजक और फल अपने हाथों से वितरित किए। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) का भी निरीक्षण किया तथा यहां उपचाररत रोगियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और बुजुर्ग रोगियों के पैर भी दबाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज यह देखकर प्रसन्नता हुई कि सरकार की मंशानुरूप अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पहुंच रहा है। इसका प्रमाण हजीरा सिविल अस्पताल का आईसीयू है, जहां ग्वालियर के साथ-साथ पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के रोगी भी उपचार ले रहे हैं। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री ने स्वच्छता बनाए रखने को लेकर अस्पताल परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया और अस्पताल के चिकित्सकों से मुलाकात कर स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने को लेकर चर्चा की।

### कांच मिल में सुनी समस्याएं :-

इसके बाद ऊर्जा मंत्री ने निज निवास कांच मिल में जनसुनवाई करते हुए नागरिकों की पानी, बिजली, सड़क,सीवर तथा राशन, पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### सफाई मित्रों का सम्मान :-

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मकरसंक्रांति के अवसर पर मंगलवार की शाम शहर की साफ-सफाई की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे नगर निगम के सफाई मित्रों को शॉल और गजक भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शहर को साफ, स्वच्छ व सुंदर बनाने में सफाई मित्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कांच मील बड़ा गेट से न्यू कॉलोनी स्थित अपने निज निवास तक स्वच्छता अभियान चलाया तथा शहरवासियों से अपील की कि शहर को सुंदर, स्वच्छ व साफ बनाने और स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल स्थान पर लाने के लिए अपने घर, दुकान के आसपास स्वच्छता रखें। खुले में गंदगी न फैलाएं। ठोस कचरा व पॉलिथीन नालों व नालियों में न बहाए। उनके घर के पास आने वाले डोर-टू-डोर कचरा वाहन में सूखा व गीला कचरा अलग करके दें।

# मकर संक्रांति का पर्व है सामाजिक संक्रमण को खत्म करने का दिन : विकास शर्मा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
पंकज जैन



**अंबाह।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने छह उत्सवों में एक उत्सव मकर संक्रांति का उत्सव भी मानता है इसी तारतम्य में अमृत वचन एवं एकल गीत के बाद बतौर वक्ता ? नगर कार्यवाह विकास शर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन बड़ा पवित्र , आध्यात्मिक, एवं सामाजिक विकृतियों को खत्म करने का दिन है। आज के दिन भगवान सूर्य नारायण धनु राशि से निकलकर मकर राशि में संक्रांति करते हैं अर्थात प्रवेश करते हैं मकर राशि के स्वामी शनि देव भगवान है जो कि सभी के साथ न्याय करते हैं । जिनके लिए कोई ऊंचा नहीं है कोई नीचा नहीं है कोई बड़ा नहीं है कोई छोटा नहीं है कुदृष्टि रखने वालों को दंड एवं सदमार्ग पर चलने वालों पर खुश होकर भंडार भरते हैं। आज का दिन समाज में संक्रमण अर्थात विकृतियों को खत्म करने का भी दिन है। जिस प्रकार से सभी तिली गुड में लिपट जाती है और मिठाई बन जाती है । गुड़ की स्वादिष्टता बढ़ जाती है इसी प्रकार से समाज में फैली अस्पृश्यता छुआछूत को हम खत्म करके एकजुट रहेंगे संगठित रहेंगे इससे समाज में मिठास बढ़ेगी सामाजिक ससमरसता, एकता, बंधुता आएगी। इस पर्व पर सभी स्वयंसेवक अपने-अपने घर से गजक तिली के लड्डू मिठाई लेकर आते हैं। मिल बांटकर खाते हैं अस्पृश्यता जैसी घातक प्रकृति को दूर करने का काम करते हैं। संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने पर हिंदू समाज को दिशा और दशा देने के लिए संघ द्वारा चलाए जा रहे पंच परिवर्तन विषय पर भी वक्ता ने कहा कि हमको सामाजिक समरसता , अपने परिवार की वेशभूषा भोजन भजन भाषा अच्छी रखनी है। पर्यावरण का भी संरक्षण करना है प्रकृति के दुश्मन तीन पाउच पॉलिथीन इसके निराकरण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक को बोतलों में भरना है और इकोलॉजिकल के रूप में उन बोतलों का फुलवारी की क्यारियां बनाने और गमले में करना है। हमें नागरिक शिष्टाचार का पालन करना है और स्व बोध जागृत करना है स्वदेशी वस्तुओं अधिक से अधिक उपयोग करें अपने राष्ट्र पर गर्व करें। हम अपने राष्ट्र की संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाएं अपने राष्ट्र को साफ स्वच्छ रखें। राष्ट्रीय बढ़कर कुछ भी नहीं है अपने देश की उन्नति प्रगति के कार्य करें। राष्ट्र की एकता खड़का पर जो कुठाराघात करते हैं जो हमारे देश की संस्कृति हमारे धर्म पर कूदृष्टि रखते हैं । ऐसे लोगों से अपनी संस्कृति को बचाने का काम करें। इस अवसर पर माननीय खंड संचालक अशोक अग्रवाल, सुरेश कुशवाहा, अतेन्द्र आचार्य, सुरेश मिश्र, धर्मेंद्र सिंह तोमर तोमर, बादाम सिंह तोमर , गिरीश शर्मा, हरेंद्र गुप्ता सहित स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# जैनेश्वरी दीक्षा लेने वाली अनीता - ललिता की गोद भराई 16 को मुरैना में

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन



**मुरैना ।** दीक्षार्थी बहिनों की बिनोली यात्रा एवम गोद भराई का भव्य आयोजन 16 जनवरी को होने जा रहा है । बड़ा जैन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्राचार्य अनिल जैन द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार पूज्य गुरुदेव सराकोद्धारक आचार्यश्री ज्ञानसागर महाराज की सुशिष्या बाल ब्रह्मचारिणी अनीता दीदी सागर एवम ललिता दीदी मुरैना की जैनेश्वरी दीक्षा अतिशय क्षेत्र बड़ागांव (बागपत) में 20 जनवरी को छाणी परम्परा के सप्तम पट्टाचार्य ज्ञेयसागर महाराज के कर कमलों से होने जा रही है । इस अवसर पर गणिनी आर्यिका आर्षमति माताजी सहित छाणी परम्परा के अधिकांशतः साधु संत उपस्थित रहेंगे । दीक्षा के पश्चात अनीता एवम ललिता दीदी इस सांसारिक मोह को त्यागकर जैन साध्वी बन जायेगी । जैन सिद्धांतों के अनुसार दीक्षा से पूर्व दीक्षार्थी की बिनोली यात्रा एवम गोद भराई की रस्म की जाती है । इसी तारतम्य में अभी तक सागर, मुजफ्फर नगर, आगरा, ग्वालियर सहित अनेकों स्थानों पर गोद भराई हो चुकी है गुरुवार 16 जनवरी को बड़ा जैन मंदिर में शाम 5 बजे भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । जैन मंदिर कमेटी के मंत्री विनोद जैन ने बताया कि दोनों दीक्षार्थी बहिनों को हार मुकुट आदि से सुसज्जित कर घोड़ा बग्घी में सवार किया जाकर भव्य विनोली यात्रा निकाली जाएगी । भव्य विनोली शोभा यात्रा बड़ा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर सदर बाजार, हनुमान चौराहा, झंडा चोक, सराफा बाजार, लोहिया बाजार भ्रमण करती हुई श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर मुरैना पहुंचेगी। बड़े जैन मंदिर में उपस्थित सभी साधर्मी बंधु, माता बहिनें दीक्षार्थी बहिनों के पुण्य की अनुमोदना करते हुए पंच मेवा से गोद भराई की रस्म अदायगी करेंगी। ज्ञानतीर्थ परिवार की अनीता एवम ललिता दीदी काफी समय से आचार्यश्री ज्ञानसागर महाराज एवम आचार्यश्री ग्येयसागर महाराज के ससंघ सान्निध्य में ज्ञानतीर्थ मुरैना में संयम की साधना कर रहीं थी । अभी हाल ही में उन्होंने आचार्यश्री ज्ञानसागर महाराज के उत्तराधिकारी छाणी परम्परा के सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज को जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान करने हेतु श्रीफल भेट किया था । पूज्य आचार्यश्री ने अनीता दीदी एवम ललिता दीदी की साधना को देखते हुए त्रिलोकतीर्थ धाम बड़ागांव के प्राचीन मंदिर में 20 जनवरी को जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान करने की स्वीकृति दी ।

# मां गायत्री गौशाला में गौरक्षकों को नव वर्ष के कलेंडर देकर किया गया सम्मानित

## मकरसंक्रांति के पर्व पर पिकअप गाड़ी भरकर गौशाला में चारा लेकर पहुंचे राहवली उवारी के गौसेवक

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान



लहार नगर की मां गायत्री गौशाला में आश्रय पा रहे निराश्रित गौवंशो के लिए सुखा चारा लेकर पहुंचे राहवली उवारी के गौसेवकों को गौशाला संचालक पत्रकार,संतोष सिंह चौहान द्वारा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान अख़बार एजेंसी द्वारा जारी नववर्ष के कलेंडर देकर सम्मानित किया गया आपको वाता दे की गौरक्षकों की यह टीम द्वारा पिछले कई वर्षों से गौ सेवा के कार्य में सराहनीय योगदान दिया जा रहा है गौशाला में गायों को चारा पहुंचाने के सेवा कार्य में पवन उपाध्याय, बसंत टेहनगुरिया, अरुन बरुआ, अंकित तिवारी सत्यम कारिया अंशुल राजावत, वैभव सिंह राजावत प्रिंस उपाध्याय, पिंटू तिवारी, लालू कारिया आदि गौरक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सड़क पर चलते एवं वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें : टीआई कुशवाह

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन




**अम्बाह ।** महात्मा लोचनदास उच्चतर अम्बाह की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मनाए जा रहे राष्ट्रीय युवा सप्ताह के दूसरे दिन यातायात जागरूकता पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसके तहत छात्र छात्राएं कार्यक्रम अधिकारी विजय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस थाना पहुंचे। जहां टी आई सतेन्द्र सिंह कुशवाह ने छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सड़क पर चलते एवं वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों का पालन करें। सुरक्षित परिवहन हेतु दो पहिया वाहन चालक हेलमेट पहनें और चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। अपने वाहन को सदैव नियंत्रित गतिसीमा में चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें तथा नशे की हालत में ड्राइविंग न करें। पैदल आते जाते समय फुटपाथ और सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि आए दिन बीमारियों से उतनी मौतें नहीं होती जितनी सड़क दुर्घटनाओं में होती हैं। इसका कारण यातायात नियमों का पालन न करना तथा लापरवाही से वाहन चलाना है। अतः आप अपनी और अपनों की सुरक्षा के लिए स्वयं यातायात नियमों का पालन और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। इस अवसर पर शिक्षक राम सेवक शर्मा,राकेश पचौरी, राजकुमार तोमर, पूर्व स्वयं सेवक विपिन तोमर, दिलीप सुमन और रामविलास शर्मा मौजूद रहे।

### मुरैना में रात का पारा गिरा कोहरा छटा लेकिन शीतलहर बरकरार

**मुरैना।** मुरैना में रात के तापमान में कमी आई है। मंगलवार सुबह हल्का कोहरा रहा लेकिन उसके बाद मौसम साफ हो गया। हल्की धूप भी निकल आई है, लेकिन सर्दी का सितम जारी है और शीतलहर चल रही है। जिले का अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस है। यह पिछले दिन की तरह यथावत है। वहीं न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रहा पिछले दिनों की तुलना में 2 से 3 डिग्री नीचे गिर गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगर शीतलहर में इजाफा होता है और इसी तरह बढ़ती गई तो पहले की संभावना बन सकती है। अगर पाला पड़ा तो गेहूं और सरसों की फसल सहित सब्जियों की फसल पर भी इसका असर दिखाई देगा। फिलहाल ऐसी कोई संभावना दिखाई नहीं दे रही है इसलिए किसानों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। मौसम वैज्ञानिक हरविंदर सिंह का कहना है कि कोहरे में कमी आई है लेकिन शीत लहर यथावत है।

# कैलारस शक्कर कारखाने की जमीन नीलामी के विरोध में आंदोलन पूर्व विधायकों और किसान नेताओं ने की बैठक

**मुरैना।** मुरैना के कैलारस कस्बे के शक्कर कारखाने की भूमि नीलामी का मुद्दा गरमा गया है। इसे अवैध बताते हुए शक्कर कारखाना बचाओ समिति ने 18 जनवरी से विरोध प्रदर्शन शुरू करने की घोषणा की है। इसके लिए जौरा में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्थानीय किसान, पूर्व कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक महेश मिश्रा ने की। बैठक में पूर्व विधायक महेश मिश्रा ने कहा कि यह शक्कर कारखाना सहकारी नियमों के तहत स्थापित किया गया था। ऐसे में इसकी भूमि या अन्य संपत्ति की नीलामी शेयरधारकों की सहमति के बिना करना न केवल अवैध बल्कि असंवैधानिक है। उन्होंने सुझाव दिया कि समिति का नाम शक्कर कारखाना चलाओ समिति रखा जाए, जो कारखाने के संचालन को फिर शुरू करने की मांग को बल दे। समिति के ओमप्रकाश श्रीवास ने कहा कि किसानों, युवाओं और आम नागरिकों को सड़कों पर उतरकर नीलामी के खिलाफ आंदोलन करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सबसे प्रभावी माध्यम धरना होगा,



जिसमें सभी का सहयोग जरूरी है।

विधायक पंकज उपाध्याय ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री और कलेक्टर को पत्र लिखकर शक्कर कारखाने की भूमि नीलामी प्रक्रिया रोकने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि सात दिनों में नीलामी प्रक्रिया पर रोक नहीं लगती, तो हम बड़ा आंदोलन करेंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घर से राशन-पानी लेकर आएगा और जौरा विधानसभा के प्रत्येक गांव से कम से कम 100 लोग इस धरने में शामिल होंगे। बैठक में उपस्थित नेताओं ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने मुरैना में कैलारस शक्कर कारखाने को फिर चालू करने की घोषणा की थी, लेकिन इसके विपरीत नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर किसानों और युवाओं को धोखा दिया जा रहा है। यह विरोध राज्य सरकार की कथनी और करनी में अंतर को उजागर करता है। बैठक में बड़ी संख्या में किसान नेता, सामाजिक संगठन और आम जनता शामिल हुई। मौजूद प्रमुख लोगों में डॉ. मुरली लाल, अमर जगदीश राठौर, रामहेत त्यागी, धर्मेंद्र सिकरवार, संतोष सोलंकी, विनोद दुबे, साबिर पठान और अन्य गणमान्य लोग थे।

### आनंद उत्सव में उड़ाई पतंग

*मुरैना। आनंद उत्सव कार्यक्रम के तहत 14 जनवरी से 28 जनवरी तक जिले की जनपदों के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश थे। निर्देशों के तहत कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में संबंधित जनपद पंचायतों में आनंद उत्सव के तहत पतंग उड़ाई, कुर्सी रेस, खो-खो, बॉलीवॉल एवं क्रिकेट आदि प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें प्रमुख भूमिका जनपद सीईओ द्वारा आनंद उत्सव की टीम द्वारा किया गया।*

# जिला पंचायत सदस्य ने नदी के घाटो में लगवाये अस्थायी चेंजिंग रूम

**सीधी।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जिले के मेला क्षेत्रो में शासन द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं एवं कमियों को लेकर शोसल मीडिया पर विगत कई दिनो से आरोप प्रत्यारोप का दौर चल रहा था। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्व होता है। किन्तु जिले में सोन नदी के तट पर लगने वाले मेला क्षेत्रों में मातृ शक्तियों को स्नान के बाद खुले में वस्त्र बदलने में असहजता महसूस होती थी। जिसे देखते हुए जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा देवेंद्र सिंह ने अभिनव पहल करते हुए स्वयं के व्यय से सोन नदी के घाटों पर टेंट पण्डाल के द्वारा अस्थायी चेंजिंग रूप बनवाया गया जो मातृ शक्तियों के



सम्मान में सराहनीय पहल मानी जा रही है।

जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा देवेंद्र सिंह दादू ने बताया कि जिला प्रशासन की लचर व्यवस्था के चलते आमजनो के आग्रह पर मेला क्षेत्र में महिलाओं के लिये स्नान एवं वस्त्र परिवर्तन हेतु उत्तम व्यवस्था बनाई गयी है। आस्था के महाकुंभ के पर्व मकर संक्रांति के दिन प्रमुख नदियों के घाट पर स्नान, पूजन एवं मेलों का आयोजन किया जाता है। इसी कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत शिवपुर, मरसरहा में सोनभद्र के तट पर मेला का भव्य आयोजन हुआ। मेले एवं सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध मकर संक्रांति के त्यौहार के मद्देनजर स्वयं के व्यय पर स्थानीय मेले में वस्त्र परिवर्तन कक्ष अर्थात चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई। आमतौर पर यह देखा गया है की घाटों में शासन प्रशासन के द्वारा वस्त्र परिवर्तन कक्ष की व्यवस्था नहीं की जाती है कई वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे स्थानीय लोगों को श्रद्धा देवेंद्र सिंह दादू के द्वारा किए गए प्रयास से आराम मिला है। नदियों के घाट में स्नान के पश्चात वस्त्र परिवर्तन की समस्या लगातार मातृशक्तियों के लिए बनी रहती है। ऐसी स्थिति में कई बार उन्हें असहज स्थितियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में श्रद्धा देवेंद्र सिंह दादू के द्वारा की गई है व्यवस्था किसी सुखद अनुभूति से कम नहीं है। उक्त मेले में आए हुए कई ग्रामीण जनों ने इस कार्य की सराहना की है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दादू एवं जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा देवेंद्र सिंह दादू ने मकर संक्रांति एवं लोहड़ी की बधाई दी है।

# ठग ने कैमरे के सामने एटीएम बदल कर खाते से पार कर दी रकम


**सीधी।** पुलिस द्वारा लगातार साइबर फ्राड से बचने के लिये आमजनो को जागरूक किया जा रहा है। उसके बाद भी आए दिन लोग सायबर साइबर अपराधो के शिकार हो रहे हैं। ऐसा ही एक प्रकरण विगत दिवस बहरी थाना क्षेत्र के बाजार का सामने आया है। जहॉ दक्ष अपराधी पहले से ही अपने हॉथ में संबधित बैंक का एटीएम कार्ड लेकर पलक झपकते ही कार्ड बदल देता है और एटीएम धारक के बैंक खाते में सुरक्षित रखी रकम को पार कर देते हैं। उक्त प्रकरण का आवेदन बहरी थाना क्षेत्र में पीड़ित के द्वारा दे कर मद्द की गुहार लगाई गयी है। ठगी के शिकार पीड़ित ने बहरी पुलिस को बताया कि मैं ध्रुव कुमार द्विवेदी पिता मकसूदन द्विवेदी निवासी ग्राम फुलवारी तहसील बहरी जिला सीधी का मूल निवासी हूँ। 1× जनवरी 2025 को लगभग शाम 4 बजे बहरी तिराहा स्थित इंडिया बैंक के एटीएम में पैसा निकालने गया था। खाते में लगभग ×4×08 रूपये थे दो बार एटीएम से 10 हजार निकालना चाहा लेकिन पैसा नही निकला और खाते से पैसा कटने का मैसेज आया



लेकिन कुछ ही देर में तुरंत पैसा हमारा रिटर्न हो गया और फि लाईन में हमारे पीछे खड़ा अज्ञात व्यक्ति बोला कि आपसे पैसा निकालते नही बन रहा है लाईए हम पैसा निकाल देते हैं। हमने अपना एटीएम कार्ड उसको दे दिया उसने हमारे आँखो के सामने प्रयास किया लेकिन उसका पासवर्ड हमसे डलवाया और बाद में वह अपने हाथ में रखे एक दुसरा एटीएम कार्ड हमे दिया जो मंध्याचंल ग्रामीण बैंक का ही था एक समान एटीम कार्ड होने की बजह से हम अपना एटीम कार्ड पहचान नही पाए, उसकी धोखाधड़ी से अंजान थे शाम को जब घर वापस गया तब हमारे पैसे निकलने का मैसेज आने लगा हमने देखा की एटीएम हमारे पास होने के बावजूद भी पैसा निकल रहा है हमने तुरंत एटीम कार्ड बंद करवाने के लिए एटीएम हेल्पलाईन नंबर पर कॉल करके घटना की जानकारी देते हुए अपना एटीएम कार्ड ब्लाक करवाया तब तक हमारे खाते से पूरा रकम पार हो गयी थी।

# काशी विश्वनाथ धाम में हुई बाबा की भोग आरती

वाराणसी। मकर संक्रांति पर महाकुंभ में स्नान के बाद श्रद्धालुओं का काशी में पलट प्रवाह मंगलवार से शुरू हो गया। काशी के गंगा घाटों पर स्नान के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची। इस दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा की भोग आरती की गई। इस दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं को प्रसाद में खिचड़ी वितरित किया गया।



देश-विदेश में प्रख्यात प्राचीन व देवों की नगरी काशी में दर्शन-पूजन और स्नान दान का विशेष महत्व है। इस लिहाज से महाकुंभ में स्नान के बाद श्रद्धालु काशी भी आएंगे। 15 जनवरी से श्रद्धालुओं की भीड़ काशी में उमड़ने लगेगी। इधर, काशी भी उनकी आगवानी के लिए तैयार है। श्रद्धालु गंगा स्नान के साथ ही देवालयों और शिवालयों में दर्शन-पूजन करेंगे। बाबा विश्वनाथ धाम और कालभैरव मंदिर में काफी भीड़ होगी। महाकुंभ में स्नान के बाद काशी में 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

**अमृत स्नान पर बढ़ेगी भीड़** : महाकुंभ में तीन अमृत स्नान होंगे। 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और तीन फरवरी को बसंत पंचमी पर अमृत स्नान होंगे। इन दिनों और अगले दिन भी दोगुनी भीड़ होगी। इसके अलावा महाशिवरात्रि के अलावा एकादशी, प्रदोष आदि तिथियों पर भी स्नान के लिए भीड़ होगी। गंगा स्नान के साथ ही शिवालयों व देवालयों में दर्शन पूजन करेंगे।

## महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद सोलापुर के पूर्व मेयर की मौत

**प्रयागराज।** महाकुंभ पर संगम स्नान करने पहुंचे सोलापुर (महाराष्ट्र) के पूर्व महापौर महेश कोठे की मौत हो गई। मकर संक्रांति के मौके पर डुबकी लगाने के बाद उन्हें तेज ठंड लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते उनकी अटैक से मौत हो गई। ठंड में रक्त के थक्के के कारण उन्हें दिल का दौरा पड़ा। महेश कोठे अपने कुछ दोस्तों के साथ कुंभ मेले में हिस्सा लेने गए थे। महेश कोठे महाकुंभ मेले में स्नान करने के लिए आए थे। मकर संक्रांति के मौके पर उन्होंने संगम में डुबकी लगाई। कुछ देर बाद उन्हें ठंड लगने लगी। उनका खून जम गया और उन्हें अटैक आ गया।

# सीधी का भाजपा नेता रीवा से गिरफ्तार हाई प्रोफाइल नेत्री से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का लगा आरोप

**सीधी।** सीधी पुलिस ने भाजपा नेता अजीतपाल सिंह चौहान को एक हाई प्रोफाइल महिला नेत्री के साथ रेप और ब्लैकमेलिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। डैनिहा निवासी अजीतपाल को रीवा से गिरफ्तार कर मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 64(1), 308(5), 296, 251(3) और बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। इन धाराओं में रेप और ब्लैकमेलिंग कर धन वसूली के गंभीर आरोप शामिल हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के ने बताया कि अजीतपाल सिंह 3 साल पहले ही भाजपा में शामिल हुए थे। पार्टी के प्राथमिक सदस्य थे। उन्होंने अभी



तक सक्रिय सदस्यता भी नहीं ली थी।जांच में सामने आया है कि अजीतपाल का राजनीतिक प्रभाव काफी ज्यादा था। तीन साल पहले तक वह कांग्रेस के प्रमुख नेताओं में गिने जाते थे। उनके कुंडा के राजा भैया और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अमित जोगी से भी नजदीकी संबंध थे। जिसका प्रमाण उनकी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर मौजूद तस्वीरों से मिलता है, जो अब तेजी से वायरल हो रही हैं। एएसपी अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि महिला ने कुछ ऐसी धाराओं में केस दर्ज कराया है, जिन्हें फोन पर नहीं बता सकता। मंगलवार को आरोपी को जेल भेज दिया गया है। वहीं, इस मामले को लेकर कोतवाली पुलिस और एसपी से जानकारी लेनी चाही, लेकिन उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी। गिरफ्तारी के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की अनुमति से भाजपा के जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान ने अजीत पाल सिंह चौहान को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया है। उनका मानना है कि दुष्कर्म के मामलों सहित विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार किए जाने को लेकर पार्टी की छवि धूमिल हुई है।

# 11 जिलों में 49 सड़कों का होगा रेनोवेशन पीडब्ल्यूडी ने 132.70 करोड़ रुपए की सेंशन दी

**जयपुर।** राजस्थान में पिछले साल मानसून के दौरान टूटी सड़कों और पुरानी खराब सड़कों की मरम्मत के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने 132.70 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इस मंजूरी से पाली, जालोर, सीकर, टोंक समेत 11 जिलों की 49 सड़कों का रेनोवेशन करवाया जाएगा। इसमें सबसे ज्यादा पाली जिले की 16 सड़कें है, जो सभी पिछले साल हुई तेज बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी।

पीडब्ल्यूडी से जारी सेशन के मुताबिक इसमें 80 फीसदी सड़कें ग्रामीण एरिया की है, जो काफी समय से जर्जर हो चुकी थी। इसके अलावा एक मेजर डिस्ट्रिक रोड (एमडीआर) है, जो कोटा जिले में है। कनवास- से छीपड़दा तक है। इस रोड का सीमलिया से डीगोद और निमोदा हरिजी से छीपड़दा तक के हिस्से को रिपेयर करवाया जाएगा। इसकी लंबाई करीब 16 किलोमीटर है। इस सड़क के रिपेयर पर करीब 5.11 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसके अलावा कोटा जिले में ही स्टेट हाईवे 120 इटावा शहर में इटावा खातौली सड़क से इटावा पीपल्दा सड़क तक बाइपास रोड 3 किलोमीटर का स्वीकृत किया है, जिस पर करीब 5 करोड़ रुपए की लागत आएगी। स्वीकृति के तहत बालोतरा, टोंक जिले में 2-2, कोटा में 5, सीकर में 7, पाली जिले में 16, जालोर में 7, ब्यावर जिले में 4, श्रींगानगर में 3 और झुंझुनूं, चूरू, करौली जिले में एक-एक सड़कें हैं।



# युवा दिवस के रूप में मनाया स्वामी विवेकानंद जी का जन्मदिवस

## शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में हुआ युवा शक्ति पर केन्द्रित विविध गतिविधियों का आयोजन

केसरी हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

**महिदपुर।** शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में स्वामी विवेकानंदजी के जन्मदिवस 12 जनवरी 2025 को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इसके अन्तर्गत सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के साथ ही विविध गतिविधियों का आयोजन कर युवाओं को स्वामीजी के जीवन आदर्शों के प्रति प्रेरित किया गया।



महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आशा सक्सैना के मार्गदर्शन एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रज्ञा शर्मा के नैतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व प्राचार्य एवं पूर्व विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग शासकीय महाविद्यालय महिदपुर डॉ. पी. एस. पटेल ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम जिनका अनुसरण करते हैं, वैसे ही बन जाते हैं, अतः अनुसरण हमेशा आदर्श व्यक्तित्व का ही करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ जाकिरुद्दीन अहिंगर ने कहा कि स्वामीजी का उठो ,जागो और तब तक मत रुको जब तक की अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर लो वाक्य अपने आप में सफलता का मूल मंत्र है।सर्वप्रथम चूने से रेखांकित कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित स्टाफ सदस्य, अतिथिगण, जन सामान्य एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सामूहिक सूर्य नमस्कार व प्राणायाम कर इसका लाभ लिया। तत्पश्चात् प्रेरणा स्वरूप स्वामी जी के शिकागो व्याख्यान के वीडियो का प्रदर्शन किया गया, साथ ही भोपाल में आयोजित माननीय मुख्यमंत्री जी के युवा दिवस कार्यक्रम का भी सीधा प्रसारण किया गया।

**युवाओं ने भी दिखाई प्रतिभा** युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में युवाओं की प्रतिभा को प्रदर्शित होने का अवसर भी प्रदान किया गया। इसके अंतर्गत स्वामी विवेकानंद- युवाओं के लिए शाश्वत प्रेरणा विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में स्वामी जी के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों का प्रदर्शन किया गया। इन चित्रों की उत्कृष्टता की सभी ने सराहना की। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ प्रज्ञा शर्मा ने किया।

# डुडगांव में श्री रेवा गुर्जर महाविद्यालय सनावद द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का मंगलवार को समापन हुआ

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान 9977848634

**सनावद**-ग्राम डुडगांव में श्री रेवा गुर्जर महाविद्यालय सनावद द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। इस अवसर पर आयोजित समारोह में विधायक सचिन बिरला एवं अतिथियों ने शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। विधायक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अध्ययन के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में सहभागिता करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और ज्ञानवर्धन होता है। विधायक ने शिविर में भाग ले रहे विद्यार्थियों के उत्साह एवं परिश्रम की सराहना की। प्राचार्य अनुराग गीते ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित 7 दिवसीय शिविर के दौरान प्रभातफेरी,कैंप की सफाई, रक्तदान, स्वच्छता अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक विषयों पर चिंतन तथा बौद्धिक गतिविधियों का संचालन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सभी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस दौरान महाविद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर मीनाक्षी भावसार, समाजसेवी रामेश्वर भमोरिया, वरुण गुर्जर,राधेश्याम भटाण्या,रामदेव बिरला,पन्नालाल सेठ सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।




# सालाबर्रू में क्रिकेट टूर्नामेंट अमर शहीदों के नाम पर शुरू



दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

सिलवानी के ग्रामीण अंचल सालाबर्रू ग्राम में अपने महा नायकों की अमर गाथा को जीवंत रखने और उनके आदर्शों का अनुसरण करने के लिए कई कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित करते हैं जिनमें नाच, गायन, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं खेल गतिविधियाँ आदि शामिल हैं । महान स्वतंत्रता संग्राम बलिदानी शंकर शाह, रघुनाथ शाह जी के नाम पर आयोजित खेल प्रतियोगिता भी एक प्रयास है। जिससे नौजवान पीढ़ी हमारे महानायकों के जीवन आदर्शों, उनके त्याग, बलिदान और योगदानों के बारे में समझ बढ़ा सकें ताकि उनके गौरव और महान इतिहास के प्रति जागरूक हो सकें और स्वयं भी आदर्शवादी, चरित्रवान बनकर अपने लक्ष्य, प्रतिभा एवं व्यक्तित्व आदि का विकास कर सकें इसी प्रयास के चलते अमर शहीद बिरसा मुंडा जी एवं राजा शंकर शाह, रघुनाथ जी के नाम पर क्रिकेट खेल प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। पूर्व में ग्राम घोघरी और वर्तमान में शालाबर्रू ग्राम में आयोजन किया जा रहा है आप सभी महानुभावों का अमूल्य योगदान हमेशा सराहनीय रहा है। हम आशा करते हैं की आप सभी हमेशा की तरह इस वर्ष और भविष्य में भी हमारा मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे और अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति व सहयोग से हमारा मनोबल ऊँचा करेंगे। जी.एस. मर्सकोले, संरक्षक अमर वलिदानी शंकर शाह रघुनाथ शाह समीति ग्राम सालावरूं, राम सेवक पटैल पूर्व सरपंच, धनराज मरकाम, भैयाराम धुर्वे, राकेश पटैल, रामदास धुर्वे, फूल सिह राठोर, साहब सिंह पटैल, कुंजी लाल गंगोलिया, टीकाराम मरकाम आदि लोगों के सोजन्य से कार्यक्रम संचालित हो रहा है।

# पूर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत ने आक्याजागीर में की बैठक व महाआरती

गोविन्द नायमा केसरिया हिंदुस्तान

पांच सौ वर्षों का वनवास काट कर हमारे आराध्य प्रभु श्री राम तंबू से अपने महल में विराजित हुए हैं और हम ऐसी पीढ़ी है जिसने अपनी आंखों से प्रभु श्री राम का मंदिर बनते देखा है व उनकी प्राण प्रतिष्ठा होते भी हमने हमारी आंखों से देखा है भारत के लोकप्रिय देव पुरुष आदरणीय नरेंद्र मोदी जी की उपस्थिति में गत वर्ष 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या धाम में बड़े ही धूमधाम से की गई, प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनाने हेतु हम सभी नागदा में 21 जनवरी को शाम 5 बजे, दीनदयाल उपाध्याय चौराहे पर हनुमान चालीसा व महा आरती का आयोजन करेंगे, उक्त बात पूर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत ने गांव आक्याजागीर श्री राम मंदिर प्रांगण में कहीं इस अवसर पर मंचासीन अतिथि श्री राम मंदिर के महंत श्री अवधबिहारी दास जी महाराज, पूर्व जिला मंत्री जीवनसिंह आंजना, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश जाट, नगर पालिका खाचरोद के पार्षद बद्रीलाल सगीतला, आक्याजागीर के सरपंच बहादुरसिंह आंजना, केसरिया के सरपंच शेरसिंह सोलंकी, चंदोड़ीया के सरपंच प्रकाशसिंह गुर्जर, चापाखेड़ा के सरपंच संतोष नावटिया, चापानेर के सरपंच कमल धाकड़, घिनोदा से पूर्व जनपद सदस्य सत्यनारायण पाटीदार



कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल उपाध्यक्ष प्रहलाद बंबोरिया, व आभार पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहनलाल धाकड़ ने माना, कार्यक्रम में आसपास के गांवों से भी रामभक्त उपस्थित हुवे जिसमें युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष गोविन्द नायमा, पूर्व मंत्री निखिल मदारिया, किसान मोर्चा महामंत्री नानालाल बंबोरिया, युवा मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष सांवरिया अटोलिया, पिछड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष बाबूलाल पटेल, भंवरलाल सागीत्रा, देवीलाल अटोलिया, समरथ सेन, रामचंद्र अटोलिया, आत्माराम गरगामा, रणजीत नंदेडा, ओमदास बैरागी, रामेश्वर नायमा, बड़ीलाल पांचाल, समरथ प्रजापत, ईश्वर चौहान, नानूराम चौहान, रामलाल पांचाल, प्रभुलाल गाजी, ईश्वरलाल सागीत्रा, बद्रीलाल सागीत्रा, प्रमोद गोरगामा, बद्रीलाल देवड़ा, बालाशंकर सागीत्रा, जितेन्द्र अटोलिया, कन्हैयालाल मोटीया, नवीन परमार, अजय धाकड, देवीलाल ढोढरिया, गोविंद सालित्रा, भैय्यालाल आंजना, देवीलाल बंबोरिया, गोवर्धनलाल बंबोरिया, पुष्कर वाक्तरिया, आनंदीलाल वाक्तरिया, राकेश सिंह, राघवेंद्र सिंह सम्मिलित हुए !

# श्रद्धालुओं ने नर्मदा में लगाई आस्था और पर्व की डुबकी

## नर्मदा तटों पर मेलों का हुआ आयोजन

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा मकर संक्रांति पर पुण्य सलिला मां नर्मदा में डुबकी लगाने का विशेष ही महत्व है।जिसे लेकर तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न नर्मदा घाटों पर पहुंच कर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाते हुए पर्व विशेष का लाभ लेते हुए पुण्य अर्जित किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्थानीय तटों पर पहुंचे स्नान कर पूजन अर्चन किया। चूंकि एक दिन पूर्व सोमवती पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचे थे।साथ ही पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तटों पर मेलों का आयोजन किया गया है।इसी श्रंखला के चलते भगवान ब्रह्मा की तपस्थली ब्रम्हांड घाट बरमान में मकरसंक्रांति से लगने वाले 15 दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। वहीं तेंदूखेड़ा के अंतर्गत ककरा घाट बिल्थारी बारह सिमरिया छत्तरपुर घाट करोंदी शोकलपुर घाटों पर भी मेलों का आयोजन किया गया है। इन घाटों पर भी क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने सपरिवार पहुंच कर स्नान कर पूजन अर्चन किया तथा मेले में आनंद लुत्फ उठाया।

**मृगन्नाथ धाम में मेले का आयोजन:** ग्राम पीपरवानी पान की सुंदर सदाबहार वनों की सुगम्य पहाड़ी धरातल से लगभग 1700 फुट ऊंची पहाड़ी पर स्थित प्राचीन सिद्ध स्थल मृगन्नाथ धाम में भी परम्परागत मेले का आयोजन किया गया यहां पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। भगवान मृगन्नाथ जी के दरबार के सामने विशाल जल कुंड स्थित है जिसमें अंबोक पानी भरा हुआ है श्रद्धालु इस कुंड के जल से स्नान किया करते हैं। आगामी 30जनवरी से यहां पर सीताराम महायज्ञ का आयोजन भी किया जायेगा।

**बरमान मेले में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध:** पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट पर लगने वाले 15 दिवसीय मेले का 12 जनवरी को विधिवत शुभारंभ हो चुका है।मेले में पहुंचने वाले दर्शकों और स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं।जिन तिथियों पर अधिक भीड़ भाड़ रहती है उन तिथियों पर तैराकों की ड्यूटी लगाई गई है। नर्मदा घाट के दोनों तरफ होमगार्ड एस डी ईआर एफ बचाव दल को 5 फरवरी तक तैनात किया गया है।जो मोटरबोट इंजन लाइफ जैकेट रिंग रस्सा एवं आवश्यक बचाव सामग्री के साथ मौजूद रहेंगे। बरमान के रेत घाट सीढ़ी घाट के अलावा सूरजकुंड सहित विभिन्न स्थानों पर बल तैनात रहेगा।

# बाल भारती पब्लिक स्कूल, अनूपपुर सीईडी इंडिया द्वारा शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 3 स्टार रैंकिंग से सम्मानित

अनूपपुर बाल भारती पब्लिक स्कूल, अनुपपुर, जो अपने शीर्ष निकाय चाइल्ड एजुकेशन सोसाइटी (ष्टश्वस्), नई दिल्ली के मार्गदर्शन में और हिंदुस्तान पावर प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड , जैतहरी के सहयोग से संचालित होता है, ने प्रतिष्ठित सीईडी इंडिया इनिशिएटिव्स स्कूल लीडरशिप कॉन्फ्रेंस में 3-स्टार रैंकिंग प्राप्त की है। सीईडी इंडिया (A Training & Assessment Unit) एक मान्यता प्राप्त संगठन है, जो स्स्स्ध और नीति आयोग (भारत सरकार) के तहत पंजीकृत है। जो प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय की उनकी गुणवत्ता हेतु रैंकिंग प्रदान करती है। यह असाधारण उपलब्धि बीबीपीएस अनुपपुर परिवार के समर्पण, मेहनत और एकजुटता को दर्शाती है। हमारे प्रतिबद्ध शिक्षकों, मेहनती स्टाफ और प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी सामूहिक मेहनत और उत्कृष्टता के प्रति अपने जुनून से यह साबित कर दिया है कि टीमवर्क और दृढ़ संकल्प के साथ यह संभव है। इस अवसर पर विद्यालय अपने शीर्ष निकाय चाइल्ड एजुकेशन सोसाइटी (ष्टश्वस्), का हार्दिक धन्यवाद करता है, जिनके दूरदर्शी मार्गदर्शन और निरंतर समर्थन ने हमारी सफलता की मजबूत नींव रखी। साथ ही, हम हिंदुस्तान पावर प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड` भी आभारी हैं, जिनके सहयोग ने हमें यह मील का पत्थर हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



प्राचार्या श्रीमती उन्नति जोशी ने इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय मान्यता न केवल गर्व का क्षण है बल्कि हमें आगे की ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करती है।

# अन्य पिछड़ा वर्ग का अपनों को जाने नव वर्ष मिलन समारोह एवं स्नेह भोज संपन्न

राजेंद्र खरे कटनी

विगत दिवस चौरसिया मैरिज गार्डन छपरवाह कटनी में आयुध निर्माणी अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी कल्याण संगठन कटनी के सौजन्य से अपनों को जाने नव वर्ष मिलन समारोह एवं स्नेह भोज का आयोजन किया गया। आयोजन में मुड़वारा के लोकप्रिय विधायक श्री संदीप जायसवाल जी मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिन्होंने आयुध निर्माणी कार्यसमिति में निर्वाचित हुए श्री यादोराव लोखंडे जी एवम श्री नरेंद्र पटेल।जी के साथ सभी पदोन्नति पाए कर्मचारियों को पुष्पमाला पहनाकर बधाई दी।*
*कार्यक्रम में डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड के लोकप्रिय पार्षद श्री लव साहू जी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। रेलवे के अन्य पिछड़ा वर्ग के मंडल अध्यक्ष श्री जेपी गुप्ता जी विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप रेलवे के अन्य पदाधिकारियों के साथ शामिल हुए।श्री दिनेश विश्वकर्मा जी मंगलनगर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। आयुध निर्माणी अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी कल्याण संगठन की ओर से मुख्यताः अध्यक्ष श्री बीरेन्द्र वर्मा ,सचिव श्री अरविंद यादव ,कोषाध्यक्ष श्री अमित विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष श्री दीपक पंत,श्री हरिशंकर यादव जी के साथ संगठन की आधारशिला रखने वाले श्री शिवचरण पटेल जी एवम श्री सत्यनारायण चौरसिया जी।



उपस्थित रहे अन्य वरिष्ठ सदस्यों में सुनील पाल, रामबचन प्रजापति, जे. एल. हल्दकार, शकील अहमद, राजेश विश्वकर्मा, रामनाथ सेन, उमेश विश्वकर्मा, जितेंद्र रहँगडाले, पवन मुछाल, सूरजपाल वर्मा, संतोष रजक, जितेंद्र साहू, हरि कृष्ण यादव, सुमित राव, यादोराव लोखंडे, यशवंत पटेल, मनोज यादव, अमित सुमन, ओमप्रकाश नायक, राजेश सोनी, संजय जयसवाल उपस्थित रहे।

# मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन शासकीय अस्पताल में किया गया



आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान 9977848634

सनावद - लायंस क्लब ओंकारेश्वर अनंत एवं शंकरा आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन शासकीय अस्पताल में किया गया। क्लब के अध्यक्ष मुश्ताक मलिक ने बताया कि शिविर में 136 मरीजों का परीक्षण किया गया तथा 47 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। चयनित मरीजों का ऑपरेशन इंदौर में करवाया जाएगा। क्लब के झोन चेयर पर्सन जाकिर हुसैन अमी ने बताया कि मोतियाबिंद शिविर आयोजन तथा ऑपरेशन का सिलसिला प्रतिमाह जारी है। इंदौर में मरीजों के ऑपरेशन,आवास,भोजन आदि की व्यवस्था निःशुल्क रहती है।समाजसेवी संस्था सद्गुरु परिवार राजकोट द्वारा सभी मरीजों को कंबल वितरित किए जाएंगे। इस दौरान क्लब के सचिव हरीश पुरोहित, हॉस्पिटल के अखूलाकुल, लालसिंह, प्रवीण वर्मा उपस्थित थे।

# कांग्रेस जिला प्रभारी सुखेंद्र सिंह बन्ना की नियुक्त होने पर प्रथम जिला आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ता करेंगे स्वागत

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष मयंक त्रिपाठी ने बताया जिला कांग्रेस संगठन के प्रभारी आदरणीय श्री सुखेंद्र सिंह बन्नाजी की नियुक्त होने पर प्रथम जिला आगमन पर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा कल दोपहर 12ः00 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय मेंहोगा भव्य स्वागत एवं पदाधिकारी पार्टी कार्यकर्ताओं, विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी,युवा कांग्रेस के सभी अध्यक्ष, एनएसयूआई की सभी अध्यक्ष,महिला कांग्रेस,से मुलाकात एवं चर्चा कर बैठक के माध्यम से संगठन को मजबूत करने का निरंतर प्रयास किया जाएगा श्री सुखेंद्र सिंह बन्ना जी15 तारीख दिन बुधवार को अनूपपुर विधानसभा के अंतर्गत जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक रखेंगे,एव्म् 16 तारीख को पुष्पराजगढ़ विधानसभा की बैठक कर दोपहर 3, बजे कोतमा विधानसभा की बैठक करेंगे ।पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीविभिन्न सेक्टर एवं मंडल के अध्यक्षों एवं पदाधिकारीएनएसयूआई युवा कांग्रेससभी पदाधिकारी से अपील की अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रभारी का स्वागत करते हुए अपने विचार रखें ।





# नहीं रहे श्याम लाल जैन

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा नगर के प्रतिष्ठित जैन समाज के एवं मुकेश जैन विलगुंवा वालों के पूज्य पिता श्री श्याम लाल जैन की अचानक हृदयगति रुक जाने से असमय दुखद निधन हो गया। श्याम लाल जी अपने दामाद की श्रंद्धाजलि कार्यक्रम में करेली गये हुये थे कि अचानक वहीं पर हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया था जिन्हें तेंदूखेड़ा में अंतिम विदाई दी गई।

# बच्चों! मुसीबत में जयगुरुदेव नाम बोलकर मदद ले सकते हो : परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज

**डांटने कि बजाय समझाने से बच्चे अच्छे बनेंगे**

**(गोण्डा)।** परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने सतसंग में बताया कि आजकल के बच्चे, संगत के असर से, गलत दिशा में जाने लगे हैं, उनकी देखभाल की जिम्मेदारी उनके माता - पिता और घरवालों की बनती है। आप कमाने खाने में तो लगे ही रहते हो और उसी तरह की बात इन बच्चों से भी करते हो तो बच्चे सीख नहीं पाते। मारने पीटने की बजाय, डांटने की बजाय इनको समझाओगे तो यही बच्चे बहुत अच्छे निकल जाएंगे।

**बच्चों को अच्छे संस्कार दीजिए और देखभाल कीजिए:** अगर बच्चों को भी सतसंग, सेवा, सुमिरन, ध्यान और भजन में लगाए रहोगे, तो इससे इनके संस्कार बनेंगे। अगर संस्कार आपने नहीं बनाया और इन बच्चे-बच्चियों पर ध्यान नहीं दोगे तो आगे चल कर यही गलत बच्चों के साथ पड़ करके बिगड़ जाएंगे। आपकी सब मेहनत बेकार चली जाएगी। ये जो कमाते हो इनके लिए, वो सब ये बर्बाद कर देंगे। आपकी जो इनसे उम्मीद है कि अच्छे औहदे पर जाएंगे, हमारा नाम करेंगे, देश सेवा करेंगे, इन सब आशाओं पर पानी फिर जायेगा। इसलिए बच्चों का ध्यान रखो। बच्चें कहां गए घर से निकलने के बाद, स्कूल पहुंचे कि नहीं पहुंचे? गलत बच्चों के साथ तो नहीं पड़ गए। शाम को लौटें तो प्यार के साथ पूछ लो कि क्या पढ़ा,



क्या पढ़ाया, होमवर्क क्या दिया? इन सब चीजों की जानकारी जब रखोगे तो बच्चों को भी यह रहेगा कि हां पूछताछ होगी। हमको स्कूल जाना चाहिए। अच्छे बच्चों का साथ करना चाहिए। यह ज्यादा जरूरी है।

**जयगुरूदेव नाम की नामध्वनी बोलना और पढ़ाई खूब मेहनत से करना:** बाबा जी ने बताया, बच्चों देखो कोई भी मुसीबत में पड़ जाओ, कोई भी तकलीफ हो तो जयगुरुदेव नाम बोलना। अब ये जयगुरुदेव नाम याद कैसे रहेगा- जब रोज जयगुरुदेव नाम की ध्वनि बोलोगे तब जयगुरुदेव नाम फट से मुंह पर आ जाएगा और नहीं तो जिनको रोज याद करते हो मम्मी-मम्मी, पापा-पापा, दादा-दादा, वही याद आएंगे उस समय वह बचा नहीं पाएंगे। इसलिए जयगुरुदेव नाम की ध्वनि रोज बोलना रहेगा। परीक्षा के समय कोई सवाल भूल जाओ, तब आंख बंद करके जयगुरुदेव नाम की ध्वनि बोल देना अंतर में थोड़ी देर। उस वक्त पर जो सवाल का जवाब दिमाग में आ जाएगा, वही लिख करके चले आना। सवाल कोई मत छोड़ना कि हमको नहीं आता है। लिख करके चले आना और पढ़ाई अगर किए रहोगे एक बार भी अगर पढ़ लोगे तो उस समय में वो याद आ जाएगा और अगर याद आ जाएगा तो लिख दोगे। अच्छे नंबर पा जाओगे। जयगुरूदेव नाम की ध्वनि ,बच्चों और बच्चियों सब लोग बोलो और परिवार के लोगों को बुलवाओगे तो बएहुत कुछ तकलीफें जो आपकी बनी रहती हैं इसी से कम हो जायेंगी।

# अल्पविराम स्वयं से स्वयं की मुलाकात का अवसर है-डॉ. कश्यप



**केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन धार**

**धार।** आज के आधुनिक भौतिक सुविधाओं के युग में मनुष्य तनाव, असंतोष एवं नकारात्मकता के जाल में फंस गया है। एक पड़ोसी दूसरे पड़ोसी की सुविधा एवं उन्नति को देखकर उसे पचा नहीं पा रहा है। किसी में जलन और ईर्ष्या तो किसी में अहंकार घर कर गया है। ऐसे समय में हम जाने अनजाने में मानसिक बीमारियों और दुर्गुणों का ग्रास बनते जा रहे हैं। इन सब से निकलने का मार्ग स्वयं से स्वयं की मुलाकात एवं स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार है जो अल्पविराम लेने से स्वत संभव है। उक्त अनुभव एवं विचार 3 मिनट का मौन अभ्यास एवं प्रतिभागियों को प्रसन्न करने वाली गतिविधि करवा कर जिला समन्वयक डॉ. दिनेश कश्यप आनंद विभाग जिला धार ने कहीं। आपने कहा कि यह कार्यक्रम हमें यह सिखाता है कि जीवन की असली खुशी बाहरी उपलब्धियां नहीं बल्कि अपने भीतर की कमियों को पहचान एवं उन्हें सुधारने से आती है। आत्मनिरीक्षण हमें दूसरों के साथ बेहतर संवाद और संतुलित संबंध बनाने की श्रेष्ठ विधि है इसका सतत अभ्यास हमारी समझ को बढ़ाता है ।

# जिले के थानों की हवालातों में बंदियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उप पुलिस

**केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन**

महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक धार श्री मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने हेतु जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व्दारा थानों के हवालातों का औचक निरीक्षण किया गया।

उप पुलिस महानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक धार श्री मनोज कुमार सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार डॉ0 इंद्रजीत बाकलवार के मार्गदर्शन में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व्दारा दिनांक 13.01.2024 को जिले के समस्त थानों एवं चौकियों में स्थित बंदी हवालातों को औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही थाने के स्टाफ को हवालात में बंद बंदियों की



सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिससे भविष्य में कोई भी प्रतिकूल परिस्थिति उत्पन्न ना हो।

थानों के प्रधान आरक्षक लेखक व स्टाफ को हवालात में बंद बंदियों को थाने पर लगे सीसीटीव्ही कैमरे से लगातार निगरानी रखने, प्रतिदिन हवालातों को चेक करने, साफ-सफाई रखने, व बंदियों के आने पर अच्छी तरह से चैक करने के बाद ही हवालात में दाखिल करने संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये गये। जिले के समस्त थानों व चौकियों का उक्त औचक निरीक्षण लगातार वरिष्ठ अधिकारियों व्दारा किया जावेगा।



# प्रथम नगर आगमन पर जनपद अध्यक्ष का ढ़ोल नागाड़ो से स्वागत

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान दीपेन्द्र पटैल**

**हटा** नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष श्री गंगाराम पटेल ग्रह ग्राम देवरी पहुंचने पर डोल नागाड़ो के साथ सभी ग्राम बासियो द्वारा स्वागत किया गया प्रकाश पटैल ने बताया की यह पल हमारे जनपद के गौरव के है मेरे देवरी की शान है बड्डा हमारे सभी ग्राम बासियो द्वारा रग गुलाल फूल मलाओ से स्वागत किया गया सरपंच रामकुमार पटैल,खेमचंद महेड़िया, गोविन्द पटेल, राजेंद्र मिश्रा, माखन पटेल, प्रकाश पटेल,कैलाश पटेल, बाबू पटेल, विजय पटेल, रामा सेन, गोपाल प्रजापति, सिद्दू अठ्या, कमल पाण्डेय, बच्चे एवं महिलाओ आदि की उपस्थित रही

# स्कूल शिक्षा मंत्री ने किया स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब का लोकार्पण

**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

तेंदूखेड़ा विगत दिवस स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी में 4 लाख की लागत से निर्मित स्मार्ट क्लास और 6 लाख 50 हजार रुपए की लागत से निर्मित आईसीटी लैब का लोकार्पण छात्रों से रिबन काटकर कराया गया। शिक्षा मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए स्मार्ट क्लास और लैब के माध्यम से बच्चों को विशेष सुविधा प्रदान की जायेगी ।उल्लेखनीय है कि स्मार्ट क्लास में फर्नीचर मॉनिटर और



आईसीटी लैब में कंप्यूटर प्रिंटर और बच्चों को स्मार्ट टीवी एवं डिजिटल पैड की सुविधा बच्चों को आसानी से प्राप्त होगी। संस्था द्वारा एक मांग पत्र शिक्षा मंत्री को सौंपा गया जिस पर उन्होंने शाला परिसर में पेपर ब्लॉक के लिए घोषणा की गई। आगामी समय में इस संस्था को और भी बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इसके उपरांत 37 करोड रुपए की लागत से निर्मित होने जा रहे सीएम राइस विद्यालय के नए भवन का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा बंदना पटेल पूर्व विधायक भैयाराम पटेल जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार विकासखंड शिक्षा अधिकारी जनशिक्षक संकुल प्राचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश सेन के द्वारा किया गया तथा आभार संस्था के वरिष्ठ शिक्षक गोठल सिंह पटेल के द्वारा व्यक्त किया गया।



# यातायात नियमों का पालन करें वाहन चालकों को दी समझाइश एवं जागरूकता संबंधी पंपलेट किये वितरित

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**दमोह** - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के मार्गदर्शन में परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश देकर जागरूकता संबंधी प्रचार साहित्य का वितरण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में आज यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों को समझाइश दी गई एवं उन्हें जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किये गये।

**जेपी हॉस्पिटल में शुरू हुई एमआरआई जांच**

# रोजाना 10 से 15 मरीजों को हो रहा फायदा; डिप्टी सीएम कल करेंगे औपचारिक उद्घाटन

भोपाल। जेपी अस्पताल प्रदेश का पहला जिला अस्पताल बन गया है, जहां मरीजों को एमआरआई जांच की सुविधा मिल रही है। रोजाना 10 से 15 मरीजों की जांच हो रही है। वहीं, मशीन की क्षमता की बात करें तो यह एक दिन में करीब 40 जांच कर सकती है। जानकारी के अनुसार, नई सुविधा का औपचारिक उद्घाटन बुधवार को उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल करेंगे। उनके निर्देश पर बिना औपचारिक शुभारंभ के सेवा शुरू कर दी गई, ताकि मरीजों को उपलब्ध सुविधा के बावजूद निजी केंद्रों में जाने को मजबूर न होना पड़े। एमआरआई जांच केंद्र में मौजूद कर्मचारियों के अनुसार, यह सुविधा एम्स और जीएमसी से कम दामों में उपलब्ध है। यह केवल जेपी अस्पताल के मरीजों के लिए है। उन्हें यह सुविधा सीजीएचएस दरों से भी 30त्न कम कीमत पर दी जा रही है। वहीं, अन्य सरकारी और निजी अस्पतालों से आने वाले मरीजों के लिए अलग दरें तय की गई हैं, जिनका खुलासा औपचारिक शुभारंभ के दिन किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि जेपी अस्पताल समेत प्रदेश के 6 जिला अस्पतालों में एमआरआई जांच शुरू होनी है।



जेपी अस्पताल के बाद यह सुविधा ग्वालियर के जिला अस्पताल में शुरू की जाएगी।

इन अस्पतालों में 1.5 टेस्ला एमआरआई मशीन से ट्यूमर, आर्थराइटिस, फेफड़ों में संक्रमण, कंधे की चोट, सिर की चोट, कैंसर समेत कई अन्य बीमारियों की जांच की जा सकेगी। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग इन मशीनों को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर स्थापित कर रहा है।

## भोपाल में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

**भोपाल।** भोपाल में ओम शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा लोहड़ी का त्योहार बड़े ही उत्साह और परंपरागत तरीके से मनाया गया। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि गौतम नगर में आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यावरण की रक्षा को ध्यान में रखते हुए गो-काष्ठ का उपयोग कर अग्नि प्रज्ज्वलित की गई। समारोह में सदस्यों ने भांगड़ा नृत्य किया और परंपरागत प्रसाद के रूप में रेवड़ी और मूंगफली का वितरण किया गया। इस अवसर पर नवविवाहित जोड़े पुनीत भटेजा और गुंजन भटेजा को मंडल के सदस्यों ने सुखमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं और आशीर्वाद दिया।

# सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों ने बढ़ाई चिंता




भोपाल। राजधानी में सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों की बढ़ती संख्या से कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सोमवार को कलेक्टोरेट में आयोजित टाइम लिमिट बैठक के दौरान नाराजगी जाहिर की। बैठक की शुरुआत में जब तहसीलदार नदारद मिले, तो एसडीएम ने बताया कि वे सामूहिक अवकाश पर हैं। कलेक्टर बोले- राजस्व का काम पेंडिंग है, तहसीलदारों को नोटिस जारी करो। कलेक्टर की सख्ती की खबर जैसे ही तहसीलदारों तक पहुंची, वे शाम की समीक्षा बैठक में हाजिर हो गए। शाम को जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर ने हुजूर तहसील की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की और खुद 100 से अधिक शिकायतों का निराकरण किया।

पटवारियों को सख्त चेतावनी- बैठक में कलेक्टर ने पटवारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा, शिकायतों का समाधान समय पर नहीं हुआ, तो कार्रवाई आप पर होगी।

# शशांक भूषण बने भाजपा के नवागत जिलाध्यक्ष विद्यार्थी परिषद से की थी राजनीतिक जीवन की शुरुआत

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

सोशल मीडिया पर सबसे रोचक और चुनौती पूर्ण राजनितिक तर्क वितर्क के बाद श्योपुर जिले में भाजपा जिलाध्यक्ष की कमान विद्यार्थी परिषद के समय से ही भाजपा की रीति नीति को धारण कर चुके उसे कर्मठ कार्यकर्ता को सौपी गई हैं, जिसे अभी तक राजनीति के दिग्गजों द्वारा पिछली पंक्ति का नेता समझा जा रहा था! भाजपा के चुनाव प्रभारी आलोक संजर ने श्योपुर जिलाध्यक्ष के रूप में शशांक भूषण की अधिकृत रूप से घोषणा कर सोशल मीडिया पर राजनीतिक व्यंग कसने वालों पर



विराम लगा दिया है! साथ ही उन नेताओं के सपने भी धूमिल कर दिए हैं जो रोज रात को तकिए के नीचे अध्यक्ष बनने की पर्ची रखकर सोते थे! भाजपा के नवागत जिलाध्यक्ष बनाए गए भूषण का राजनीतिक सफर भी बड़ा ही अनोखा रहा उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता के रूप में की थी! अपने सौम्य स्वभाव और सबके सम्मान के साथ-साथ विद्यार्थी परिषद के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष, और भाजपा जिला महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने के बाद उन्हें भाजपा जिलाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंप गई!

अध्यक्ष की दौड़ में तो भूषण शुरू से ही थे, कुछेक नेता उनके अध्यक्ष बनने को लेकर संयस व्यक्त कर रहे थे! लेकिन वरिष्ठ नेता के निर्णय ने सारी कलियां खिल कर रख दी हैं! शशांक भूषण के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने के बाद सही सोशल मीडिया पर बदायूं का दौर शुरू हो गया हैं!

**भोपाल के वन विहार में दिखेंगे एशियाई शेर**

# 21 दिन का क्वारेंटाइन पूरा; गुजरात के जूनागढ़ से आया है जोड़ा

भोपाल। भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में लोग जल्द ही एशियाई शेरों के दीदार कर सकेंगे। इनकी 21 दिन की क्वारेंटाइन अवधि पूरी हो गई है। ऐसे में 20 जनवरी से पहले इन्हें बाड़े में छोड़ा जा सकता है। गुजरात के जूनागढ़ से एशियाई शेरों का जोड़ा 21 दिसंबर को भोपाल लाया गया था। उन्होंने 5 दिन में 1000द्मद्व का सफर तय किया था। इसके बाद इन्हें 21 दिन तक क्वारेंटाइन रखा गया था। 11 जनवरी को यह अवधि पूरी हो गई। अब इन्हें दीदार के लिए बाड़े में छोड़े जाने का प्लान है। वन विहार के डिप्टी डायरेक्टर एसके सिन्हा ने बताया, दोनों शेरों को बाड़े में अलग-अलग रखा गया है। डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। डॉक्टरों के ओके के बाद शेरों के दीदार लोग कर सकेंगे। बता दें कि नर और मादा शेर की उम्र करीब 3 साल है। पहले



दिन पिंजरा खुलते ही शेरों ने अपने बाड़े में छलांग लगा दी थी। हालांकि, पहले वे थोड़े डरे-सहमे नजर आए थे लेकिन फिर इधर-उधर मंडराने लगे। खाने के लिए उन्हें मीट भी दिया गया। इसके बाद वे माहौल में ढल गए हैं। वन विहार का 9 सदस्यीय दल 17 दिसंबर को जूनागढ़ के सक्करबाग चिड़ियाघर में शेर को लेने पहुंचे थे, जो 21 दिसंबर की शाम को भोपाल पहुंच गए थे। इस टीम में वन विहार के इकाई प्रभारी पर्यटन एव सहायक वन्यप्राणी चिकित्सक भी शामिल थे। वन विहार में पहले 3 शेर थे। जिनमें सत्या, गंगा और नदी शामिल हैं। नंदी और सत्या नंदन कानन चिड़ियाघर से लाए गए थे। अब 2 लॉयन और आ गए। इसके बाद यहां 2 नर और 3 मादा शेर हो गई है। गुजरात ने वन विहार नेशनल पार्क की बात 16 साल बाद मानी और चार साल के शेरों का जोड़ा दिया है। इसके बदले में बांधवगढ़ नेशनल पार्क से लाए गए बाघ बी-2 और बाघिन बंदनी सक्करबाग चिड़ियाघर भेजे हैं।

इनकी उम्र क्रमशः 7 और 6 साल है। 2006 से गिर के शेर लाने के प्रयास चल रहे थे। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के निर्देश के बाद भी गुजरात वन विभाग व चिड़ियाघर प्रबंधन युवा बाघों के बदले बूढ़े शेर देने की पेशकश कर रहा था। वन विहार प्रबंधन ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। मप्र सरकार लगातार गिर से सिंह लाने का प्रयास कर रही थी। जूनागढ़ से आ रहे शेर के जोड़े से ब्रीडिंग प्रोग्राम को गति मिलेगी। वहीं मादा सिंह गंगा को नया साथी मिलेगा।

# सवा करोड़ से अधिक रुद्राक्षों को किया जाएगा अभिमंत्रित

## कुबेरेश्वरधाम पर अब नहीं आएगी श्रद्धालुओं को दिक्कत, कुंभ की तर्ज पर किया इंतजाम

**कथा में आने वाले श्रद्धालुओं के चाय, नश्ते, भोजन, पेयजल, शौचालय और वाहनों के पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था**

**25 जनवरी से रुद्राक्ष वितरण का क्रम थम जाएगा, 25 मार्च से होगा आरंभ**

**देश भर के साधु संत पहुंचेंगे धाम पर आशीर्वाद लेने**



नितिन जोहरी
दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में आगामी 25 फरवरी से होने वाले सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर विठलेश सेवा समिति के द्वारा तैयारियां एक माह पूर्व से शुरू कर दी है। इसको लेकर मंगलवार को शहर के लुनियापुरा चौराहा स्थित एक निजी गार्डन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया था। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने शहर सहित आस-पास से आए पत्रकार बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत नहीं हो इसके लिए प्रशासन, क्षेत्रवासी और समितियां पूरी तरह से एकजुट है और सात दिवसीय महोत्सव में सुबह रुद्राक्ष से बनाए गए शिवलिंग का अभिषेक किया जाएगा, इसके अलावा दोपहर में कथा और रात्रि में सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस बार रुद्राक्ष महोत्सव में सवा करोड़ से अधिक रुद्राक्षों को अभिमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चाय, नश्ते, भोजन, पेयजल, शौचालय और वाहनों के पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी।

मंगलवार को पत्रकारवार्ता के दौरान समिति की ओर से जानकारी देते हुए पंडित समीर शुक्ला ने बताया कि कथा स्थल पर ही श्रद्धालुओं को बैठने और ठहराने आदि के लिए चार डोम का निर्माण किया जाएगा। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं कथा का श्रवण कर सकते है। इसके अलावा बीस एकड़ से अधिक में कमरे आदि का निर्माण किया जा रहा है। वहीं हजारों की संख्या में सेवादार अपनी सेवा देंगे।

**कुंभ की तरह होगा आयोजन:** प्रेसवार्ता के दौरान पंडित श्री मिश्रा ने कहा कि उप्र में कुंभ चल रहा है। जिसके कारण बड़ी संख्या में भगवान शिव की पवित्र भूमि कुबेरेश्वरधाम में आएंगे, इस साल पिछले साल के अनुमान से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। जिसके लिए जिला प्रशासन ने सोमवार को समिति के साथ बैठक की है। कथा के दौरान बेहतर इंतजाम करने एवं लोगों की सुरक्षा के साथ ही नेशनल हाईवे पर आवागमन सुगम बनाए रखने के लिए मार्ग परिवर्तित करने तथा वैकल्पिक मार्ग के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कथा के दौरान पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय, पार्किंग, हेल्थ कैम्प, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, कन्ट्रोल रूम, सहायता केंद्र, मार्ग मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। स्टेशन से कुबेरेश्वर धाम तक चलने वाले ऑटो, टैक्सी तथा पार्किंग की दर निर्धारित करने के भी प्रशासनिक अधिकारियों ने निर्देश दिए।

**सुबह से लेकर देर रात्रि तक रहेंगे धार्मिक कार्यक्रम :** भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में रुद्राक्ष महोत्सव के सात दिवसीय कार्यक्रमों का श्रीगणेश किया जाएगा। इसमें सुबह रुद्राक्ष से बनाए गए शिवलिंग का अभिषेक किया जाएगा, इसके अलावा दोपहर में कथा और रात्रि में सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस बार रुद्राक्ष महोत्सव में एक करोड़ से अधिक रुद्राक्षों को अभिमंत्रित किया जाएगा।

# जनपद उपाध्यक्ष ने किया ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल
राजू मेहरा..9425727854



शमशाबाद ।नेहरू युवा केंद्र जिला विदिशा द्वारा हाई सेकेंडरी विद्यालय बर्धा में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नटेरन जनपद उपाध्यक्ष श्री नीलेश किरार (धाकड़) द्वारा मां सरस्वती की पूजन अर्चना कर खेल प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया खेल प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र से आये छात्र छात्राओ ने रास्सा खेंच,खो खो, गोला भेंक,दौड़ आदि खेलों में बढ़ चढ़कर खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया खेल प्रतियोगिता में विजेता हुए प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र छात्राओ को जनपद उपाध्यक्ष नीलेश धाकड़ जी द्वारा बा जनपद प्रतिनिधि जमुना गुर्जर जी बा ग्राम पंचायत सरपंच वर्धा प्रहलाद सिंह कुशवाहा द्वारा,स्कूल के संकुल प्राचार्य गौतम जी,ओर नेहरू युवा केंद्र समन्वयक नटेरन अभिषेक शर्मा आदि द्वारा बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा जनपद उपाध्यक्ष ने कार्यक्रम में बताया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी तथा मध्य प्रदेश के मुखिया मोहन यादव जी और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश का जो विकास हो रहा है आज वो किसी से छुपा नहीं है आज हमारा मध्य प्रदेश विकास से विकसित मध्य प्रदेश की ओर आगे बढ़ रहा है शिक्षा,रोजगार,बहुत विकास हुआ है तथा उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता आदि से भी अच्छा खेलने वालों का भविष्य उज्जवल है इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टाप तथा ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक जनसंख्या में कार्यक्रम देखने लोग उपस्थित हुए

# संरक्षक सदस्यों एवं पदाधिकारियो द्वारा स्मारिका का विमोचन मंच पर किया

**450 से अधिक युवक-युवतियों की आई थीं प्रविष्ठियां, मध्यप्रदेश के अलावा हरियाणा से भी आए थे समाजजन**

**वर्तमान समय में एकता बेहद जरूरी, ऐसे आयोजन संगठित करते हैं- पंडित प्रदीप मिश्रा**



नितिन जौहरी
दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीहोर।** आज के समय में संगठित रहना समय की जरूरत है। इसके लिए पहल होना आवश्यक है। सीहोर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा परिचय सम्मेलन के आयोजन की पहल की गई ये गौरवान्वित करने वाला आयोजन है। यहां पर सर्व ब्राह्मण समाज के लोगों ने एक मंच पर एकत्रित होकर जहां एकता का परिचय दिया गया है, वहीं संगठित समाज की परिभाषा को और ज्यादा मजबूत किया है। ऐसे आयोजन समाज को संगठित करने के लिए बेहद जरूरी है। ये बातें मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कही। वे सीहोर के यशराज गार्डन में सर्व ब्राह्मण एकता मंच सीहोर द्वारा आयोजित सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इस दौरान यहां उपस्थित लोगों ने भी उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर संरक्षक सदस्यों एवं पदाधिकारियो द्वारा स्मारिका का विमोचन मंच पर किया। इस दौरान समाजसेवी अखिलेश राय आदि शामिल थे।परिचय सम्मेलन में 450 से अधिक युवक-युवतियों की प्रविष्ठियां प्राप्त हुईं थीं। इस दौरान सभी ने मंच पर उपस्थित होकर बेझिझक अपना परिचय दिया। परिचय सम्मेलन में मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, शाजापुर, विदिशा सहित अन्य शहरों एवं हरियाणा से भी ब्राह्मण समाज के लोग पहुंचे थे। इससे पहले कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत भगवान श्रीपरशुराम, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इस दौरान श्रीगणेश वंदना भी हुई।

**मंच पर पहुंचकर दिया परिचय :** सर्व ब्राह्मण एकता मंच द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन के लिए करीब 450 युवक-युवतियों की प्रविष्ठियां प्राप्त हुईं थी। इस दौरान करीब 150 युवतियां एवं 300 युवकों की प्रविष्ठियां आईं थीं। सभी ने एक-एक करके मंच पर पहुंचकर अपना परिचय दिया। परिचय के दौरान युवक-युवतियों ने अपना नाम, शिक्षा के साथ-साथ अपने दिल की इच्छाएं भी जाहिर की, ताकि उन्हें उनका भावी जीवनसाथ वैसा मिल सके। एक युवक ने शादी के बाद संयुक्त परिवार के साथ रहने की अपनी इच्छा बताई, तो वहीं कई युवकों ने खुद का स्वरोजगार होना बताया। कई युवक ऐसे भी थे, जो शासकीय सेवा, आईटी कंपनी सहित अन्य जगह नौकरियां कर रहे हैं। इसी तरह युवतियों ने भी अपना परिचय बेझिझक होकर दिया।

**सम्मेलन में वितरित की गई बुकलेट:** सर्व ब्राह्मण एकता मंच द्वारा सम्मेलन के लिए आई प्रविष्ठियों की एक बुकलेट भी छपवाई गई, जो सम्मेलन में वितरित की गई। इसमें युवक-युवतियों के परिचय, पारिवारिक पृष्ठभूमि, गौत्र सहित अन्य जानकारियां हैं। इसके अलावा बुकलेट में सीहोर के प्रसिद्ध कथावाचक, महिला शक्ति, युवा शक्ति सहित अन्य जानकारियां भी हैं।

**तिलक लगाकर किया आंगतुकों का स्वागत :** परिचय सम्मेलन में शामिल होने के लिए आए अतिथियों सहित समाजजनों का गेट पर महिला शक्ति द्वारा तिलक लगाकार स्वागत, सत्कार किया गया। इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र भी पहनाया गया। अंत में परिचय सम्मेलन में सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष पंडित राजेश मोहन शर्मा एवं महामंत्री रमाकांत समाधिया का आभार व्यक्त किया।

# वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन, सीहोर द्वारा वसुंधरा स्मारिका विमोचन और दिव्यांगजन एवं समाजसेवकों का सम्मान समारोह आयोजित

नितिन जौहरी
दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**सीहोर।** वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन, सीहोर के तत्वावधान में वसुंधरा स्मारिका विमोचन और दिव्यांगजन एवं समाजसेवकों का सम्मान समारोह क्रिसेंट रिसोर्ट सीहोर आयोजित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पूज्य पंडित प्रदीप मिश्रा जी,

मुख्य अतिथि माननीय नारायान सिंह जी कुशवाह मंत्री सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मध्यप्रदेश शासन भोपाल, स्वागताध्यक्ष समाजसेवी माननीय अखिलेश जी राय संरक्षक वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन, अध्यक्षता समाजसेवी श्रीमती अरुणा सुदेश जी राय विधायक सीहोर म.प्र., विशिष्ट अतिथि डॉ राघवेंद्र जी शर्मा, प्रदेश कार्यालय मंत्री भाजपा म.प्र. पूर्व अध्यक्ष बाल अधिकार संरक्षण आयोग म.प्र. शासन.,विशिष्ट अतिथि माननीय सत्येन्द्र सिंह जी लोहिया (पद्म श्री) इंदौर म.प्र.,

विशिष्ट अतिथि माननीय मधुर जी विजयवर्गीय (समाजसेवी), श्री महेश जी यादव उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग द्वारा सरस्वती जी पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया । वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्याँग विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई । जिसमें पावन आतिथ्य अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक पू. पंडित प्रदीप मिश्रा जी ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए आशीर्वचन उद्बोधन में मानव सेवा सर्वोत्तम है और इसमें भी दिव्यांगों के लिए कार्य करना महानतम है दिव्यांगों द्वारा प्रस्तुति की सराहना की वसुंधरा अपने आदर्श कार्य द्वारा समाज में एक नया संदेश प्रस्तुत कर रही है जो की प्रशंसा योग्य है सतत निस्वार्थ भाव से जो मानव की सेवा की जा रही है वह अनुकरणीय हैं।

मुख्यअतिथि मंत्री माननीय नारायण सिंह कुशवाह जी ने कार्यक्रम में दिव्यांगजन एवं समाजसेवकों को उनकी असाधारण उपलब्धियों और योगदान को सराहा गया। वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन ने इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में समानता, समर्पण और सेवा के भाव को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया है । 卐पद्म श्री卐 श्री सत्येन्द्र सिंह जी लोहिया ने कहा कि जीवन में जो चला गया उसे सोचते नहीं है व्यक्ति शरीर से नहीं अपनी मन सोच से दिव्याँग होता हैं। कुछ करने के लिए शरीर की ताकत नहीं मन सोच विश्वास और संकल्प होना चाहिए तो दिव्यांग व्यक्ति भी अपने जीवन में हर सफलता को हर ऊंचाइयों को हर सम्मान को प्राप्त कर सकता है दिव्यांग व्यक्ति को सहानुभूति नहीं उसे सम्मान प्रोत्साहन देने की जरूरत है। सभी आतिथ्यों की पावन उपस्थिति ने वसुंधरा स्मारिका का विमोचन कर दिव्यांगजनों एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में प्रतिभावान श्री कपिल परमार, श्री देवराज प्रजापति, श्री आदित्य सिजारिआ, श्रीमति नेहा जी विजयवर्गीय, श्रीमति प्राची जी राजपूत सुबेदार,श्रीमति कुंजन जी झँवर,श्रीमति ज्योति जी अग्रवाल, माननीय सेवकराम जी भारती, डॉ बी. के चतुर्वेदी जी, डॉ. आशुतोष जी दीक्षित, डॉ. अनिल जी परमार,डॉ. गगन जी नामदेव,माननीय ज्ञानसिंह जी मेवाड़ा, डॉ. गौरव जी ताम्रकार, डॉ शुभांशु जी वर्मा, माननीय बाबू भाई जी मिस्त्री, माननीय सौरभ जी गुप्ता, माननीय भारत गुप्ता जी , श्री अंकित जी उपाध्याय,माननीय अतुल जी जैन, माननीय गीतेश जी राय, माननीय प्रवीण जी तिवारी, श्री निशांक जी शर्मा, श्री शुभम जी गुप्ता, माननीय गजराज सिंह जी वर्मा, डॉ आर. सी. जैन जी , संस्था सत्य की ओर सीहोर, माननीय कौशल किशोर जी, माननीय शंकर जी प्रजापति, सण्डे का सुकून समस्त टीम, माननीय राजू जी सोनी को सम्मान किया गया । इस अवसर पर संस्था पदाधिकारी शैलेन्द्र जी पवार , तरुण जी बियाणी, साधुराम जी शर्मा, हरीओम जी शर्मा, श्रीमति उमा जी पालीवाल, राहुल जी विजयवर्गीय, विनय जी भारती, श्रीमती संतोष विजयवर्गीय जी, शैलेन्द्र जी चंदेल सुनील राघुवंशी, प्रदीप जी साबू, रिसीराज जी शर्मा, अंजना जी राठौर, पिंकी जी मेवाड़ा, अंजली सराफ, लता जी मांझी,संतोष सूर्यवंशी, ज्योति मालवी, गजराज जी मेवाड़ा,भाविका कुशवाहा दीपक विश्वकर्मा, अशोक सोनी, राधेश्याम मकवाना, तरुण श्रीवास्तव, श्री चित्रांस जी सक्सेना,दीपिका मेवाडा, महेक राय, पूर्ति मीना, अलका सोलंकी, दीपक जी विश्वकर्मा, महेशान उमरे, अरुण राजोरिया, कमल मालवीय, सोना गुप्ता, भावना, राखी पटले, रानी रैकवार की उपस्थिति रही।

# नेत्रालय का विजन 6/ 6 पूर्ण रूपेण हुआ सफल डॉक्टर शरद साहू कई बार हुए सम्मानित

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

रायसेन (मदन राजपूत) नेत्रालय जिला मुख्यालय की प्राइम लोकेशन सागर तिराहे पर संचालित है जिसमें जिला सहित अन्य कई जिलों से आंखों के रोगी इलाज कराने आ रहे हैं। रोगी उपचार के उपरांत पूर्ण स्वस्थ आंखों से सृष्टि का संपूर्ण आनंद प्राप्त कर रहे हैं।दूर-दराज से आंखों का उपचार कराने आ रहे मरीजों की दिक्कतें को समझते हुए डॉक्टर शरद साहू ने कामतोन रोड बरेली में भी संजीवनी अस्पताल में आंखों के मरीजों के उपचार हेतु नेत्रालय संचालित कर दिया है जिससे कि बाड़ी-बरेली क्षेत्र के मरीजों को आने जाने में असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़े। बरेली स्थित नेत्रालय में भी एम एस की डिग्री प्राप्त डॉक्टरों द्वारा ही रोगियों का उपचार किया जा रहा है।सफलता की ओर अग्रसर बरेली अस्पताल प्रत्येक शनिवार को 12 से 5:00 बजे तक खुला रहता है एवं रायसेन मुख्यालय स्थित नेत्रालय सोमवार से शुक्रवार तक खुला रहता है। केसरिया हिंदुस्तान राष्ट्रीय समाचार पत्र के जिला ब्यूरो से रूबरू हो नेत्रालय प्रमुख डॉक्टर शरद साहू ने संवेदनाएं एवं शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि वे रायसेन जिला के ही निवासी हैं इसलिए उन्हें रायसेन जिले के आमजन एवं निर्धन मरीजों से स्नेह एवं लगाव है इसी परंपरागत भावना के वसीभूत कम से कम खर्चे में रोगियों का उपचार कर रहे हैं। ब्रांडेड,उत्तम एवं किफायती दवाएं नेत्रालय द्वारा दी जाती हैं।चश्मा एवं लैंस डायरेक्ट दिल्ली मुंबई की फैक्ट्रीज से लेकर मरीजों को उपलब्ध कराए जाते हैं।फेंको लेजर के ऑपरेशन की कीमत सेवा सदन जैसे एनजीओ अस्पताल से भी कम रखी है ताकि रायसेन सहित दूर दराज के मरीज कम खर्चे में बेहतर पद्धति की सुविधा प्राप्त कर सकें।इतना ही नहीं ऐसे खास ऑपरेशन जो आसपास के सात आठ जिलों में नहीं होते हैं केवल चेन्नई दिल्ली में ही होते हैं,वह ऑपरेशन अब रायसेन में ही संभव हो गए हैं। नवजात भ्रूण की नाल से प्राप्त ग्राफ्ट द्वारा नेत्रालय में कई सर्जरी संपन्न की गई हैं साथ ही 15 से अधिक निर्धन मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन निशुल्क किया गया है। संचालित नेत्रालय में अत्यंत आवश्यक सुविधाएं जैसे कृत्रिम नेत्र

# विधायक विष्णु खत्री ने मंत्री से की बैरसिया में गौ अभ्यारण बनाने की मांग

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा..9425727854



**बैरसिया।** मप्र शासन पशु पालन और डेयरी विभाग के मंत्री लखन पटेल और बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने बैरसिया के ग्राम पंचायत बर्री छीरखेड़ा स्थित गौशाला में भगवान महावीर जीव चिकित्सा केंद्र और ट्रॉली सह पशुवाहन का मंगलवार शुभारंभ किया।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने मंत्री लखन पटेल से जमुसर स्थित पशुपालन विभाग की 67 एकड़ भूमि पर गौ अभयारण्य बनाने की मांग की है। इस पर मंत्री ने कहा है कि हमने कई जगह बेसहारा गोवंश के लिए गो वन्य विहार बनाने जा रहे है। ये वन्य विहार जिलों में उपलब्ध सरकारी जमीन पर बनाए जाएंगे। इसलिए हम जमीन का सर्वे काराये। यदि 200 एकड़ जमीन उपलब्ध होगी तो यहाँ पर हम भी वन्य विहार स्वीकृत कर देंगे।

उन्होंने कहा, %हम 6 जिलों में गोवंश को सड़कों से हटाने के लिए काम कर रहे हैं। 1 जुलाई से लेकर अब तक 4370 गोवंश को गोशालाओं में भेजा है। मंत्री ने कहा, %इतना पर्याप्त नहीं है, यह बात मैं मानता हूं। हमने अलग-अलग जिलों से प्रस्ताव मंगाए हैं। जहां 200 एकड़ से लेकर 500-1000 एकड़ तक जमीन उपलब्ध है, वहां हम गो वन्य विहार बना रहे हैं।पूरे प्रदेश में 22 जगह गो वन्य विहार बना रहे हैं। 14 -15 बड़े वन्य विहार होंगे, जहां 20000 गोवंश को रखने की व्यवस्था हो सकेगी। जहां कम जमीन उपलब्ध है, वहां हम इसे गोशाला में परिवर्तित कर देंगे।

गौरतलब है कि अभी तक दुर्घटना ग्रस्त गायों को गौ शाला तक लाने के लिए वाहन नहीं था और इसके अलावा गायों को चिकित्सा करने के लिए लिफ्ट नहीं थी। परेशानी को देखते हूए बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने अपनी निधि से उक्त ट्रॉली वाहन और लिफ्ट गौशाला को प्रदान की है

# श्री कृष्ण की लीलाओं के साथ कृष्ण रुक्मणी का हुआ विवाह उत्सव

दिनेश पौराणिक केसरिया
हिंदुस्तान



**बड़ावदा**श्री कृष्ण गोपाल गौशाला में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण केअंतर्गत आज कृष्ण रुक्मणी विवाह उत्सव धर्म प्रेमी जनता द्वारा मनाया गया पंडित अंकित पौराणिक नेआज का श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रोताओं को भाव विभोर हो कर बताया कि हमारा यह जीवन अमुल्य एवं दुर्लभ शरीर जो श्री हरि कृपा से प्राप्त हुआ है अत: हमारे उद्देश्य मनुष्य जीवन तभी सार्थक होता है जब हम शरीर के द्वारा भगवान श्री हरि की प्राप्ति करने हेतु लगे रहते हैं जिस प्रकार हम धन हेतु प्रयास करते हैं ऐसा प्रयास हम धर्म के लिए करें ऐसी भावना होने पर ही धर्म संग्रह कर हम अपना कल्याण कर सकते हैं अत: जीवन भर की एकत्र कमाई को व्यय करने पर भी समय के एक पल को नहीं खरीदा जा सकता है। इस मानव जीवन का एक-एक क्षण बड़ा ही अमूल्य है इसलिए समय का दुरुपयोग करने से सदैव बचना चाहिए। समय निरंतर गतिशील एवं परिवर्तनशील है, प्रतिक्षण घट रहा है। यह आज है, कल नहीं और अभी है, फिर नहीं। समय मूल्यवान और बहुमूल्य नहीं वह तो अमूल्य है। समय किसी के साथ नहीं चलता, हमें ही इसके साथ चलना पड़ेगा। समय का सदुपयोग बुद्धिमत्ता है तो समय का दुरुपयोग बहुत बड़ी बुद्धिहीनता है। समय के महत्व को विशेष रूप से समझते हुए अपने जीवन को निरंतर सद्कार्यों में, शुभ कार्यों में एवं श्रेष्ठ कार्यों में लगाया जाये ताकि यह मानव जीवन सार्थक हो सके। अत: हमेशा ही श्री हरि हर का चिन्तन स्मरण करते रहे यही हमारे कल्याण का पथ है श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के अंतर्गत नगर की कई संस्थाओं के द्वारा कथा व्यास श्री पौराणिक का अभिनंदन एवं पोथी पूजन किया गया

श्रीमद् भागवत के अंतिम दिन कथा के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री कृष्ण गोपाल गौशाला पहुंचेगी और उसके पश्चात महा आरती एवं महाप्रसादी का आयोजन भी संपन्न होगा आयोजक मंडल द्वारा अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत पंचम दिवस में गोवर्धन नाथ भगवान की पूजन एवं उनको छप्पन भोग भी लगाया गया था

# जिले में जिला स्तरीय श्रीअन्न (मिलेट्स) फूड फेस्टिवल का आयोजन आज से शुभारंभ

रिपोर्ट - मारुति लाल विश्वकर्मा
मो 9302168920

14 और 15 जनवरी 2025 को पोला ग्राउण्ड छिंदवाड़ा में किया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ आज दोपहर 01 बजे छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू एवं कलेक्टर श्री शीले?द्र सिंह द्वारा किया जाएगा। इस जिला स्तरीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल का आयोजन जिले में श्रीअन्न (मिलेट्स) फसलों कोदो, कुटकी, सवां, ज्वार, बाजरा एवं रागी) के मिलेट्?स उत्पादों का प्रचार प्रसार करने, श्रीअन्न फसलों की ब्रांड वैल्यू स्थापित करने संबंधी गतिविधियों के साथ-साथ प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं विपणन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा कृषकों, युवा, उद्यमियों, एफपीओ एवं उपभोक्ताओं को जोडने हेतु श्री अन्न फसलों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए किया जा रहा है। मिलेट्स मेला दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित रहेगा, जिसमें मिलेट्स से




बने व्यंजनों का लुत्फ जिलेवासी अपने परिवार के साथ मेले में आकर उठा सकते हैं।

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री के.सी. बोपचे की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि फूड फेस्टिवल में जिले के एफपीओ, स्व-सहायता समूहों, एनजीओ और निजी संस्थाओं द्वारा विभिन्न फूड स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां मिलेट्स से बने व्यंजनों का प्रदर्शन और विक्रय किया जाएगा। इसके अलावा, जिले के प्रसिद्ध हैंडिक्राफ्ट उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इस आयोजन में जिले के आदिवासी अंचलों की संस्कृति को लोकनृत्य और लोकगीतों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे 14 और 15 जनवरी को पोला ग्राउण्ड छिंदवाड़ा में आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्री अन्न (मिलेट्स) से बने स्वादिष्ट व्यंजनों का परिवार सहित

**आनंद उठाएं:** देशी व्यंजनों के 30 से अधिक फूड स्टॉल रहेंगे आकर्षण का केंद्र - जिला स्तरीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल में लगभग 30 से अधिक फूड व्यंजनों के स्टॉल लगाये जायेंगे, जिसमें पातालकोट की रसोई एवं वनभोज की रसोई द्वारा मक्के की रोटी, टमाटर की चटनी, बैगन भर्ता, कुटकी चावल, मिलेट्स के चीले डोसा, रागी सूप, मक्के की भेल, कुटकी की खीर, महुआ की पूड़ी, मक्के का खूद, महेरी, लड्डू, मकर संक्राति स्पेशल मिठाइयां एवं बाजरे की खिचडी आदि देशी व्यंजन के स्टॉल प्रमुख रहेंगे।

विभिन्न स्टॉलो द्वारा ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी, रागी आदि से बनने वाले व्यंजनों का विक्रय किया जायेगा। जिले में उत्पादित चिरौंजी की बर्फी, स्ट्रॉबेरी, शहद, कच्ची घानी का तेल, गुड का पावडर एवं क्यूब, कोदो, कुटकी का चावल आदि के स्टॉल भी लगेंगे। जिलें मे कार्यरत विभिन्न स्व सहायता समूहों एवं संस्थाओं द्वारा निर्मित हैंडिक्रॉफ्ट का विक्रय भी किया जायेगा। वन औषधि का प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

विद्यार्थियों के लिए बनाई गई है तकनीकी मिलेट्स गैलरी - मिलेट्स फूड फेस्टिवल में तकनीकी मिलेट्स गैलरी बनाई गई है, जिसमें आकर्षक तरीके से विद्यार्थियों, नव युवाओं एवं जिलेवासियों को मिलेट्स के प्रति जागरूक किया जायेगा। शहर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों का भ्रमण भी इस गैलरी में कराया जाएगा, जिससे विद्यार्थी अभी से मिलेट्स के लाभों के प्रति जागरूक हो सकें।



# कलेक्टर ने उड़ाई पतंग तो नपाध्यक्ष ने सितोलिया पर लगाया निशाना

## परम्परागत खेलो के साथ शुरू हुआ आनंद उत्सव का कार्यक्रम

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

मकर संक्राति के अवसर पर आंनद उत्सव का शुभारंभ परम्परागत खेलो के साथ शुरू हुआ। वीर सावरकर स्टेडियम श्योपुर में आयोजित आंनद उत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान जहां कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने पंतग उडाई, वही नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग ने सितोलिया पर निशाना लगाया। डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन ने भी गिल्ली डंडा खेलकर आंनद का अनुभव किया। इस अवसर पर श्री सुजीत गर्ग, सीएमओ श्री राधेरमण यादव, पार्षद श्री अकबर दाऊदी, श्री जुगल मेहरा, नगर पालिका आनंद उत्सव प्रभारी श्री आदित्य चौहान, उपयंत्री श्री पवन गर्ग, आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर श्री राजा खान आदि उपस्थित रहे।

मकर संक्राति के अवसर पर कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग सहित अन्य अधिकारियों एवं पार्षदों द्वारा गिल्ली डंडा, कंचे, सितोलिया जैसे खेल खेले गये तथा सितोलिया भी खेला गया।

उल्लेखनीय है 14 से 28 जनवरी तक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में आंनद उत्सव अंतर्गत विभिन्न परम्परागत खेलो का आयोजन किया जायेगा। शहरी क्षेत्र के नोडल अधिकारी श्री आदित्य चौहान ने बताया कि मकर संक्राति के अवसर पर सीप नदी गिर्राज घाट पर साफ-सफाई के लिए स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

# सेमरिया थाना पुलिस ने 8,000 रुपये के इनामी दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी सिरमौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेमरिया निरी. श्रृंगेश सिंह राजपूत के नेतृत्व में हमराह स्टाफ व्दारा नाबालिक लडकी को बहला फुसला कर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया की 7 दिसंबर को फरियादी व्दारा थाना सेमरिया उपस्थित आकर अपनी नाबालिक लडकी के गुम जाने की रिपोर्ट लेख कराई फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सेमरिया में धारा 363 भादवि. का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, दौरान विवेचना अपहृता की पता तलाश कर दस्तयाब कर वैधानिक कार्यवाही उपरान्त आरोपी रामू यादव पिता श्री मोहनलाल यादव उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम महापार थाना धारकुंडी जिला सतना(म.प्र.) के व्दारा नाबालिक पीडिता को बहला फुसला कर भगा ले जाना एवं जबरजस्ती बलात्कार करना पाए जाने पर मामले में धारा 366,376 भादवि., 3/4 पाक्सो एक्ट का इजाफा किया गया एवं आरोपी 01 वर्ष से लगातार फरार होने पर आरोपी के विरुद्ध श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जिला रीवा व्दारा 8,000 रुपये का ईनाम की उदघोषणा की गई थी जिसकी पता तलाश करने पर आरोपी रामू यादव को पुणे महाराष्ट्र से दस्तयाब किया गया एवं आरोपी उपरोक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में केन्द्रीय जेल रीवा में निरुद्ध किया गया है । उक्त कार्यवाही में निरी.श्रृंगेश सिंह राजपूत, उनि. लंकेश प्रसाद वर्मा, प्र.आर.263 प्रमोद अग्निहोत्री, आर.1143 दुर्गानंद यादव, आर.434 शुभवंत मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।




# चल समारोह के साथ होगी बाबा काल भैरव के सवारी श्वान की प्रतिमा की स्थापना



दिनेश शुक्ला
दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी आलोट

आलोट नगर के अनदिकलेश्वर प्रांगण में स्थित मुक्तिधाम परिसर मे विराजे बाबा काल भैरव मंदिर पर बाबा काल भैरव की सवारी श्वान की प्रतिमा की स्थापना बाबा काल भैरव समिति के द्वारा की जा रही है। इसकी तैयारी विगत कई समय से समिति के द्वारा की जा रही है । आज मंगल वार से स्थापना कार्यक्रम की शुरुआत होगी दो दिवसीय इस आयोजन को लेकर अखण्ड राम नाम की धुन भी शुरू होगी वही बुधवार को श्वानमूर्ति स्थापना के चलते चल समारोह निकाला जायेगा। जो प्रात: 10ः00 बजे नगर पंचायत चोराहे से प्रारम्भ होगा ओर कल्पेश्व 'मुक्ति धाम पर पहुँचेगा जँहा पर श्वान की प्रतिमा की स्थापना विधि विधान , हवन और महाआरती के साथ होगी इस अवसर पर छप्पन भोग एवं बाबा काल भैरव की महा प्रसादी वितरण का आयोजन दोपहर को 2ः30 बजे होगा समिति ने नगर और क्षेत्र वासियों से और सभी धर्म प्रेमी सज्जनों से अधिक अधिक संख्या मे आने एवं धर्म का लाभ लेने का आग्रह किया है।

# शहरी क्षेत्र में आवास के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

## ग्रामीण क्षेत्र में आवास प्लस के लिए शुरू होगा सर्वे

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001




कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने जनसुनवाई में आवास की मांग लेकर आये आवेदको को जानकारी दी कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 शुरू हो गई है, जिसके तहत आवेदन ऑनलाइन करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होने बताया कि पिछले समय संचालित आवास योजना 1.0 के स्थान पर आवास योजना 2.0 हाल ही में शुरू हुई है। इसके तहत आवेदक नये सिरे से अपने आवेदन ऑनलाइन कर सकते है। आवास योजना में लाभ लेने के लिए किसी भी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आवास प्लस 2024 सर्वेक्षण शुरू करने के निर्देश दिये गये है, जिसके तहत सर्वेयर जो कि संबंधित पंचायतो के सचिव अथवा रोजगार सहायक होंगे, उनका ई-केवायसी कर पंजीयन की प्रक्रिया की जा रही है। राज्य शासन से निर्देश मिलने के बाद अतिरिक्त पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान करने के लिए सर्वे शुरू किया जायेगा, अगले 3 माह में सर्वे की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्री मनोज गढवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए।

**खिरखिरी में रसोईयों के पारिश्रमिक के संबंध में जांच के निर्देश :** कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा जनसुनवाई के दौरान मिडिल स्कूल खिरखिरी में मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत रसोईयों के पारिश्रमिक भुगतान के संबंध में सीईओ जनपद श्योपुर श्री एसएस भटनागर को मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिये गये। रसोईया श्रीमती हल्की बैरवा एवं श्रीमती माया बैरवा द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया कि उन्हें पारिश्रमिक का भुगतान नही किया जा रहा है।

**जनसुनवाई के दौरान जरूरतमंदो को कंबल प्रदाय:** कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा जनसुनवाई के दौरान जरूरतमंद आवेदको को कंबल प्रदाय किये गये। इस दौरान जनसुनवाई में आये आवेदको को कंबल का वितरण किया गया।

# मऊगंज मुख्य थाना: रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरा प्रशासन

## थाने में खुलेआम रिश्वत, फरियादियों की शिकायतें अनसुनी, विवेक यादव पर गंभीर आरोप

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मऊगंज जिले के मुख्य थाना में भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता के गंभीर आरोप लग रहे हैं। स्थानीय नागरिकों और फरियादियों का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए खुलेआम रिश्वत मांगी जाती है। थाने में दलालों का बोलबाला है, जो पीड़ितों से पैसों की वसूली करते हैं। मऊगंज थाने के एएसआई विवेक यादव पर आरोप है कि वे फरियादियों से अवैध रूप से पैसों की मांग करते हैं। एक महिला फरियादी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए उससे ?5,000 की मांग की गई। जब उसने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की, तो अधिकारियों ने उसे और अधिक परेशान किया। सूत्रों के अनुसार, थाने में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। बताया जाता है कि विवेक यादव ने स्थानीय कारोबारियों और अपराधियों से संबंध बनाकर एक महीना सिस्टम तैयार किया है, जिसमें हर अवैध गतिविधि से आर्थिक लाभ उठाया जाता है। मऊगंज थाने में निरीक्षक (टीआई) की नियुक्ति नहीं है, और पूरा थाना एएसआई और कांस्टेबल के हवाले है। पुलिस अधीक्षक की चुप्पी ने भी इस मामले को और गंभीर बना दिया है। यह सवाल उठता है कि जिला मुख्यालय के इस प्रमुख थाने में उचित नेतृत्व क्यों नहीं है। पत्रकार दीपक गुप्ता ने जब इस




गंभीर मामले पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष के माध्यम से जानकारी लेने की कोशिश की, तो कोई भी अधिकारी फोन उठाने के लिए तैयार नहीं हुआ। इससे स्पष्ट है कि जिम्मेदार अधिकारी जवाबदेही से बचने का प्रयास कर रहे हैं। यह रवैया न केवल प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है, बल्कि पीड़ितों की समस्याओं को हल करने में उनकी अनिच्छा को भी उजागर करता है। स्थानीय नागरिकों ने पत्रकारों के सामने अपनी समस्याएं रखते हुए कहा कि वे बार-बार अधिकारियों के पास गए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। यह स्थिति न केवल स्थानीय प्रशासन, बल्कि जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा करती है। क्या भ्रष्टाचार के इस दलदल से मऊगंज की जनता को राहत मिलेगी? या फिर प्रशासन इसी प्रकार उदासीन बना रहेगा?

### जनता ने मांग की है कि

1. विवेक यादव की भूमिका की निष्पक्ष जांच हो।
2. थाने में दलालों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए।
3. पीड़ितों की शिकायतों को त्वरित और निष्पक्ष तरीके से सुना जाए।
4. मऊगंज थाने में स्थायी निरीक्षक की नियुक्ति हो।

मऊगंज थाने की इस स्थिति ने जिले में पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों की चुप्पी और थाने में चल रही अव्यवस्था ने जनता के विश्वास को झकझोर दिया है। अब देखना यह है कि प्रशासन इन शिकायतों पर क्या कार्रवाई करता है।

# मऊगंज में पत्रकारों पर नेतागिरी: भ्रष्टाचार उजागर करने पर प्रशासनिक दबाव

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**मऊगंज** जिले में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पत्रकारों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हाल ही में पत्रकार रुद्र प्रताप सिंह ने आबकारी विभाग में भ्रष्टाचार का खुलासा किया। इसके बाद अधिकारियों की बौखलाहट इतनी बढ़ गई कि उन्हें जनसंपर्क के आधिकारिक ग्रुप से हटा दिया गया !पत्रकार रुद्र प्रताप सिंह को ग्रुप से हटाए जाने के पीछे किसका आदेश था, यह सवाल अब चर्चा का विषय बन गया है। यह सवाल उठ रहा है कि क्या पंकज श्रीवास्तव ने ग्रुप से हटाने का निर्देश दिया, या कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने खुद ऐसा करने के आदेश दिए। पत्रकारों का आरोप है कि प्रशासन भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को निशाना बना रहा है। रुद्र प्रताप सिंह द्वारा शराब माफिया और आबकारी विभाग के भ्रष्टाचार को उजागर करने के तुरंत बाद उन्हें ग्रुप से बाहर कर दिया गया। सभी पत्रकारों ने इस मामले पर कलेक्टर




अजय श्रीवास्तव से सीधे सवाल पूछा, क्या आपने खुद ग्रुप से हटाने का आदेश दिया था? अगर हां, तो सभी पत्रकारों को इन ग्रुपों से हटवा सकते हैं। लेकिन याद रखें, देश का चौथा स्तंभ अब भी सच के साथ खड़ा है और रहेगा। मऊगंज जिले के गठन के बाद से पत्रकारों के साथ बढ़ते दुर्व्यवहार ने मीडिया की स्वतंत्रता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पत्रकारों का कहना है कि प्रशासन द्वारा उन्हें डराने-धमकाने की कोशिशें अब आम होती जा रही हैं। यह घटना बताती है कि मऊगंज जिले में पत्रकारों को स्वतंत्र रूप से काम करने में बाधाएं बढ़ रही हैं। अब देखना यह होगा कि क्या प्रशासन इस मामले पर ध्यान देगा और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा, या यह मामला भी दबा दिया जाएगा।

# जनसुनवाई में 120 आवेदनों, 09 पुनरावृत्ति एवं लाईसेंस के 55 आवेदनों पर हुई जन-सुनवाई

## कलेक्टर श्री कोचर ने रबीना अहिरवाल को पेंसिल, बुक आदि सामग्री उपलब्ध कराई

## शस्त्र लायसेंस की विशेष थीम में आज 55 आवेदन पर सुनवाई हुई

## जनसुनवाई में आये आवेदकों को शुभकामनाओं के साथ ही तिल के लड्डू दिए गये

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह।** -जिले भर से आये नागरिकों ने आज जनसुनवाई में अपनी समस्याएं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के समक्ष रखी। इस दौरान 09 पुनरावृत्ति आवेदन, 55 लाईसेंस के आवेदन और सामान्य जनसुवाई में कुल 120 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 14 आधार कार्ड, 02 आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन प्राप्त हुए एवं 71 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं नि-क्षय अभियान तहत 23 जांच हुई।

इस दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जनसुनवाई में आये सभी आवेदकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा जनसुनवाई में आवेदक बहुत दूर-दूर से आते हैं, आज त्योहार और उत्सव का माहौल है तो सभी लोग मुँह मीठा करके जाए, यह हमारी इच्छा थी, इसीलिए सभी के लिए शुभकामनाओं के साथ तिल के लड्डू यहाँ पर वितरित किए गये। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कोचर ने रबीना अहिरवाल को पेंसिल, बुक आदि सामग्री उपलब्ध कराई।




कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा इस बार जनसुनवाई की थीम शस्त्र लाइसेंस रखी थी और शस्त्र लाइसेंस के संबंध में लोग दो-तीन तरह से आवेदन करते हैं। पहला तो किसी को नया लाइसेंस लेना हो तो उसके लिए आवेदन है, दूसरा पुराने लाइसेंस का नवीनीकरण के लिए आवेदन किया जाता है, तीसरा उनके माता पिता या किसी और परिजन के नाम पर वो लाइसेंस है, तो उनकी मृत्यु होने या उनके जीवनकाल में ही यदि वो सहमति देते हैं तो उसको अपने नाम पर ट्रांसफर ?

# नौरोजाबाद नगर पालिका में हुए भ्रष्टाचार में सीएमओ ज्योति सिंह के साथ 420 का कुख्यात आरोपी

# कंप्यूटर मास्टर माइंड विनोद सोंधिया/ विनोद बर्मन बनकर करोड़ों के भ्रष्टाचार को दिया अंजाम

## बिजुरी भ्रष्टाचार की जांच अधिकारी सीएमओ ज्योति सिंह के रिपोर्ट में लोकयुक्त ने किया था विनोद सोंधिया के ऊपर 420, 409, 467, 468, 471 धाराओं मे मामला दर्ज

नगर पालिका परिषद बिजुरी मे कार्यरत दैनिक भोगी कर्मचारी मास्टरमाइंड कंप्यूटर ऑपरेटर विनोद सोंधिया द्वारा कंप्यूटर के साथ छेड़खानी कर करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार में जांच अधिकारी सीएमओ ज्योति सिंह द्वारा दिए गए जांच रिपोर्ट के आधार पर नगरीय प्रशासन द्वारा मामला दर्ज करने के आदेश दिए गए थे जिसमें लोकायुक्त रीवा द्वारा विनोद सोंधिया सहित अन्य के ऊपर 420,409,467,468,471 के तहत मामला दर्ज किया गया जिसके बाद लोकायुक्त अधिकारियों द्वारा कार्यवाही व गिरफ्तारी न करने के कारण मास्टरमाइंड कुख्यात कंप्यूटर ऑपरेटर विनोद सोंधिया जांच करता अधिकारी सीएमओ ज्योति सिंह के साथ मिली भगत कर विनोद बर्मन बनकर नौरोजाबाद में कंप्यूटर ऑपरेटर बनकर बिजुरी के तर्ज पर सीएमओ और सीएमओ पति व बिजुरी, मनेद्रगढ़ कटनी सहित कई फर्मो का सिंडिकेट बनाकर करोड़ों के भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। जिसकी विधायक सहित जनप्रतिनिधियों ने उच्च अधिकारियों के समक्ष किया।

**कूट रचना में शामिल पत्नी पर आखिर कब होंगी एफ.आई.आर....?**




### आखिर भ्रष्टाचारी कुख्यात आरोपी विनोद सोंधिया को कब डालेगे लोकायुक्त अधिकारी सलाखों के पीछे...?

### कंप्यूटर ऑपरेटर करोडो की संपत्ति, नौकरी दौरान पत्नी के नाम ठेकेदारी कर लाखों की राशि का किया गवन- शिकायत पर कार्यवाही की उठ रही मांग

**शहडोल/उमरिया।** बिजुरी निवासी विनोद सोंधिया जब नगर पालिका बिजुरी में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर रहा तबतक करोड़ों रुपए का हेर फेर कर सरकारी धन अर्जित किया गया और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी रहते हुए अपने पत्नी के नाम रिंग कंप्यूटर नाम का फर्म बनाकर लाखों रुपए कूट रचनाकार अर्जित किया गया हालाकि उस समय थाने में शिकायत भी की गई थी जिसका मामला ठंडा बस्ती के हवाले कर दिया गया है सरकारी पद पर रहते हुए विनोद सोंधिया द्वारा अपनी पत्नी के नाम फॉर्म बनाकर टेंडर लगाने, कंप्यूटर मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए कूट रचनाकर निकाले गए जिस जो सीधे-सीधे कूट रचना को प्रदर्शित करता है जिस पर थाना प्रभारी बिजुरी से जनता कार्यवाही की उम्मीद कर रही है।

**भ्रष्टाचार करने सीएमओ ज्योति सिंह, विनोद बर्मन कि दर्जनों शिकायत:** सीएमओ ज्योति सिंह द्वारा नापा बिजुरी मे जब जांच अधिकारी के रूप में जांच किया गया तब सीएमओ द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर मास्टरमाइंड विनोद सोंधिया का हुनर/ हेराफेरी/ परसेंटेज मे फर्मो को धोखे में रख ठेकेदारी कर पैसा आहरण करना इस कदर भाया की करोड़ों कमाने की लालसा लिए जांच अधिकारी सीएमओ ज्योति सिंह नौरोजाबाद नगर परिषद मे पहुंचते ही पहले कंप्यूटर ऑपरेटर विनोद सोंधिया को विनोद बर्मन बनाकर हेरा फेरी करने की सारी जिम्मेदारी विनोद सोंधिया बदला हुआ नाम विनोद बर्मन को दे दिया और सरकारी राशि निकालने के लिए जिन फर्मो का उपयोग दिया गया वह फर्म भी विनोद बर्मन के ग्रह ग्राम बिजुरी व आसपास के ही निकले। उन फर्मो में मिलीभगत कर बिजुरी के फर्मो में जमकर भ्रष्टाचार किया गया जांच टीम द्वारा यदि कोतमा/बिजुरी/ मनेद्रगढ़/ कटनी/ छतरपुर सहित सभी फर्मो में किए गए कार्यों की बारीकी से जांच की जाए तो कुख्यात मास्टरमाइंड कंप्यूटर ऑपरेटर विनोद सोंधिया उर्फ विनोद बर्मन के कई कारनामे सामने आ सकते हैं।

### कंप्यूटर ऑपरेटर विनोद सोंधिया/ विनोद बर्मन के संपत्ति कि हो जांच

नगर पालिका बिजुरी में 8 से 10 हजार रुपए महीने कमाने वाला दैनिक वेतन भोगी कंप्यूटर ऑपरेटर लगभग आज करोड़ों की अकूत संपत्ति अर्जित कर लिया है जो कभी मोटरसाइकिल की सवारी करने वाला विनोद सोंधिया आज बड़ी-बड़ी लग्जरी कारों में घूमते दिखाई दे रहा है और वार्ड नंबर 12 में लगभग 50 लख रुपए का घर भी है जिसकी संपत्ति जांच हेतु चौक चौराहे में चर्चाओं का बाजार गर्म है करोड़ों की भ्रष्टाचार मामले में लोकायुक्त रीवा द्वारा 420 सहित अन्य धाराओं में मामला तो दर्ज किया गया लेकिन कंप्यूटर मास्टरमाइंड विनोद सोंधिया को खुलेआम भ्रष्टाचार करने की खुली छूट दे दी है और बात यहा खत्म नहीं हुई विनोद बर्मन बन नौरोजाबाद सीएमओ ज्योति सिंह के साथ मिलकर फिर सरकारी राशि लूटने का कार्य किया गया जिस पर भी लोकायुक्त द्वारा नौरोजाबाद नगर परिषद की भी जांच की जानी चाहिए और ऐसे कंप्यूटर मास्टरमाइंड कुख्यात आरोपी विनोद सोंधिया उर्फ विनोद बर्मन को सलाखों के पीछे समय रहते डाल देना चाहिए जिससे और कोई नगर पालिका मे नाम बदलकर भ्रष्टाचार के नाम पर डकैती न कर सके।

### दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के साथ मिला भ्रष्टाचार को दिया अंजाम

मुख नगर पालिका अधिकारी ज्योति सिंह द्वारा नगर पालिका बिजुरी की जांच करने के उपरांत करोड़ों के भ्रष्टाचार को देखकर खुद संजोया भ्रष्टाचार कर करोड़ों कमाने का सपना लेकर सपना साकार करने मास्टरमाइंड विनोद सोंधिया व फर्मा को अपने साथ लेकर नौरोजाबाद नगर पालिका पहुंच बिजुरी के तर्ज पर भ्रष्टाचार को अंजाम देने का कार्य किया गया और लोकल फर्मो को छोड़कर बिजुरी क्षेत्र के आसपास के फर्मो का प्रयोग कर लगभग करोडो के भ्रष्टाचार को अंजाम देकर सरकार द्वारा विकास कार्यों हेतु दिए गए राशि को लूटने का कार्य सीएमओ पति सहित दैनिक वेतन भोगी कर्मचारीयों के साथ संगठित सिंडिकेट बनाकर नगर पालिका नौरोजाबाद को लूटने का कार्य किया गया है जब इस तरह किया जा रहे भ्रष्टाचार का विरोध जनप्रतिनिधियों ने शिकायत कर किया तो नगरीय प्रशासन विभाग ने ऐसे भ्रष्ट अधिकारी सीएमओ ज्योति सिंह पर जांच व कार्रवाई की जगह 160 किलोमीटर दूर मैहर नगर पालिका का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया जिससे प्रदेश सरकार सहित नगरीय प्रशासन विभाग की भी जमकर किरकिरी हो रही है जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय भी बना हुआ है।

### भ्रष्टाचारियों पर आखिर कब चलेगा सरकार का चाबुक- पूछ रही नगर की जनता

नगर पालिका बिजुरी में करोड़ों के भ्रष्टाचार की जांच अधिकारी सीएमओ ज्योति सिंह अब खुद करोड़ के भ्रष्टाचार को अंजाम नौरोजाबाद नगर पालिका में देने का कार्य किया गया है ऐसे निष्पक्ष जांच अधिकारी ज्योति सिंह अब स्वयं ही जांच के कटघरे में खड़ी है और अब इनकी जांच कौन करेगा यह भी एक चिंता का विषय है जो दूसरे की जांच अधिकारी होकर भी इस तरह भ्रष्टाचार को अंजाम देना नगरी प्रशासन विभाग के ऊपर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है और इस तरह सरकारी पैसों को सुनियोजित ढंग से कर्मचारी/ कंप्यूटर ऑपरेटर/ अकाउंटेंट/ बाबू/ सीएमओ पति / उपयोग किए गए फर्मो कि जांच कराकर नगर के जनप्रतिनिधि और जनता सरकारी राशि का दोहन करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के ऊपर मामला दर्ज कर सलाखों के पीछे भेज कर इतिहास कायम करना चाहिए जिससे कोई भी जिम्मेदार अधिकारी सरकारी राशि लूटने का कार्य न कर सके और संयुक्त अधिकारियों की संपत्ति की भी जांच कराते हुए आय से ज्यादा संपत्ति होने पर जप्ती की कार्यवाही करनी चाहिए।

### अनियमितता की हुई थी पुस्टि, कार्यवाही शून्य

जिस प्रकार नौरोजाबाद नगर पालिका में हुए भ्रष्टाचार को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायत उमरिया कलेक्टर के समक्ष की गई जिनके द्वारा जांच कमेटी बनाकर जांच कराई गई जानकारी के अनुसार अनियमित भी पाया गया जिसमें सीएमओ ज्योति सिंह द्वारा 20 समरसेबल पंप क्रय किया जाना पाया गया सभी को लोकल मार्केट से क्रय किया गया प्रत्येक सबमर्सिबल पंप की दर 35400 रुपए एक एचपी के लिए पाया गया जो की सामान्य बाजार दर तथा जेम में उपलब्ध दरों से लगभग दो गुना है जिसे भंडार क्रय नियमों के पालनार्थ करे का आकलन करते हुए जेम के माध्यम से निवदा अमंत्रित कर कार्य किया जाना चाहिए शिकायतकर्ता ने समिति के समक्ष बताया कि पंपों को केवल क्रय किया गया है इन्हें बताए गए स्थान पर लगाया नहीं गया है परंतु पेयजल प्रभारी राममिलन पटेल द्वारा जो सूची दी गई उसमें 34 समरसेबल अंतिम एक वर्ष में अलग-अलग स्थान पर लगाए गए क्रि हस्तियों में कुल 28 पंप का करे दर्ज है जबकि श्री पटेल ने 34 पंप बताएं हैं जो की स्थिति को संदेहस्पद बनाता है। जांच रिपोर्ट शहडोल संभाग की संवेदनशील कमिश्नर के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है लेकिन सीएमओ ज्योति सिंह के ऊंची पकड़ पहुंच व रसूक के सामने कार्यवाही कछुए की चाल पर भी नहीं चल रहा है और कार्यवाही न होने से प्रशासन सहित सरकार पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा होना शुरू हो गया है।

### इनका कहना है

इस मामले में संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग आर.एस मंडलोई के मोबाइल नंबर 8435959876 मे संपर्क साधा गया लेकिन हर बार की भांति इस बार भी साहब का फोन नहीं उठा।

# विंध्य क्षेत्र के लिए बाणसागर डैम एक वरदान :उप मुख्यमंत्री

### त्योहार हमें आपस में खुशियां बांटने के देते है अवसर - उप मुख्यमंत्री

### नगर परिषद खांड (बाणसागर) में किया गया सोंण महोत्सव का आयोजन



**शहडोल।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि शहडोल जिले में बना बाणसागर डैम विंध्य क्षेत्र के लिए एक वरदान है, बाणसागर डैम से विंध्य क्षेत्र के साथ-साथ कई प्रदेशों में पीने एवं सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति की जाती है। उन्होंने कहा कि 16 जनवरी को शहडोल में रीजनल इंडस्ट्रियल कांक्लेव आयोजित होने वाली है, जिससे शहडोल संभाग में उद्योग की क्रांति आएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा है विंध्य क्षेत्र में उद्योग की क्रांति के साथ-साथ पर्यटन क्रांति को भी बढ़ावा मिलेगा और पर्यटन के क्षेत्र में विंध्य क्षेत्र भी एक आकर्षण का केंद्र है, यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा है कि बाणसागर डैम के टापू में बना सरसी आईलैंड भी एक मुख्य पर्यटक केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा है कि आगामी कुछ समय में पर्यटक सरसी आईलैंड से जल मार्ग द्वारा बाणसागर डैम तक सफर कर पर्यटन का आनंद उठा सकेंगे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल मंगलवार को शहडोल जिले के नगर परिषद खांड (बाणसागर) में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित सोंण महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व बहुत ही उत्साह एवं हर्ष के साथ मनाया जाता हैं। मकर संक्रांति के पर्व पर नदियों के किनारे एवं स्थानीय मंदिरों में मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें काफी संख्या में उत्साह के साथ लोग सपरिवार मेले में सम्मिलित होकर मेले का आनंद लेते हैं। उन्होंने कहा कि 144 वर्ष बाद इस वर्ष उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है करोड़ों की संख्या में लोग पावन गंगा में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा है कि हमारा देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। यहां के त्योहार, संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। त्योहार हमें आपस में मिलजुल कर खुशियां बांटने का अवसर देते हैं। त्योहार हमेशा आपस में मिल-जुल कर एवं बच्चों के साथ मनाना चाहिए जिससे आगामी पीढ़ी भी हमारी संस्कृति को अपने जीवन में ग्रहण कर सके। आयोजित सोंण महोत्सव कार्यक्रम सांसद संसदीय क्षेत्र सीधी डॉ राजेश मिश्रा, विधायक ब्यौहारी शरद कोल ने भी संबोधित किया। आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत ब्यौहारी श्रीमती आकांक्षी सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यौहारी नरेंद्र सिंह धुर्वे, अध्यक्ष नगर परिषद ब्यौहारी राजन गुप्ता, अध्यक्ष नगर परिषद खांड श्रीमती सुशीला सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं काफी संख्या में स्कूली छात्राएं उपस्थित रहे।



# मेला का आयोजन सांस्कृतिक धरोहरों को दर्शाती है : सांसद

### सात दिवसीय बाणगंगा मेला का सासंद ने किया शुभारंभ

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय शहडोल में मकर संक्रांति के अवसर पर सात दिवसीय बाणगंगा मेला का शुभारंभ सांसद संसदीय क्षेत्र शहडोल श्रीमती हिमाद्री सिंह ने फीता काटकर किया तथा मेले के ध्वज को फहराया। बाणगंगा मेला के शुभारंभ अवसर पर सांसद ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के इस आधुनिक युग में भी हमारे क्षेत्र में मेलों का आयोजन किया जा रहा है यह कही न कही हमारी सांस्कृतिक धरोहर की झलक को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि मेले का आयोजन सामाजिक समरसता का संदेश देता है यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि सामाजिक समरसता को भी प्रगाढ़ करता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बाणगंगा मेला और भव्य होगा। बाणगंगा मेला के शुभारंभ अवसर पर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि यह बाणगंगा मेला अत्यंत प्राचीन और ऐतिहासिक है जहां दूर-दूर से लोग उत्साह एवं उमंग के साथ आते है। उन्होंने कहा कि लोग सूर्य, नदियों की पूजा करते है जो प्राकृति की देन और प्राकृति के प्रति लोगो की आस्था को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मेले में आकर लोग तिल के लड्डू पतंग आदि का आनंद लेते है। इस अवसर पर विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने भी संबोधित कर मकर संक्रांति की नागरिकों को शुभकामनाएं दी। साथ ही स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन की भी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष नगर पालिका प्रवीण डोली, समाजसेवी कमल प्रताप सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला कटारे, पार्षद सिल्लू रजक, समाजसेवी संतोष लोहानी, मनोज गुप्ता सहित अन्य अधिकारी, समाजसेवी व काफी संख्या में लोग उपस्थित थें।

# पुलिस के द्वारा अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही

**शहडोल।** थाना सिंहपुर क्षेत्रांतर्गत सोमवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बोडरी खन्नाद नदी घाट से एक ट्रैक्टर में अवैध रूप से रेत लोड कर ग्राम बोडरी तरफ आ रहा है। सूचना पर सिंहपुर पुलिस द्वारा सूचना स्थान पर पहुंचे तो एक ट्रैक्टर मय रेत लोड आते दिखा। जिसे रोकवाकर ट्रैक्टर चालक से पूछताछ किया गया। जिसमें उसने अपना नाम बुद्धसेन पटेल पिता राममिलन पटेल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम खन्नाध का होना बताया गया। उक्त वाहन की तलाशी लेने पर अवैध रेत लोड होना पाया गया, रेत के परिवहन के संबंध में दस्तावेज मांगने पर चालक ने कोई वैध दस्तावेज न होना बताया। जिससे सिंहपुर पुलिस द्वारा वाहन को मय रेत लोड जप्त कर चालक के विरूद्ध बी.एन.एस एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# बर्फीली हवाओं से दिन में रही ठुठुरन, छाए रहे बादल, 5 डिग्री तक लुढ़का पारा, कल बूंदाबांदी के आसार

भोपाल। प्रदेश में सोमवार को सुबह से कई जिलों बादल छाए रहे। बर्फीली हवाओं से ठिठुरन बढ़ गई। तापमान में 5 डिग्री तक गिरावट देखी गई। अगले तीन दिन प्रदेश में ऐसा ही मौसम बना रहेगा उसके बाद मौसम साफ होगा। कल कुछ जगह बूंदाबांदी होगी। मध्य प्रदेश के मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी होने से मौसम का मिजाज बदला है। सोमवार को सुबह से कई जिलों बादल छाए रहे। बर्फीली हवाओं से ठिठुरन बढ़ गई। तापमान में 5 डिग्री तक गिरावट देखी गई। अगले तीन दिन प्रदेश में ऐसा ही मौसम बना रहेगा उसके बाद मौसम साफ होगा।वहीं सोमवार को सुबह से भोपाल समेत कई जिलों में कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि मकर संक्रांति यानि 14 जनवरी को मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर-उज्जैन संभाग में बादल और बूंदाबांदी होने के आसार हैं। वहीं, 15 जनवरी को आधे एमपी में बादल और बूंदाबांदी होने का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर भी इसमें शामिल हैं। प्रदेश आ रही बर्फीली हवाओं से प्रदेश में दिन के तापमान में गिरावट आई है। सोमवार को रायसेन में तापमान 17.8 डिग्री दर्ज किया गया। सिवनी में 18.4 डिग्री, धार-पचमढ़ी में 18.9 डिग्री, उज्जैन में 19 डिग्री, नर्मदापुरम में 19.4 डिग्री, इंदौर में 19.5 डिग्री, रीवा में 19.7 डिग्री, शिवपुरी, मलाजखंड-सीधी 20 डिग्री, गुना-रतलाम में 20.2 डिग्री जबलपुर में 20.3 डिग्री, नौगांव में 20.5 डिग्री, बैतूल में 20.7 डिग्री, उमरिया में 20.8 डिग्री, दमोह में 21 डिग्री, ग्वालियर में 21.2 डिग्री, सतना में 21.4 डिग्री, सागर में 21.8 डिग्री, खजुराहो में 22.4 डिग्री, मंडला में 22.8 डिग्री रहा।

# पुलिस द्वारा की गई पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही

शहडोल। थाना गोहपारू पुलिस ने सोमवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम भुरसी पहुंचे। जहां तीन व्यक्ति मवेशियों को निर्दयता मारते-पीटते ले जा रहे थे। व्यक्तियों को रोककर पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम क्रमशः रामप्रसाद रैदास पिता बदन रैदास उम्र 45 वर्ष निवासी बेला, घूरउ रैदास पिता बदन रैदास उम्र 47 वर्ष निवासी बेला एवं राजेश अहिरवार पिता ललन अहिरवार उम्र 30 वर्ष निवासी लफदा का होना बताए। व्यक्तियों से मवेशियों से संबंधित दस्तावेज मांगने पर उन्होंने कोई दस्तावेज नही होना बताया। जिस पर पुलिस द्वारा उक्त 15 नग पड़ा को जप्त कर उक्त आरोपियों के विरूद्ध पशु क्ररूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बैठक में बबिता गुप्ता बनी जिला प्रभारी



**सीतापुर।** लोहड़ी के पावन पर्व पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के त्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से श्रीमती में बबिता गुप्ता को व्यापार मंडल का जिला प्रभारी मनोनीत किया गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष भगवती गुप्ता ने बताया कि प्रांतीय महामंत्री श्री शोभित टंडन जी के अनुमोदन पर श्रीमती बबिता गुप्ता जी को व्यापार मंडल का जिला प्रभारी मनोनीत किया गया है ,जिससे निश्चय ही संगठन को बल मिलेगा तथा महिलाओं को अपनी शक्ति का अहसास भी होगा। नगर अध्यक्ष बृजेश रस्तोगी ने श्रीमती बबिता गुप्ता का स्वागत करते हुए कहा कि उनके आगमन से निश्चय ही व्यापार मंडल और शसक्त होकर उभरेगा । नगर महासचिव इंदू कश्यप, ममता डोडेजा सविता गुप्ता ने माल्यार्पण करके शुभारंभ किया। जिला उपाध्यक्ष जगदीश लोधी ,नगर महामंत्री राम लखन कश्यप ,जिला महामंत्री मयंक शंकर गुप्ता, प्रतीक जिंदल अभिषेक सिंह सहित अनेक अनेक पदाधिकारीयों ने अंगवस्त्र हुआ शाल्यार्पण करके नव मनोनीत जिला प्रभारीश्रीमती बबिता गुप्ता जी को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### हैण्डपम्प खराब रनुवापारा में छाया पेयजल संकट

**सिधौली-सीतापुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत अन्तर्गत ग्राम रनुवापारा में दर्जनों हैण्डपम्प खराब होने के कारण ग्रामीणों को काफी लम्बी दूरी से पेयजल लाना पड़ता है। कई बार मौखिक शिकायत करने के बावजूद हैण्डपम्पों की मरम्मत नहीं करवाई जा रही है।ग्रामीणो ने बताया कि गांव में टंकी का निर्माण हो चुका है परन्तु पेयजल की सप्लाई नहीं हो रही है। इसके अलावा गांव में खराब पड़े हैण्डपाइप भी ठीक नहीं करवाये जा रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि कन्हैयालाल के मकान के सामने नल करीब 4 माह से खराब पड़ा हुआ है। कई बार मौखिक शिकायत करने के बावजूद भी उक्त हैण्डपाइप की मरम्मत नहीं करवाई जा रही है। सर्दियों के कारण पानी की अधिक आवश्यकता न होने से लोगों की जरूरत कम है और लोग किसी तरह काम चला रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि हैण्डपम्प शीघ्र मरम्मत करवाई जाए।

### मकर सक्रान्ति पर बांटे कम्बल



**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर मंगलवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर ब्लाक प्रमुख रामबक्स रावत ने अपने आवास पर भाजपा मण्डल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में कंबल वितरण और खिचड़ी भोज का आयोजन कर सेवा समाज के जरूरतमंदों के लिए समर्पित की गई। ब्लाक प्रमुख रामबक्स रावत ने मकरसंक्रांति के अवसर पर कस्बे में अपने आवास पर समाज सेवा के तहत खिचड़ी भोज और कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कमोबेश डेढ़ सैकड़ा निरीह गरीब ,निराश्रित महिलाओं -पुर्षो को खिचड़ी भोज कराकर उन्हें ठंड से बचने हेतु कम्बल वितरित किए गये इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्षों में पुष्कर गुप्ता ,सोनु शुक्ला,सर्वेश रावत के साथ अमित शुक्ला, जावेद आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ताबड़ तोड़ फायरिंग से भुड़कुड़ी गांव में दहशत का माहौल

**सीतापुर।** महोली कोतवाली इलाके में रंजिश दो पक्षों में मारपीट के बाद ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई। जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल कायम हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस मौके पर पहुंची तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। महोली पुलिस का कहना है कि मारपीट शोर शराबा तो हुआ है लेकिन किसी भी पक्ष द्वारा फायिरंग नही की गई है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार भुड़कुड़ी गांव में दो पक्षों में रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। वहीं, एक पक्ष ने दूसरे पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष ने इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है। इलाके के भुड़कुड़ी निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि विगत सुबह पुराने मुकदमे व रंजिश को लेकर गांव के ही कैलाश मिश्रा व उनके पुत्र शिव शंकर, वैभव, प्रेम सागर उनके मकान पर आकर बेवजह गाली-गलौज करने लगे।

# सचिव प्रधान की मिलीभगत से प्रधान परिजन हो रहे मालामाल



**सीतापुर।** सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए 2022 में आदेश जारी किए थे की प्रधान अपने परिजनों के नाम व रिश्तेदार के नाम पर भुगतान नही करेंगे उसके बावजूद जारी आदेशो को दरकिनार कर सचिव प्रधान व प्रधान परिजनों के नाम भुगतान कर फर्जीवाडा कर रहे है, जनपद की अधिकतर विकास खण्डों में सचिव के द्वारा भ्रष्टाचार के नए नए आयाम कायम किए जा रहे है विकास खण्ड बिसवां,बेहटा, गोंदलामऊ, मछरेहटा,मिश्रिख ऐलिया,पहला,लहरपुर आदि सभी विकास खंडों में लगातार भुगतान किए जा रहे है व लगातार ग्राम पंचायतों तदं घोटालो का पर्दाफाश हो रहा है फिर भी जिम्मेदार संज्ञान लेने से कतरा रहे है। पूर्व में विकास खण्ड लहरपुर की लगभग एक दर्जन ग्राम पंचायतों में किए गए घोटालो का खुलासा हुआ, बावजूद उसके जिम्मेदार अभी तक धृतराष्ट्र बने हुए है। बताते चले विकास खण्ड मिश्रिख की ग्राम पंचायत इस्लामनगर, मोहम्मदनगर, रँनुपुर आँट व सहादतनगर में प्रधानों व प्रधान परिजनों के नाम भुगतान कर फर्जीवाडा किया जा रहा है, ग्राम पंचायत आँट में प्रधान महफूज अहमद ने अपने पुत्र के पत्नी साथ साथ अन्य परिजनों के नाम भुगतान करा रहे है। प्रधान ने पत्नी फरजाना व पुत्र इनामुल हक के नाम पर लगातार कई भुगतान किए है, वही प्रधान ने अपने नाम पर भी मानदेय के अतिरिक्त अन्य कार्यो पर लगभग 39 हजार का भुगतान कर फर्जीवाडा किया है। ग्राम पंचायत सहादतनगर में प्रधान प्रेमा देवी में अपने परिजन यशपाल मौर्य व संदीप मौर्य के नाम भुगतान कर वित्तीय धनराशि को चुना लगाया है।ग्राम पंचायत इस्लामनगर में प्रधान राम किशोर के नाम वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 4 लाख 32 हजार 158 का भुगतान किया गया वही वित्तीय वर्ष 2022-23 में 3 लाख 9 हजार 112 का भुगतान किया गया, दोनो वित्तीय वर्ष में सचिव के द्वारा प्रधान के नाम लगभग 7 लाख का भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबाँट किया गया है। ग्राम पंचायत मोहम्मदनगर में प्रधान दसरथ ने अपने परिवारीजन अखिलेश व नरेंद्र के नाम भुगतान कर सरकारी धन को चुना लगाया है प्रधान ने सचिव से सांठगांठ करके चालू वित्तीय वर्ष में नरेंद्र के नाम पर लगभग 24 हजार व अखिलेश के नाम पर 49 का भुगतान किया व बीते वितीय वर्ष में नरेंद्र के नाम पर लगभग 1 लाख व अखिलेश के नाम पर लगभग 58 हजार का भुगतान कर फर्जीवाडा किया गया है।

### गांव का कोटेदार व उसका पुत्र मजदुरी का ले रहा भुगतान

विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत संडीला में सचिव ने वित्तीय खाते से गांव के कोटेदार व उसके पुत्र को भुगतान कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है, सचिव ने कोटेदार आनन्द पवन अवस्थी व उनके पुत्र भरत अवस्थी को वित्तीय खातों से मजदुरी का भुगतान कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे है। विकास खंड की ग्राम पंचायत धवरपारा प्रधान सुनैना पाल सचिव से मिलीभगत कर ने अपने पति बृजेश पाल को लगभग 74 हजार व एक अन्य परिवारीजन करुणाशंकर को लगभग 90 हजार का भुगतान कर फर्जीवाड़े को अंजाम दिया है। जब इस सम्बंध में सम्बंधित ग्राम पंचायतों के सचिवो से जानकारी के लिए फोन किया गया तो उनके द्वारा फोन नही उठाया गया।

### शासनादेश ताख पर रख सीएमओ ने किए स्थानांतरण

**सीतापुर।** जनपद में सीएमओ कार्यालय अपनी क्रियशैली के चलते आये दिन चर्चाओं में रहता है, अभी हाल में मनमाने तरीके से सीएमओ कार्यालय से एक स्थानांतरण का पत्र जारी कर चर्चाओं में आ गया जिसमे पत्रांक संख्या मु0चि0अ0 आर बी एस केध् स्था02024-25 को दिनाक 27.12.2024को जारी किया गया जिसमे डॉ नौशाद अली जो कि संविदा कर्मी है उनका स्थानांतरण परसेंडी से हरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दिया गया, वही अगर सूत्रों की माने जाए तो डॉ नौशाद अली को जारी शासनादेश को दरकिनार कर स्थानांतरण किया गया है क्योंकि जारी शासनादेश में साफ तौर से कहा गया है कि उक्त पद पर कार्यरत संविदा कर्मीयो को अपनी मूल तैनाती से अन्य जगह भेजने का प्रावधान नही है, फिर किस नियमावली के अंतर्गत पर डॉ नौशाद अली का स्थानातरण किया गया।

# रोकिये जनाब रोकिये बहुत खतरनाक साबित हो रहे है गन्ना लदे ओवर लोड ट्रक



**सीतापुर।** ओवर लोड गन्ना लदे ट्रको व अन्य ओवर लोड वाहनों से लगातार हादसे हो रहे है लोगों की जाने जा रही है। जनता परेशालन है। जनता की परेशानी को सिर्फ आश्वासनों का झुनझुना ही मिल रहा है। आखिर जिम्मेदारों द्वारा कौन सी आश्वासन वाली सियासत की जा रही जो जनता के लिये केवल आश्वासन का झुनझुना ही साबित हो रही है। इस बार मिल के गन्ना लदे ओवर लोड ट्रक ने हाईटेंशन लाइन को तोड़ कर सघन आबादी ,को ही खतरे में डाल दिया इसके बाद भी इन ओवर लोड वाहनों पर कोई कार्यवाही नही हो रही है। उपसंभागीय परिवहन विभाग से पूछो तो वहां से जानकारी मिलती है कि कार्यवाही की जा रही है मिलों को अवगत कराया जा चुका है और मिल प्रशासन से जानकारी लो तों वहां से कहा जाता है कि हम ओवर लोड वाहनों पर प्रतिबन्ध लगा रहे है इसके बाद भी सड़को पर मिलो के भारी वाहन ओवर लोड होकर ही चलते है। कभी कभी तो इतना ओवर लोड हो वाहन सड़को पर दौड़ता हुआ देखा जाता है कि उसको खड़ा करने के लिये दूसरे ओवर लोड वाहन का सहारा लेना पड़ता है। इस लापरवाही से सुहागिनों का सुहाग उजड़ रहा है, मां की कांख सूनी हो रही है कभी किसी मां की आंखों तारा छिन जाता है तो कभी बूढ़े बाप की लाठी इन वाहनों द्वारा तोड़ दी जाती है। जिससे जनता में अब आक्रोश पनपने लगा है। अगर हालता ऐसे ही रहे और जिम्मेदारों ने कोई ठोस कार्यवाही नही की तो आगामी दिनों में जिले की कानून व्यवस्था भी पटरी से उतर सकती है। विगत दिवस हुई घटना पर प्रकाश डाला जाये तो पता चलता है कि सदरपुर थानाक्षेत्र के फरदापुर चैराहे पर ओवरहाइट गन्ना लदे ट्रक में फंसकर एचटी लाइन क्षतिग्रस्त गई। इससे सात घरों की आपूर्ति ठप हो गई। गनीमत रही कि हादसे के समय बिजली नहीं आ रही थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। क्रय केंद्र से गन्ना लादकर ट्रक संख्या यूपी-34 टी 4775 बिसवां चीनी मिल जा रहा था। सीतापुर-बहराइच मार्ग पर फरदापुर चैराहे के पास ओवरहाइट गन्ना एचटी लाइन में फंस गया।

# कवयित्री सुनीता यादव को सुभद्रा कुमारी चैहान स्मृति सम्मान



**सीतापुर।** संस्कार भारती सीतापुर जिला इकाई के तत्वावधान में सिविल लाइंस स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता करते हुए इंजी. अम्बरीष श्रीवास्तव अम्बर ने कहा, धार्मिकता मन में रहे, जीवन में आनंद। आओ हम सब साथियों बनें विवेकानंद।। मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के. बी. श्रीवास्तव ने स्वामीजी के जीवन के आध्यात्मिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा, अत्यंत जिज्ञासु एवं तार्किक बुद्धि के बालक नरेन्द्र की मानसिक क्षुधा को तो केवल महान आध्यात्मिक गुरु रामकृष्ण परमहंस ही तृप्त करके स्वामी विवेकानंद के रूप में स्थापित कर पाए थे।ऐसे स्वामीजी द्वारा प्रदत्त शिक्षा को अपनाकर ही भारत का विश्व गुरु बना पाना संभव हो सकेगा। तुषार मिश्र ने कहा, मुझे उस जगह की तलाश है, जहाँ तेरे मिलने की आस है। मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा गिरजाघर, देख लिया है मैंने हर जगह जाकर।। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजेश श्रीवास्तव ने कहा, तुलसी के राम देखो सूर केरे केशवा, गांधी बाबा तोहरा बिकाय रहा देशवा। अशोक मिश्रा ने कहा, शूल कितने भी बिछे हों अनवरत चलता रहूंगा, दूसरों की राह में बनकर दिया जलता रहूंगा। इस अवसर पर कवयित्री सुनीता यादव को महादेवी वर्मा सम्मान प्रदान किया गया जिसे प्राप्त करने के उपरांत सुश्री यादव ने कहा, सर्वधर्म की जननी संदेश शिकागो में सुनाया था, युवा मनों में वायु वेग सम भारत ध्वज लहराया था। उस अद्भुत शक्ति का अहसास कराने आई हूं, हे भारत के वीरों तुमको पुनः जगाने आई हूं। विवेक मिश्रा राज ने कहा, विग्रह नहीं अब तुम समन्वय शांति के पथ पर बढ़ो! मांग छोड़ो मन में अपने त्याग संयम भर बढ़ो! डॉ. सतीश चंद्र वर्मा ने कहा, संचालक ने हास्य पूर्ण शून्य का विषय दिया, स्वामी जी ने शून्य पर भारत को वेदांत दिखाया था। कार्तिकेय शुक्ला ने कहा, वो शून्य पर बोले और अनंत हो गए , विवेकानंद सदचित्त आनंद और संत हो गए। अभय मिश्रा ने कहा, लम्हा लम्हा इस वक्त ने पत्थर सा तराशा है मुझे, लगा था कि कुछ चिरागों से होगा यह रोशन जहां पर वह सब भी हैं बुझे।। सुमन मिश्रा ने कहा, हमारे राम जी के नाम का आधार है सारा, प्रभु की शक्ति से मानव का जीवन सार है सारा, जहां पहुंचे जहां निकले कुछ ऐसा कर दिखाया है, बनी पत्थर अहिल्या मातु चरणों रज से है तारा। उपरोक्त के साथ-साथ बिंदुप्रभा, राजेंद्र रंचक, जी. एल. गांधी, दीपक सागर, सूरज सीतापुरी, अर्पित मिश्र तेजस, आदि ने भी स्वामीजी पर आधारित अपना श्रेष्ठतम काव्य पाठ किया। उपरोक्त अवसर पर लालता प्रसाद गौड़,अरविंद अवस्थी, सहदेव कश्यप, धीरज रस्तोगी, भावना अवस्थी, सिद्धार्थ अवस्थी, जराखन कश्यप, अंकुर कश्यप एवं संतोष कनौजिया आदि उपस्थित रहे ।

# कर्मचारियों और अधिकारियों के अलावा तीसरा व्यक्ति नही जा सकेगा परिक्षा केन्द्र पर




**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 को सकुशल सम्पन्न कराने के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परीक्षा के संबंध में जारी निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुये पूर्ण शुचिता के साथ परीक्षा सम्पन्न करायी जाये। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जायें। अनुमन्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों के अतिरिक्त कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति परीक्षा केन्द्र में न आ सके, यह भी सुनिश्चित किया जाये। सभी कार्मिकों से नो रिलेशन सर्टिफिकेट अवश्य प्राप्त किया जाये तथा सभी को परीक्षा प्रक्रिया एवं नियमों की जानकारी हेतु पर्याप्त प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाये। सभी अधिकारी निर्धारित ड्यूटी स्थलों पर समय से पहुंचकर पूर्ण निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। पर्याप्त संख्या में कक्ष निरीक्षकों की तैनाती भी की जाये।बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने सभी केन्द्र अधीक्षकों एवं अन्य अधिकारियों को अवगत कराते हुये बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा 18 जनवरी 2025 को आयोजित की जायेगी, जिसमें जनपद में स्थित 02 जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने परीक्षा की सम्पूर्ण प्रक्रिया के विषय में सभी को जानकारी देते हुये अपेक्षा की कि निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि छात्रों को आवश्यक सुविधाएं नियमानुसार उपलब्ध करायी जायें।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत सकरन में मनरेगा में हो रहा फर्जीवाड़ा




**सीतापुर( सकरन )।** विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत सकरन में मनरेगा योजना से चल रहे कार्यो में जिम्मेदारो के संरक्षण में फर्जीवाडा किया जा रहा है, प्रधान,रोजगार सेवक व तकनीकी सहायक की मिलीभगत मनरेगा योजना पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है, आलम यह है की ग्राम पंचायत में मनरेगा से चार कार्य चलाए जा रहे है चारो ही कार्यो पर 5 व्यक्तियों को खड़ा करके फोटो ऑनलाइन अपलोड की जा रही है। ग्राम पंचायत में चल रहे कार्य हरीश के क्रेशर के पास पुलिया से हरीश के खेत तक ड्रेन सफाई कार्य, भुरू के खेत से भोलई के खेत तक ड्रेन सफाई कार्य , भोलई के खेत से जीवन के खेत तक ड्रेन सफाई व खुदाई कार्य व पुलिया स हरीश के खेत तक ड्रेन सफाई व खुदाई कार्य उक्त चारो कार्य पर 129 श्रमिको की फर्जी हाजिरी दर्ज कर घोटाला किया जा रहा है, चारो कार्यो पर 15 मास्टर रोल जारी किए गए है वही सभी मास्टर रोल पर एक ही शर्मिको की फोटो अपलोड की जा रही है। जब इस सम्बंध में तकनीकी सहायक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रधान जी से बात कर ले।

# ट्रैक्टर ट्राली से हुए खनन मौके पर दारोगा को मिली बैलगाड़ी

## बोला खनन माफिया यादव सौ पचास रूपये देकर लेता हूं पुलिस से परिमिशन



**सीतापुर।** जिले के पिसावां इलाके में हो रहे खनन पर अजीबों गरीब चर्चाएं हो रही है। खनन माफिया ने दावा कर दिया है कि हम खनन नही करते है खनन जेसीबी से होता है हम तो अपना वाहन फावड़े से भरवाते है इस कारण इसके खनन नही कहा जा सकता है। हम मिटटी का कारोबार करते है। खनन माफिया ने पुलिस को लेकर कहा कि हम पुलिस को सौ पचास रूपये देकर पुलिस से परमिट और परमिशन दोनो ही लेते है। जब यह मामला पिसावां थाने पहुंचा तो दारोगा अनिल ने दावा किया कि हम और लेखपाल दोनो मौके पर गये वहां पर हमें बैलगाड़ी मिली लेकिन जो वीडियों वायरल हो रहा है उसमें खनन ट्रैक्टर ट्राली के जरिये होता हुआ देखा जा रहा है और चालक राजेश यह भी कहते हुए सुना जा रहा है कि मिटटी वैध है अथवा अवैध इसकी जानकारी हमें नही है। हम तो केवल टैऊक्टर चलाते है और खनन का कार्य पिसांवा थाने के ग्राम खालेपुरवा निवासी हरिहर द्वारा करवाया जा रहा है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार पिसावा थानान्तर्गत ग्राम खाले पुरवा निवासी हरिहर द्वारा खालेपुरवा, पकरिया से खनन करवाकर वाहन के द्वारा रतौसिया जहा रहा था। कुछ लोगों ने इसका विरोध किया तो खनन माफिया ने उन लोगों को भी धमकी दी। इस मामले का एक वीडियों भी जारी हुआ। इस सम्बन्ध में दारोगा ने कहा कि इस खनन की शिकायते हमे पिछले कई दिनों से मिल रही थी हम लेखपाल साथ मौके पर गये वहां हमे बैलगाड़ी मिली। वहीं खनन माफिया ने ऐलान करते हुए कहा कि हम मिटटी का कारोबार करते है इसके लिये पुलिस को सौ पचास रूपये देकर परमिट और परमिशन दोनो ही लेते है।

### पालिका की टीम ने अतिक्रमण हटवाया

**सीतापुर।** सीतापुर में प्रशासन ने मंगलवार को अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। लहरपुर नगर के बिस्वां तिराहा स्थित गेट पर तहसील और पालिका प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से सरकारी बंजर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, लहरपुर गेट के पास सीतापुर और बिस्वां जाने वाले मार्ग पर गाटा संख्या 1833 और 1831 की एक बीघा बंजर भूमि पर अवैध कब्जा था। इस कार्रवाई में नायाब तहसीलदार अरुण कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल के नेतृत्व में राजस्व टीम मौजूद रही।

# जब युवा अपने नए विचारों को देश और समाज के प्रति लगाता है तभी होती है प्रगति-जिला जज कुलदीप सक्सेना




**सीतापुर ।** युवाओं के मस्तिष्क में हमेशा नये विचार जन्म लेते हैं। अपने नए विचारों को युवा जब देश और समाज की सेवा में लगाता है तो इससे प्रगति बढ़ती है। युवा ही समाज और देश का असली ताकत है। युवाओं को हमेशा देश सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। देश और समाज तभी आगे बढ़ेगा जब समाज में रहने वाले सभी आगे बढ़ेंगे। पढ़ाई के साथ-साथ समाज के गरीब, शोषित, पीड़ित लोगों को उनके अधिकारों कर्तव्यों की जानकारी उपलब्ध करवाकर न्याय दिलाने में सहायता करना भी हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। आप सभी समाज का दर्पण है। जब आप शिक्षित होंगे तभी समाज भी शिक्षित होगा। उक्त बातें संजू प्रजापति स्मारक इंटर कॉलेज परिसर में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुपालन में व जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर कुलदीप सक्सेना के निर्देश पर सोमवार आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता गोष्ठी का शुभारंभ मां शारदे, मां भारती व स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन करते हुए मुख्य अतिथि अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के अपर जिला जजध्सचिव नरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा सरकार की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हमें जानकारी के अभाव के चलते नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य जरूरतमंदों को विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। महिलाएं, बच्चे, जरूरतमंद जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपए से कम है उनको जरूरत पड़ने पर निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलएडीसी सुजीत वाजपेयी ने कहा कि बच्चे समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। बच्चों के अधिकारों को लेकर वैश्विक स्तर और देश स्तर पर तेजी से प्रयास हुए है। 1959 में संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकारों की शुरुआत हुई थी। भारत में भी बच्चों को मौलिक और विधिक अधिकार दिए गए हैं, जिनके बारे में जागरूक होना आवश्यक है। गोष्ठी का संबोधित करते हुये बार एसोसिएशन सीतापुर के पूर्व महासचिव विमल मोहन मिश्र और सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन रमेश वाजपेयी ने युवाओं को साइबर अपराध के प्रति सचेत रहने की सलाह दी। कालेज की छात्राओं सारिका मौर्या, गुड़िया देवी, माही व आयुषी वर्मा ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता भूपेंद्र दीक्षित व अतिथियों का स्वागत संस्था के संरक्षक राम प्रवेश प्रजापति, प्रधानाचार्य प्रदीप प्रजापति व कैप्टन दीपक प्रजापति ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर किया। इस अवसर पर मोहन प्रसाद बारी, चैकी इंचार्ज गोड़ैचा शिवम सिंह, बारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मिल्कीपुर उपचुनाव में बीजेपी ने चंद्रभानु पासवान को बनाया प्रत्याशी

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान को टिकट दिया जाने पर श्रीराम सेना अंतरराष्ट्रीय ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सिंह ने भारतीय जनता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों के साथ साथ उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही जी एवं जीपीएस राठौर जी का धन्यवाद दिया दिनेश सिंह ने कहा कि संगठन में उनकी बात रखी इसके लिए सभी कार्यकर्ता तन मन धन से पासवान जी को जिताकर विधानसभा में भेजेंगे ही नहीं बल्कि लोकसभा मैं मिली हार का बदला लिया जाएगा समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव से उन्होंने निवेदन किया कि अयोध्या मिल्कीपुर उपचुनाव में वह हनुमान चालीसा पाठ बिना देखे पढ़ कर सुनाएं तभी किसी हिंदू का वोट समाजवादी पार्टी के पक्ष मे मांगे अन्यथा मियां दाढ़ी के बारे में ही सोचें हिंदुओं को गुमराह करना परिवारवाद को बढ़ावा देना गुंडे माफिया की सरकार समाजवादी पार्टी रही है।

### अयोध्या महाकुंभ के लिए रेलवे की विशेष व्यवस्था

**अयोध्या।** उत्तर रेलवे ने अयोध्या महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया है। लखनऊ मंडल द्वारा 17 जनवरी से 28 फरवरी तक कुंभ स्पेशल और रिंग रेल स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। हालांकि, 28 से 30 जनवरी के बीच इन ट्रेनों का संचालन नहीं होगा। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 04251 प्रयाग जंक्शन से अयोध्या कैंट के बीच 40 फेरे लगाएगी। यह ट्रेन प्रयाग से रात 8.30 बजे रवाना होकर रात 11.55 बजे अयोध्या कैंट पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04252 अयोध्या कैंट से दोपहर 3ः45 बजे चलकर शाम 7.55 बजे प्रयाग जंक्शन पहुंचेगी। फाफामऊ-अयोध्या कैंट रूट पर भी विशेष ट्रेन (गाड़ी संख्या 04253) 40 फेरे लगाएगी। यह सुबह 11.15 बजे फाफामऊ से रवाना होकर दोपहर 2.45 बजे अयोध्या कैंट पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04254 अयोध्या कैंट से सुबह 6.15 बजे चलकर सुबह 10.15 बजे फाफामऊ पहुंचेगी।

### भाजपा ने मिल्कीपुर से नए चेहरे चंद्रभानु पासवान को उतारा

**अयोध्या।** अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भाजपा ने प्रत्याशी का ऐलान कर दिया। भाजपा ने 39 साल के चंद्रभानु पासवान को टिकट दिया है। चंद्रभानु का मुकाबला सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद से होगा। यानी, अयोध्या में दोनों प्रत्याशी पासी समुदाय से हैं। सपा कैंडिडेट अजीत प्रसाद 15 जनवरी को नामांकन करेंगे। चंद्रभानु पासवान रुदौली के परसोली गांव के रहने वाले हैं। उनका यह पहला विधानसभा चुनाव है। चंद्रभानु पासवान पेशे से कारोबारी है। रुदौली में इनकी कपड़े की दुकान है। इसके अलावा पेपर का कारोबार है। चंद्रभानु की पत्नी कंचन पासवान जिला पंचायत सदस्य हैं। पिता भी कई साल तक ग्राम प्रधान रहे हैं। लोकसभा चुनाव-2024 में अवधेश प्रसाद के सांसद बनने से मिल्कीपुर (सुरक्षित) सीट खाली हो गई थी। 5 फरवरी को यहां उपचुनाव के लिए वोटिंग है। 8 फरवरी को नतीजे आएंगे। मिल्कीपुर में 17 जनवरी को नामांकन की अंतिम तिथि है। मिल्कीपुर से टिकट की दौड़ में पूर्व भाजपा विधायक बाबा गोरखनाथ समेत 5 लोगों का नाम चल रहा था। लेकिन, जातीय और मौजूदा समीकरण में चंद्रभानु फिट बैठे।

### अयोध्या में अंतर्जनपदीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल

**अयोध्या।** अयोध्या के मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र में श्री दरबारी लाल विमला देवी कृष्ण कुमार महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में एक रोमांचक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अंतर्जनपदीय प्रतियोगिता में अयोध्या, सुल्तानपुर और अमेठी जिलों की कुल 14 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन रूदौली विधायक राम चंद्र यादव और भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने किया। सेमीफाइनल में श्री गणेश सिंह महाविद्यालय ने संत भीखादास महाविद्यालय को, जबकि बाबा बैजनाथ महाविद्यालय ने कीन्हूपुर की टीम को पराजित किया। बेस्ट ऑफ थ्री के फाइनल मुकाबले में बाबा बैजनाथ महाविद्यालय ने श्री गणेश सिंह महाविद्यालय को 3-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता और उपविजेता टीमों को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने शील्ड प्रदान की।

# लाखों करोड़ों की टैक्स चोरी जीएसटी के बाद भी हो रहा बिना बिल का कारोबार

## उपभोक्ताओं को नहीं दिया जा रहा बिल, टैक्स चोरी कर रहे व्यापारी

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकरनगर ।** जनपद के अकबरपुर के अधिकांश व्यापारियों द्वारा जीएसटी के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। व्यापारी ग्राहकों द्वारा बिल नहीं मांगे जाने का बहाना बनाकर सामानों का बिल नहीं देते हैं तो वहीं ग्राहकों का मानना है कि यदि हम बिल नहीं लेंगे तो सामान सस्ता मिलेगा। आपको बता दें कि जीएसटी बिल लागू करते समय बड़े बदलाव की बातें कही जा रही थी, लेकिन अकबरपुर, जलालपुर, हंसवर, टांडा, आलापुर, कटहरी, शहजादपुर सहित आसपास के कारोबारियों के पुराने ढर्रे पर ही सामान की बिक्री की जा रही है। ग्राहक चाहें जितने की खरीददारी कर लें उसे पक्का बिल नहीं दिया जाता। हद तो तब हो जाती है जब ज्यादा चतुर व्यापारी पक्के बिल के नाम पर सामग्री के दाम कुछ और बढ़ जाने की बात कहते हैं जिससे ग्राहक बिना बिल के संतुष्ट हो जाता है कम पढ़े लिखे लोगों को बचत के नाम पर पक्का बिल देने की बजाये सादे कागज व ईबुक पर लिखकर दे दिया जाता हैं। दरअसल, बिलिंग के आधार पर ही सरकारी खजाने में टैक्स जमा होता है लेकिन व्यापारियों द्वारा टैक्स




चोरी करने के लिए बिल नहीं काटे जा रहे हैं। आखिर कब वाणिज्यकर अधिकारी क्षेत्र में उक्त जायजा लेंगे। जो भी व्यापारी बिल नहीं दे रहे हैं क्या उन पर कार्रवाई की जाएगी यह अपने आप में बड़ा और अहम सवाल है। आयकर और वाणिज्य कर विभाग के द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर टैक्स चोरी करने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है जो सिस्टम पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। लेकिन जीएसटी लागू होने के बाद से किसी भी कारोबारी के यहां विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है। जबकि क्षेत्र में प्रतिदिन करोड़ों का व्यापार किया जा रहा है। शासन ने भले ही मेडिकल व अन्य दुकानों में दवा व समागरी खरीदने पर ग्राहकों को पक्का बिल देना अनिवार्य कर दिया है लेकिन इसका भी पालन क्षेत्र में नहीं हो पा रहा है। अधिकांश मेडिकल दुकानों व अन्य फैक्टरियो के संचालक इसकी अनदेखी कर रहे हैं। दवा की खरीदारी व अन्य समागरी पर पक्का बिल नहीं देकर सादी पर्ची पर सिर्फ दवा व सामान का दाम जोड़कर दे देते हैं। पक्का बिल मांगने पर दवा व अन्य समागरी नहीं देने और परेशान करने लगते हैं। क्षेत्र में ड्रग इंस्पेक्टर भी जांच पड़ताल करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। इससे सरकार को लाखों रुपये के राजस्व की क्षति हो रही है। इसी तरह आभूषणों, इलेक्ट्रॉनिक, खाद-बीज, दवाईयां, किराना,भूषणों, इलेक्ट्रॉनिक, खाद-बीज, दवाईयां, किराना, गल्ला व्यापारी, आदि की दुकानों पर ग्राहक को अधिकांश जगह पर कच्चा व ईबुक की बिल ही मिलता है लेकिन दुकानदार अपने रिकॉर्ड पर पक्के बिल ही काटता है। सूत्रों की मानें तो दुकानदारों द्वारा पक्का बिल इसलिए नहीं दिया जाता हैं कि सामान में गुणवत्ता संबंधित कोई समस्या हो तो बिल के आभाव में कहीं शिकायत का दावा भी नहीं किया जा सकता। सबसे बड़ा सवाल कि क्या अब उपभोक्ताओं को बिल, टैक्स चोरी से बचा पाएंगे जिम्मेदार अधिकारी क्यों कि क्षेत्र के अधिकांश व्यापारियों द्वारा जीएसटी के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

# ड्रीम कबड्डी लीग का हुआ समापन जिसमें विजेता रही ड्रीम डायमंड

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

जी एस एम पब्लिक स्कूल रतनपुरी मुजफ्फरनगर में आयोजित ड्रीम कबड्डी लीग का हुआ समापन जिसमें विजेता रही युवा फाइटर , उपविजेता रही शामली स्टार व द्वितीय उपविजेता रही ड्रीम डायमंड इसके अलावा अवध राइडर्स , अकबरपुर किंग, मेरठ टाइगर्स, मुजफ्फर नगर डेंजर वो सहारन पुर शुरमा टीमों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा और सभी टीमों को भी सम्मानित किया गया । इस लीग के फाउंडर डॉ0 जी प्रवीण शेट्टी सर (इंटरनेशनल एंबेसी मेम्बर) ने बताया कि इस लीग के माध्यम से खिलाड़ियों को एक अच्छा प्लेटफॉर्म दिया जा रहा है, ठाकुर मोहित सोम ने बताया कि प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को नगद



पुरुस्कार ओर मेडल, ट्रॉफी व लीग का सर्टिफिकेट देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। लीग के अध्यक्ष आदर्श प्रताप सिंह ओर लीग फाउंडर डॉ0 जी0 प्रवीण शेट्टी ने बताया कि ये सीजन 1 था अभी सीजन 2 में खिलाड़ियों को और बेहतर सुविधाएं संस्था के द्वारा दी जाएगी। इस मौके पर गौरवा नन्द महराज ,शिवकुमार शर्मा राष्ट्रीय महासचिव किसान यूनियन किसान,देवेंद्र मुखिया जी,विवेक बालियान (डॉ संजीव बालियान पूर्व सांसद मुजफ्फर नगर),राम नाथ सिंह डिस्ट्रिक्ट कॉपरेटिव बैंक चेयरमैन, आदेश सोम , मनोज राणा समाजसेवी,संजय सोम,सुबोध सोम, अरविंद सोम, संदीप शेरा, सामबीर तालियान मिस्टर वर्ल्ड, विनीत सिरोहा सचिव उत्तर प्रदेश इंडियन यूथ गेम्स एसोसिएशन, रोहित चौहान यू पी डी बी ए अध्यक्ष, टोनी मालिक ,नितिन शर्मा यू पी डी बी ए उपाध्यक्ष , रविकांत शर्मा यू पी डी बी ए कोषाध्यक्ष, हिमांशु शर्मा, विकाश पुंडीर शामली जिला अध्यक्ष डी बी ए, अजय धीमान जी मीडिया प्रभारी यू पी डॉज बॉल एसोसिएशन प्रहलाद नारायण जिला सचिव अमेठी व दिव्यांशु तिवारी जिला सचिव अंबेडकर नगर समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रयागराज हाईवे पर झारखंड-गुजरात के दर्शनार्थियों के वाहन भिड़े

## 10 लोग घायल स्कॉर्पियो में लगी आग

**अयोध्या।** प्रयागराज हाईवे पर झारखंड-गुजरात के दर्शनार्थियों के वाहनों में टक्कर हो गई। हादसे में 10 लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्कॉर्पियो में आग लग गई। अयोध्या में मंगलवार को प्रयागराज हाईवे पर झारखंड और गुजरात के दर्शनार्थियों की स्कॉर्पियो व कार में जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो में आग लग गई। पेट्रोल पंप संचालक की ओर से आग को बुझाया गया। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। दोनों वाहनों में सवार 10 लोग हादसे में घायल हो गए। मिली जानकारी अनुसार हादसा बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट बाजार में पेट्रोल पंप के सामने हुआ। कोतवाली पुलिस और स्थानीय लोगों ने वाहन में फंसे घायलों को बाहर निकालकर तीन एंबुलेंस के जरिए उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ. संत कुमार मौर्य और डॉ. धर्मेंद्र रंजन ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया गया कि अयोध्या में दर्शन पूजन करने के बाद झारखंड के दर्शनार्थी प्रयागराज महाकुंभ में जा रहे थे। इसी दौरान प्रयागराज की तरफ से अयोध्या की तरफ आ रहे गुजरात के दर्शनार्थी अपने वाहन को पेट्रोल पंप की तरफ पेट्रोल भरवाने के लिए मुड़े और दोनों वाहनों में आमने-सामने टक्कर हो गई। घायलों में झारखंड के गुल्ली थाना इटखोरी निवासी अनुराधा ( 50) मन्नी देवी (40), ममता (25) , नेहा कुमारी (21) , नई सराय गुजरात निवासी नितिन (45) , मंथन (17) , वर्षा (37), श्रेया (11), किशोर परमार( 62 ) और एक अन्य शामिल हैं। दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि दुर्घटना के सभी घायलों को अस्पताल भेजवाया गया है।

# मकर संक्रांति के अवसर पर हुए विविध आयोजन

## दान पुण्य की मची रही धूम

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** मकर संक्रांति के अवसर पर नगर में जगह-जगह खिचड़ी भोज आयोजित की गई। अन्य विभिन्न स्थानों पर विविध आयोजन किया गया।नगर स्थित प्रसिद्ध मंदिर श्री शीतला माता मठिया मंदिर मोहल्ला,घसियारी टोला के प्रांगण में कमेटी अध्यक्ष रविकांत जायसवाल और बेचू गुप्ता के टीम द्वारा खिचड़ी भोज, कम्बल का वितरण समारोह आयोजन किया गया । आशीर्वाद सेवा ट्रस्ट के कृष्ण कुमार गुप्त रिन्नू के टीम द्वारा जरूतमंदों में कंबल वितरण के साथ खिचड़ी भोज आयोजन किया। मुख्य अतिथि महंत रामप्रसाद दास ने मकर संक्रांति की बधाई देते हुए बताया कि सनातन संस्कृति के पर्वो में दान पुण्य के माध्यम से वंचित लोगों की सहायता का विधान बनाया गया है।गंगा स्नान करने व गरीबों को पीला भोजन खिचड़ी,मिष्ठान्न आदि का दान महत्वपूर्ण माना जाता है। मेरी कामना



है कि यह त्योहार सभी के जीवन में सफलता और खुशियां लाए। भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप कुमार , संरक्षक चंद्र लाल जायसवाल,पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र,सभासद अजीत निषाद ,नगर महामंत्री विकाश निषाद,श्रवण कुमार,विजय कुमार समेत अन्य की उपस्थिति में जरूरतमंदों एवं गरीबों में कंबल वितरित किया गया । विभिन्न कार्यक्रमों में घनश्याम दास गुप्त, बाबूराम गुप्त ,श्यामजी गुप्त,अवधेश गुप्त,रमन कसोधन, पिछड़ा मोर्चा नगर अध्यक्ष सोनू गौड़,कुलदीप अग्रहरि,दिलीप यादव समेत नगर के प्रमुख समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे और अपनी सेवा दी।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मकर सक्रान्ति का पर्व

**सिधौली-सीतापुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत नगर एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में मकर-संक्रान्ति का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने स्नान करने के पश्चात दान-दक्षिणा के पश्चात खिचड़ी खाई। गौरतलब है कि ज्योतिष और खगोल विज्ञान के अनुसार मकर संक्रान्ति पर सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं। इस मौके को महत्वपूर्ण मानते हुए श्रद्धालु सनातनधर्मी पवित्र नदियों में स्नान करते हैं और दान दक्षिणा देते हैं। ब्राह्मणों को दान देना उत्तम समझा जाता है। लोग अपनी बहनों और बेटियों को घर बुलाकर खिचड़ी खिलाते हैं और दक्षिणा देते हैं। पंजाबी परिवार मकर संक्रान्ति के एक दिन पूर्व लोहड़ी का पर्व मनाते हैं। लोहड़ी पर अलाव जलाकर उसके आस-पास नांच गाना होता है। नवविवाहित जोड़ों के लिए लोहड़ी का त्योहार महत्वपूर्ण माना जाता है। मकर संक्रान्ति के मौके पर नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में लोगो ने परम्परागत तरीके से पर्व मनाया।

# नैका में सम्पन्न हुआ खिचड़ी मिलन समारोह

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव

शंकरगढ़ विकास खण्ड के ग्राम पंचायत कल्याणपुर के नैका गांव में मकर संक्रान्ति पर्व पर खिचड़ी मिलन समारोह आयोजित किया गया। आयोजक समाजसेवी शैलेन्द्र यादव द्वारा पूरे नैका गांव में घर-घर थाली मिष्ठान वितरण किया गया,इस मौके पर गांव के लोगों में काफी उत्साह और उमंग रहा और खुशहाली व्यक्त किए, गांव वालों का कहना है कि शैलेन्द्र यादव द्वारा



बहुत से सामाजिक कार्यक्रम होते रहते हैं, जैसे कि खेल कूद, कम्बल वितरण अन्य कार्यक्रम समय-समय पर होते रहते हैं इस अवसर पर अजायब लाल पाल, राकेश यादव,अजय कुमार, राहुल एवं भारी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा गोविंदधाम में भी धूमधाम से मनी संक्रांति

**अयोध्या।** नजरबाग स्थित गुरुद्वारा गोविंदधाम में भी मकर संक्रांति भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर लखनऊ स्थित गुरुद्वारा आशियाना के भाई गुरमीत सिंह ने गुरुवाणी का कीर्तन किया। इसके बाद जत्थेदार बाबा महिंद्र सिंह ने संक्रांति की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति के बाद एक माह की अवधि हरि सुमिरन की दृष्टि से श्रेष्ठ तम है और इस



एक माह में किया गया सुमिरन एक वर्ष के बराबर सिद्ध होता है। उन्होंने जीवन नाम साधना के प्रति समर्पित करने का आह्वान किया। जत्थेदार बाबा महिंद्र सिंह ने आगे कहा कि नाम जप के साथ नाम जापकों की सेवा भी बहुत कीमती है। उनकी चरण धूल भी जीवन बदल सकती है। सेवादार नवनीत सिंह ने बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं के प्रति आभार ज्ञापित किया। कहा, हरि सुमिरन, सेवा और संवेदना हमारा सूत्र है और इसी की पतवार लेकर हम बड़े से बड़े तूफान को पार कर सकते हैं।

# अहिरौली पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान एक गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

### रामपुरी चाकू के साथ किया गया गिरफ्तार

**अम्बेडकर नगर।** पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिये दिये गये दिशा निर्देश व अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी भीटी के मार्गदर्शन में अहिरौली पुलिस के मुताबिक दिनांक



13 जनवरी 2025 को रात्रि गश्त व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन करते हुआ अन्नावा बाजार पंहुचा तो देखा कि एक व्यक्ति पैदल ही बाजार में घूमते हुए आराध्या बुक डिपो की दुकान की शटर के पास मौजूद था पुलिस वालो को देखकर भागने का प्रयास किया मौके पर पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया और नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी लिया गया तो अपना नाम अजय गौंड पुत्र मनीराम गौंड नि0 शहजादपुर थाना अकबरपुर अम्बेडकरनगर उम्र करीब 45 वर्ष बताया जामा तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक अदद नाजायज रामपुरी चाकू बरामद हुआ करीब 02.10 बजे रात को पुलिस हिरासत में लिया गया। गिर0/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 11/2025 धारा 4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत किया गया। बाद विधिक कार्यवाही अभियुक्त को माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# जमीनी विवाद को लेकर राजस्व विभाग के अधिकारीयों का सामने आया गजब का खेल

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकरनगर।** जिले के थाना जहाँगीरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत तिलक टांडा में जमीनी विवाद को लेकर राजस्व विभाग के अधिकारीयों का सामने आया गजब का खेल। यह ग्राम वासियों की पटटा शुदा भूमि है जिसका गाटा संख्या 220 लगभग 28 साढ़े विस्वा जमीन है। जिसमें 32 लोगों के नाम आवास के नाम पर आवंटन हुआ था। आपको बता दें कि पप्पू कुमार सफाई कर्मी पुत्र रामधनी को लगभग आधा विस्वा भूमि तहसील आलापुर में राजस्व विभाग के पत्रावली मे दर्ज है।राजस्व विभाग के व्दारा आधा विश्वा की जमीन को 13 हेक्टेयर को आवास आवंटन फर्जी तरीके से दर्ज कर रिपोर्ट लगा दिया गया है । पीड़ित शनि कुमार ने बताया कि हमारी माता सिंगाजी देवी के नाम 13 हेक्टेयर की जमीन दर्ज है। अभिलेख में घाटा संख्या 220 से 0.00349 हेक्टेयर स्थिति ग्राम तिलक टांडा राजस्व अभिलेख में नवीन परती (ह0 आ .सु ) भूमि है। पीड़ित शानि के विपक्षी लेकिन पप्पू कुमार सफाई कर्मी द्वारा पट्टा शुदा भूमि पर अवैध कब्जा कर आवास का नव निर्माण करने लगे तो जब गाँव वाले ने निर्माण कार्य को रोका तो विपक्षी द्वारा तहसील आलापुर में जाकर गाटा संख्या 220 पट्टा सुदा भूमि की पैमाइश कराने के लिए



आलापुर एस डी एम महोदय जी को प्रार्थना पत्र देकर पट्टा शुदा भूमि की पैमाइश कराने का आदेश करवाया लेकिन जब राजस्व विभाग की टीम द्वारा पैमाइश किया गया तो उस पैमाइश में राजस्व विभाग की मिलीभगत से गलत पैमाइश कर दिया गया। राजस्व विभाग लापरवाही आई सामने तहसील आलापुर में एस डी एम,नायब तहसीलदार,क्षेत्रीय लेखपाल कानूनगो सहित अधिकारीयों की लापरवाही व मिलीभगत से पप्पू कुमार सफाई कर्मी प्रभावशाली होने के कारण पट्टा शुदा भूमि विपक्षी के पक्ष में अधिकारियों द्वारा पैमाइश की गई और शिकायती पत्र में फर्जी आख्या की,गलत तरीके से रिपोर्ट लगा दी। बता दें कि जब यह मामला न्यायालय अकबरपुर कोर्ट व हाईकोर्ट लखनऊ में चल रहा है। विपक्षी पप्पू कुमार सफाई कर्मी द्वारा कोर्ट में आधा विस्वा की पट्टा शुदा भूमि का कागज़ात कोर्ट में पेश किया गया है।वही इस मामले में राजस्व विभाग टीम सहित नायब तहसीलदार पैमाइश करने के लिए पहुंचे तो विपक्षी पीड़ित शानि कुमार को गाली-गलौज व अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया वीडियो में साफ देखा जा सकता है।नायब तहसीलदार राजकपूर के बिगड़े बोल आये दिन सुनने को मिलता रहता है नायब तहसीलदार आलापुर के पास फरियादी फरियाद लेकर जाता है तो अभद्रतापूर्ण भाषा का प्रयोग करते हैं और जमीनी मामले में फरियादी को डांटकर भागते है फरियादी इनके दुर्व्यवहार से परेशान है। इसी कड़ी में यह मामला तिलक टांडा में राजनीतिक प्रभाव होने के कारण थाना जहाँगीरगंज की पुलिस प्रशासन भी सफाई कर्मी के पक्ष में पट्टा शुदा भूमि पर आवास नव निमार्ण करवा रही है । यही मामला कोर्ट में विचाराधीन है लेकिन विपक्षी सफाई कर्मी द्वारा कोर्ट के आदेशों का उल्लाघंन किया जा है।राजस्व विभाग के उच्चाधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। पीड़ित दर-दर की ठोकरें खा रहा है।

### 17 जनवरी को होगी बैठक

**सीतापुर ।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के निर्धारण हेतु जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 17 जनवरी 2025 को दिन शुक्रवार को अपरान्ह 12.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आहूत की गयी है।उक्त बैठक में समस्त संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण, मा0 जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, पत्रकार बन्धु, गैर सरकारी स्वैच्छिक संस्थाओंध्संगठनों के पदाधिकारीगण प्रतिभाग करेंगें। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी (न्याय अनु0)ध्नगर मजिस्ट्रेट सीतापुर ने दी।

## संक्षिप्त समाचार

### वकील कुरैशी के निवास पर सांसद चंद्रशेखर आजाद का स्वागत



**नगीना।** केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता अश्विनी वाल्मीकि नगीना निवासी आज़ाद समाज पार्टी के मुंबई प्रदेश उपाध्यक्ष वकील कुरैशी के निवास पर आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद चंद्रशेखर आजाद का भव्य स्वागत किया गया।वकील कुरैशी ने शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया।इस मौके पर सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि वह सभी पीड़ित व्यक्ति की हर संभव मदद करते हे।उन्होंने कहा कि आप अपनी समस्या को बता सकते हैं।हर संभव मदद की जाएगी।इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।वकील कुरैशी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### जिला कार्यालय में वाहनों से प्रवेश के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जगदलपुर बस्तर छत्तीसगढ़ चंद्रिका प्रसाद काछी

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने समय-सीमा की बैठक में शासन के निर्देशानुसार शासकीय कर्मचारियों और अधिकारियों को दुपहिया वाहन के चालन करते समय हेलमेट का उपयोग करने तथा चार पहिया वाहन चलाने के दौरान सीट बेल्ट लगाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टर परिसर में बिना हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वालों पर कार्यवाही करने की स्थिति की समीक्षा की। अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल ने बताया कि अभी कार्यालय में आने वाले को समझाईश दी जा रही आगामी दिनों में कड़ाई से पालन कराया जाएगा और जुर्माना भी वसूल किया जाएगा ।

### कमरे में फंदे से लटका मिला महिला का शव

केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम

पीलीभीत घुघचाई थाना क्षेत्र के गांव में फंदे से लटका मिला महिला का शव,पुलिस को सूचना दिए बिना किया गया अंतिम संस्कार घुघचाई थाना क्षेत्र के गांव की रहने बाली युवती की सदी 6 महा पूर्व थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव के रहने वाले एक युवक की साथ हुई थी बताया जा रहा है शादी के कुछ दिनों बाद महिला का पति बाहर चला गया पति महिला को अपने साथ नहीं ले जा रहा था तीन माह से महिला अपने पिता के घर पर ही रह रही थी महिला के माईके में कमरे में छत के कुंडे से रस्सी से महिला का शव लटका मिला पुलिस को सुचना दिए महिला का अंतिम संस्कार कर दिया मंगलबार को थाना प्रभारी ने बताया कि उनको इस मामले की जानकारी नही है।

### मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में भाजपा नेता दीपक सोनकर ने किया खिचड़ी भोज वितरण



केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

**पीलीभीत-बरखेड़ा।** कस्बे मे मकर संक्रांति के पर्व पर भाजपा नेता दीपक सोनकर ने कस्बे मे अपने निवास पर खिचड़ी भोज का वितरण किया लोगो को सलाद, दही, चटनी और आचार सहित खिचड़ी भोज कराया इस मौके पर भईया लाल, डॉ0 शिवराम, शेर सिंह, लालबहादुर भोजवाल, कपिल भोजवाल, प्रिंस सोनकर, अभय प्रताप सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

---

#### खाकी वर्दी के नशे में धुत सिपाही वीडियो वायरल

# वीडियो का संज्ञान लेकर एस एस पी ने आरक्षी को किया लाइन हाजिर, सीओ को सौंपी जांच

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद के क्षेत्राधिकारी सदर के कार्यालय के समीप शराब के नशे में टल्ली खाकी वर्दी को शर्मशार करते हुए यू पी पुलिस के जवान का वीडियो सामने आया है।वायरल वीडियो में सिपाही शराब के नशे में धुत दिखाई दे रहा है जिसे सहयोगी पुलिस कर्मी ई रिक्शा पर बैठाकर ले जाते दिख रहे हैं।वायरल वीडियो मंगलवार दोपहर का बताया जा रहा है।हालांकि सोशल मीडिया में शराब के नशे में धुत सिपाही का वीडियो वायरल होने के बाद संज्ञान लेते हुए एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने आरक्षी को तत्काल लाइन हाजिर कर दिया है और जांच क्षेत्राधिकारी को सौंप दी है।जांच रिपोर्ट आने के बाद



कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।एटा पुलिस ने नशेड़ी सिपाही को लाइन हाजिर करने की जानकारी अपने ऑफिसियल ट्विटर हैंडल के माध्यम से साझा की है।जानकारी के अनुसार सिपाही का नाम धर्मेंद्र बताया जा रहा है।जो कि एटा के बागवाला कोतवाली में तैनात है।एटा के रामलीला मैदान में आयोजित प्रदर्शनी में आरक्षी इन दिनों तैनात है।बताया जा रहा है सिपाही एटा महोत्सव में ड्यूटी कर रहा है।अत्यधिक शराब के सेवन की वजह से वह नशे में धुत पड़ा था जैसे ही नशे में धुत खाकी वर्दी में सिपाही की सूचना कोतवाली नगर पुलिस को मिली तत्काल पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और शराबी सिपाही को ई रिक्शा में बैठाकर उसका मेडिकल परीक्षण करवाया गया है।मामले पर कोतवाली नगर थाना प्रभारी राजेश चौहान से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया मामला संज्ञान में आया है ।सिपाही बागवाला कोतवाली में तैनात है।इन दिनों एटा महोत्सव में ड्यूटी रत है नशे में पाया गया है कार्यवाही की जा रही है।

---

# पति अपने पहली पत्नी को छोड़ने की रच रहा साजिश, गांव के ही व्यक्ति पर लगाया प्रेम प्रसंग का झूठा आरोप

#### दर्ज कराया झूठी शिकायत, संवाददाता की न जानकारी में छपवाया खबर

संवाददाता, लालबहादुर सिंह

सिंगरौली जिले से थाना चितरंगी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुकहर है जहां एक पति अपने ही पत्नी को छोड़ने की की रच रहा था साजिश आपको बता दे की पति रामसुरेश भारती पिता रामसिया भारती पत्नी अमर कली भारती दोनों की शादी 2007 साथ में हुई थी लेकिन पति रामसुरेश भारती कुछ ही महीने बाद पत्नी अमर कली भारती को शादी से पहले यानी बचपन के अफेयर को लेकर संतान प्राप्त न होने एवं दहेज को को लेकर प्रताड़ित मारपीट करने लगा जिस वजह से उसकी पत्नी परेशान होकर अपने मायके चली गई तो इधर रामसुरेश भारती अपनी पहली पत्नी को तलाक न देकर उसकी मर्जी के बगैर दूसरी शादी रन्नू बंसल से कर ली जिसको वर्तमान में







दो बच्चे भी हैं उधर पहली पत्नी अमर कली भारती अपने मायके में ही समय बिताती रही फिर कानून के डर से रामसुरेश भारती 7,8, साल बाद 2021 में पुन: से उसे अपने घर लाया दोनों पत्नी के साथ रहने लगा एक दो साल समय बिताने के बाद फिर उसे पहले ही जैसे प्रताड़ित करने लगा किसी पराए पुरुष से सम्बन्ध को लेकर अत्यधिक परेशान करने लगा पत्नी का अश्लील फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने लगा जिसकी शिकायत पत्नी महिला थाना बैंढन में की थी जिसका समझौता हुआ था कुछ दिनों तक ठीक था लेकिन पति रामसुरेश भारती फिर से उसको प्रताड़ित करने लगा और उसे अपने घर से 20 मई 2024 को बाहर निकाल दिया पत्नी को उसके मायके छोड़ दिया पत्नी अपने मायके रहने लगी फिर रामसुरेश भारती 14 जून 2024 को पुन: शराब पीकर पत्नी को बुलाने गया और पत्नी को बाइक पर लेकर चल दिया आधे रास्ते में आकर वह अपनी पत्नी के साथ गाली गलौज और मारपीट करते हुए उसके बदन का कपड़ा फाड़ कर निर्वस्त्र कर पूरा गांव बाइक पर बैठा कर घुमाने लगा पत्नी रोती चिल्लाती रही लेकिन हैवान पति रामसुरेश भारती उसकी एक भी नहीं सुना निर्वस्त्र ही अपने घर ले गया जिसको वह 14 जून से लेकर 16 जून दोपहर तक घर में कैद करके रखा फिर किसी तरह मौका पाकर पत्नी अमर कली भारती अपनी जान बचा कर वहां से भागी अपने मायके पहुंच गई फिर वह अपने साथ घटित घटना को 17 जून 2024 को थाना चितरंगी में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई।

---

# कलेक्टोरेट में मनाया गया सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस, पूर्व सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के परिजनों का किया गया सम्मान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जगदलपुर बस्तर छत्तीसगढ़ चंद्रिका प्रसाद काछी

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर जेपी पात्रो तथा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति में मंगलवार 14 जनवरी 2025 को कलेक्टर परिसर के प्रेरणा हाल में सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर जेपी पात्रो ने सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि इस दिवस को प्रथम फील्ड मार्शल केएम करियप्पा की सेवाओं की महत्ता और सम्मान में हर साल सशस्त्र बल पूर्व सैनिक



दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों, वीर नारी एवं द्वितीय विश्व युद्ध के अपेंशन भोगी पूर्व सैनिकों की परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही समामेलित विशेष निधि से दस-दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का धनादेश सौंपा गया। जिसके तहत श्रीमती बानो बाई पति द्वितीय विश्वयुद्ध के पूर्व सिपाही स्वर्गीय मोहम्मद इस्माइल, श्रीमती माहेश्वरी वानखेडे पति द्वितीय विश्वयुद्ध के पूर्व सिपाही स्वर्गीय वामन वानखेडे, 1965 एवं 1971 इंडो-पाक युद्ध के पूर्व वारेन्ट आफिसर जगदीश राय एवं पूर्व सारजेंट भरत कुमार चावला तथा श्रीमती मिनसा नयन पति शौर्य चक्र से सम्मानित स्वर्गीय कारपोरल निलेश कुमार नयन को सम्मानित किया गया।

---

### किसानो की सुविधा के लिए सभी क्रय केन्द्रो पर लगाये गए अधिकारियो के मोबाइल नंबर

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

**पीलीभीत।** जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव पीलीभीत द्वारा एल. एच. चीनी मिल के क्रय केंद्र घूँघचिहाई एवं कालाबोझ द्वितीय ऐट दिलावरपुर का निरिक्षण किया गया द्य क्रय केंद्र घूँघचिहाई के प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि यह क्रय केंद्र 10-11-2024 से संचालित है द्य अब तक 63500 कुं गन्ना खरीद की जा चुकी है द्य क्रय केंद्र पर सातवें पक्ष की पर्चियों पर तौल की जा रही है द्य किसानो द्वारा बताया गया कि उनका पेड़ी गन्ना समाप्त हो गया है। अब उन्हें पौधे गन्ने की पर्ची जारी की जाये इस पर जिला गन्ना अधिकारी ने जल्दी ही समाधान की बात कही क्रय केंद्र पर अलाव जल रहा था द्य किसानो के बैठने के लिए कुर्सी एवं तख़्त उपलब्ध थे।

---

# मनिया में किसान नेताओं ने सपेरा समाज की समस्या को लेकर की पंचायत

दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो प्रमुख/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र)

**आगरा।** मंगलवार को किसान नेताओं ने गांव मनिया में सपेरा समाज की जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य समस्याओं को लेकर पंचायत की किसान मजदूर नेता चौधरी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि सपेरा समाज के जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहे हैं जिससे सपेरा समाज के बच्चे नौकरी से वंचित व लोग सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं पूर्व में तहसील किरावली से लेकर जिला मुख्यालय व आगरा कमिश्नरी का घेराव भी किया गया था लेकिन



सपेरा समाज की जाति प्रमाण पत्र की समस्या का समाधान आज तक नहीं निकल सका है जिससे सपेरा समाज में रोश व्याप्त है पंचायत में फैसला किया गया कि संपूर्ण सपेरा समाज जल्द मुख्यमंत्री आवास लखनऊ पर जाकर घिराव करेंगे वहीं पंचायत की अध्यक्षता मनिया के पूर्व प्रधान सिंधी नाथ ने की जिसमें मुख्य रूप से समाजसेवी दीक्षा शर्मा, संदीप नाथ, मुन्ना नाथ, धर्मेंद्र नाथ, गुड्डी देवी, कांतिनाथ, खिलौना ,एवं संपूर्ण सपेरा समाज के लोग मौजूद रहे।

---

# संक्रांति के शुभ अवसर पर गौशाला में गौ माता के लिए खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक सप्ताह तक जिले में संचालित प्रत्येक गौशाला में खिचड़ी भोग का आयोजन किया जाएगा आज मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर बड़ोखर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत जारी में संचालित अस्थाई गौशाला में सभी गौ माता के लिए खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया तथा गो माता को गुड खिलाकर गोपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा वहां पर उपस्थित सभी कर्मचारियों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षण समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम एक सप्ताह तक प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया जाएगा इस कार्यक्रम के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है कि आप सभी व्यर्थ के रूप में अन्य आयोजन में फालतू पैसा खर्च करते हैं लेकिन वही पैसा



आप गौ माता सेवा में खर्च करें जिससे गौ माता को भूख से बचाया जा सकेइसी कड़ी में ग्राम पंचायत बड़ोखर खुर्द मैं भी खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया इसी कड़ी में तिंदवारी ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंधन कला में खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया इस मौके में उपस्थित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गौशाला संचालक बुद्ध जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया तहसील उपाध्यक्ष संदीप सेन बड़ोखर ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम मिश्रा एवं कर्मचारी उपस्थित रहे

---

# जिले में उद्योग को प्रोत्साहित करने बेहतर माहौल बनाएं : कलेक्टर दीपक सोनी

#### अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में उद्योग को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने बेहतर वातावरण बनाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा क़ि उद्योग राजस्व खनिज श्रम एवं औद्योगिक सुरक्षा विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से कार्यवाही करें। सयंत्रो में भी किसी शिकायत आदि क़ी जाँच संयुक्त रूप से करें। शिकायत जांच





के नाम पर सयंत्रो के काम में व्यवधान न हो। उन्होंने स्कूल एवं अस्पतालों में साफ सफाई के साथ ही गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने कहा। विभिन्न विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति क़ी लंबित प्रकरणों क़ी समीक्षा करते हुए कार्यालय में उपलब्ध रिक्त पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव पर सहमति लेकर प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार लम्बे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित कर्मचारियों पर सेवा समाप्ति क़ी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने रबी सीजन में किसानों को धान के आलावा अन्य फसल क़ी खेती के लिए प्रोत्साहित करने कृषि एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को बेहतर समन्वय स्थापित कर किसानों के साथ बैठक करने कहा। उन्होंने कहा कि पलारी क्षेत्र में संसाधन विभाग द्वारा खेती के लिए बलार जलाशय से पानी दिया जाएगा। इस पानी क़ा उपयोग किसानों को फसल परिवर्तन के लिए कराएं। बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन मुख्यमंत्री सचिवालय सीपी ग्राम्स पीजीएन कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का निराकरण राज्य एवं केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक मे सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता भूपेंद्र कुमार अग्रवाल मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

---

# छात्रावास वार्डनों का परिवर्तन रोके डीपीसी सिंगरौली

संवाददाता लाल बहादुर सिंह

**सिंगरौली।** जिला में पदस्थ डीपीसी राम लखन शुक्ला जिला परियोजना समन्वयक द्वारा राज्य शिक्षा केंद्र आदेश दरकिनार कर मनमाना कार्य किया जा रहा हैं जबकि जिला भर के वार्डनों का कार्यकाल 10 जनवरी 2025 को तीन वर्ष पूर्ण होने के बाद भी परिवर्तन रोक नई वार्डनों की विज्ञापन नहीं जारी करते हुए नियम के विपरीत जमी वित्तीय प्रभारी वार्डनों के माध्यम राज्य शिक्षा केंद्र के मानसा के विपरीत छात्रावासों में भ्रष्टाचार करते हुए शासन से प्राप्त सुविधा शिक्षा सहित ठंडी में मिलने वाले कपड़ों की राशि बंदरबांट करते हुए कोरम पूर्ति कर खांसी रकम हजम करने का जिला में चर्चा का विषय बना है

**केंद्र सरकार के उद्देश्य में डीपीसी फेर रहें पानी :-**

बताया जा रहा है केंद्र सरकार द्वारा छात्रवासी छात्राओं को बेहतर





भोजन एवं उच्च अस्तर की शिक्षा मुहैया कराने उद्देश्य से अरबों रुपए का बजट अलग से राज्य सरकारों को दिया जाता है जिस रुपए को कहां कैसे खर्च करना है की जिम्मेदारी राज्य शिक्षा केंद्रों की होती है राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा कस्तूरबा गांधी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावासों में रहने वाली छात्राओं को ए ग्रेड का प्रति दिन दो बार चाय नास्ता भोजन फल दूध काजू किशमिश छोहाडा बादाम इत्यादि का मीनू निर्धारित करते हुए गुणवत्ता पूर्ण कपड़ा सहित विद्यालय से अतिरिक्त शिक्षा हेतु हर छात्रावासों को दर्जनों से जादा कंप्यूटर सहित कंप्यूटर शिक्षिका एवं प्रशिक्षित विषय बार रिमेडियल शिक्षिकाओं का भरती प्रक्रिया निर्धारण करने के साथ-साथ छात्रावासों में नियुक्त कर्मचारियों का अलग-अलग दायित्व कार्यकाल निर्धारित करते हुए भोजन कपड़ा दैनिक उपयोग सामग्री सहित अन्य कार्यक्रमों जैसे पिकनिक इत्यादि में खर्च करने हेतु हर छात्रावास को वर्ष में करोड़ों रुपए के साथ दर्जनों पेज का गाइड लाइन आदेश संपूर्ण जिले को जारी किये जाने के बावजूद भी सरकार के उद्देश्यों में सिंगरौली जिला में पानी फेरा जा रहा है

**झूठी जानकारी सिंगरौली से जाती है भोपाल :-**

बताया जा रहा है सिंगरौली डीपीसी द्वारा राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से जारी दर्जनों पेज का आदेश दरकिनार करते हुए जिला भर के छात्रावासों में नियम के विपरीत अयोग्य अपात्र कर्मचारियों की मनमानी भर्ती कराया गया है और सारा अधिकार छीन कर बैठीं वित्तीय प्रभारी वार्डनों से ताल मेल बना राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल लगभग सौ प्रतिशत झूठी छात्रा उपस्थिति जानकारी भेज खाद्यान्य दूध सब्जी फल इत्यादि का हर छात्रावासों से लाखों रुपए प्रति माह डकार पौष्टिक आहार के साथ उच्च सुविधा शिक्षा से वंचित कर रहे थे, राज्य शिक्षा केंद्र जांच टीम भ्रमण दौरान राम लखन शुक्ला डीपीसी को व्यापक भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने की प्रतिवेदन आधार पर दुबारा पिछले 18 नवंबर को भोपाल स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए श्री शुक्ला के मूल पद शासकीय हाईस्कूल पुरैल में कर दिया गया था किंतु वर्षों से छात्रावासों का मलाई खा रहे शुक्ला अपने चार वर्ष के कार्यकाल होने का हवाला देते हुए उच्च न्यायालय से स्थगन करा फिर से मलाई वाली कुर्सी में बैठ वार्डनों के जरिए हजारों से जादा छात्राओं का हक डकारते हुए सुविधा शिक्षा दोनों से वंचित कर रहे हैं।

---

# मकर संक्रांति पर जाएंट्स ग्रुप प्रोग्रेसिव ने किया खिचड़ी वितरण



विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**औरैया।** जाएंट्स ग्रुप ऑफ औरैया प्रोग्रेसिव ने शहर में मकर संक्रांति के उपलक्ष में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों और शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों ने भाग लिया। संस्था के अध्यक्ष वागीश अग्रवाल ने बताया कि जाएंट्स ग्रुप सेवा भाव से समर्पित रहता है और समाज के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने में हमेशा आगे आ रहता है। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप फेडरेशन 5 के उपाध्यक्ष विपिन मित्तल, कॉर्डिनेटर हरी नारायण अग्रवाल, डॉ शिवम अग्रवाल, अध्यक्ष वागीश अग्रवाल,डॉ अनुराग पांडेय,अनुराग शुक्ला, अनुराग गुप्ता, हर्ष वर्धन अग्रवाल, आशीष बर्मा , इंद्रजीत राजावत और अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# जनपद को अग्रिम पंक्ति में पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत रहकर विकास कार्यों की कड़ी लगातार बढ़ानी होगी आगे

**सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी /लाभपरक योजनाओं का समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद को लाभान्वित कर करें उद्देश्य पूर्ति**

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**औरैया।** ककोर स्थित तिरंगा मैदान में आयोजित तिरंगे के लोकार्पण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (यूटीसीरियन) योजना अंतर्गत दो दिवसीय मिलेटस महोत्सव /मेला कार्यक्रम में मा0 राज्यसभा सांसद श्रीमती गीता शाक्य ने तिरंगे का लोकार्पण किया तथा आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन जनपद के लिए बहुत ही गौरवान्वित है अभी तक मैदान का नाम तिरंगा था लेकिन तिरंगे से वंचित रहा आज जिलाधिकारी के प्रयासों से यह ऐतिहासिक कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के द्वारा जनपद में कानून व्यवस्था के साथ-साथ संचालित जन कल्याणकारी /लाभपरक योजनाओं को धरातल पर पहुंचा कर पात्रों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है यह अपने आप में एक मिसाल है। मा0 सांसद महोदया ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आमजन में पहुंचना योजना की सफलता को निश्चित करता है। उन्होंने कहा कि जब योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त होगी तो वह उसका लाभ अवश्य लेंगे इसलिए शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी/ लाभपरक योजनाओं का विभिन्न माध्यमों से अधिकाधिक प्रचार- प्रसार किया जाए जिससे उसकी उद्देश्य पूर्ति और सार्थकता सिद्ध हो सके। उन्होंने कहा कि जनपद में जब



अधिकारी अच्छी सोच और कार्य करने वाले आते हैं तो जनपद में विकास की धारा तेजी से बहने लगती है और शासन की संचालित योजना का लाभ भी पात्रों को मिलता है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े आमजन को मिले तभी योजना की उद्देश्य पूर्ति सुनिश्चित होगी जिसका उदाहरण आज जनपद के जिलाधिकारी के नेतृत्व में किये जा रहे कार्यों से दृष्टिगत हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद को आगे बढ़ाने के लिए मैं अपने स्तर से हर संभव प्रयास करती रहूंगी और जो भी अधिक से अधिक संभव होगा उसमें आगे बढ़कर कार्य करूंगी जिससे जनपद बुलंदियों पर पहुंच सके। कार्यक्रम के दौरान मा0 सांसद ने कहा कि बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम सराहनीय और आकर्षक रहे। बच्चों को जब छोटे-छोटे मंचों से अपना हुनर का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है तो वह आगे बढ़ने में सफल होते हैं और इन्हीं छोटे-छोटे कार्यक्रमों के माध्यमों से बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा निखरती है और वह आगे बढ़कर जनपद ,प्रदेश व देश का नाम रोशन करने में सफल होते हैं।

मा0 सदर विधायका गुड़िया कठेरिया ने कहा कि जनपद में कराए जा रहे विकास कार्यों की एक लहर सी आई हुई है जिससे प्रतीत होता है कि आगामी दिनों में जनपद को और आगे बढ़ाने के लिए विकासपरक योजना संचालित होगी जिससे प्रदेश में जनपद का नाम रोशन होगा और ऐसे पल ऐतिहासिक बनेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कहा कि समय-समय पर सरकार की योजना के प्रचार -प्रसार के लिए होने वाले कार्यक्रम तथा अन्य विकास संबंधी कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को योजनाओं की जानकारी प्राप्त होती है जिससे पात्रों को लाभ लेने में आसानी रहती है और लाभ लेकर वह अपने जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सफल होते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महिला का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, अश्वनी शेखर (ब्यूरो उन्नाव)

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट गोताखोर इलाके में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से इलाके में सनसनी फैल गई।मृतका के परिजनों ने पति सहित ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप,राजीव नगर खंती निवासी रेहान (मृतका का भाई) ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व गोताखोर निवासी नफीस के साथ निकाह हुआ था निकाह के एक वर्ष बाद से ही मृतका का अपने पति से झगड़ा होने लगा और पति मृतका को आए दिन मारता पीटता था वही मृतका के भाई ने बताया कि एक बार महिला का अपने पति से तलाक भी हो चुका था उनके कुछ दिनों बाद मृतका अपने पति के साथ पुन: रहने लगी थी वहीं तीन दिन पूर्व मृतका का किसी बात से अपने पति के साथ झगड़ा हो गया था जिस पर पति नफीस ने मृतका को बुरी तरह मारा पीटा था वहीं मंगलवार को मृतका अपने ससुराल में मृत पाई गई।घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा।

### कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म व अन्य धाराओं में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

**पीलीभीत- बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि प्रार्थनी की 13 वर्षीय नाबालिक पुत्री खेत पर घास लेने दिनांक 30 जून 2024 को समय करीब 8:00 बजे गई थी तभी पहले से घात लगाए बैठे कामता प्रसाद मुंह पर कपड़ा बांधे बाद दीनदयाल एवं मोतीराम तमंचे के बल पर जबरदस्ती उठाकर गन्ने के खेत में खींच ले गए और निर्वस्त्र करके कामता प्रसाद व मोतीलाल ने गलत काम किया। प्रार्थनी अपने पति का खेत पर इंतजार करने के बाद रास्ते में देखने आई तभी रास्ते में कामता प्रसाद आदि उपरोक्त लोग मिल गए जब प्रार्थनी ने कामता प्रसाद से कहा कि मेरी पुत्री को इधर देखा है तभी कामता प्रसाद ने अपनी गोट से तमंचा निकाला और जान से मारने की नीयत से तान दिया और गंदी-गंदी गालियां दी और कहा कि यदि साली शिकायत की तो जान से मार देंगे।प्रार्थनी अपनी पुत्री को लेकर थाने गई पुलिस ने बेहोशी हालत में बरखेड़ा अस्पताल में भर्ती करवा दिया। प्रार्थनी की पुत्री के शरीर व प्राइवेट पार्टस पर चोट के निशान मिले।परंतु उपरोक्त लोगों के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।कोर्ट के आदेश पर कामता प्रसाद, दीनदयाल,रघुवीर, मोतीराम निवासी पैनिया रामकिशन चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### सूचना विभाग एवं पत्रकारों के सौजन्य से मकर संक्रांति के पर्व पर किया गया खिचड़ी एवं तिल के लड्डू का प्रसाद वितरण



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी

**मथुरा।** खिचड़ी वितरण से पूर्व महाराणा पार्क में किया गया। हवन- यज्ञ का आयोजन, सभी लोगों ने समाज के कल्याण और उत्थान के लिए दी हवन में आहुति मकर संक्रांति के अवसर पर श्री कृष्ण जी को खिचड़ी का महाभोग लगाया गया। भोग लगने के बाद बृज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमल कांत उपमन्यु तथा जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी के प्रतिनिधि नारायण सिंह सहित दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान के ब्यूरो नीरज चतुर्वेदी, एपीएन न्यूज चैनल के आगरा मंडल प्रभारी गिरधर पचौरी के न्यूज के जिला संवादाता सुशील चौधरी, न्यूज 1 इंडिया के जिला संवादाता महेश सिंह, ए-वन टीवी के मथुरा ब्यूरो कृष्णा शर्मा, मगोर्रा ग्राम पंचायत के क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रमोद चौधरी, समाचार प्लस के संवाददाता विजय उपाध्याय, समाजसेवी गोपाल दीक्षित आदि ने अपने हाथों से श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया। प्रसाद को पाकर श्रद्धालुओं ने सभी को धन्यवाद दिया। चावल, दाल, घी से खिचड़ी प्रसाद तैयार किया गया।

### तेलांन बाबा मेले में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब लोगों ने की खूब खरीदारी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फतेहपुर, ब्यूरो चीफ़ रन्नो सिंह

**असोथर/ फतेहपुर।** फतेहपुर जिले के असोथर थाना क्षेत्र के सरकंडी में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर तेलांन बाबा के समीप यमुना नदी के किनारे लगने वाला प्राचीन मेला आर्कषण का केंद्र रहा दूर दराज से आए लोगों ने खूब खरीदारी किया और वही सिद्ध पीठ बिराज मान तेलांन बाबा में लोगों ने जा कर माथा टेका और मन्नतें मांगी कुछ महिलाओं और बच्चों ने मेले के दौरान यमुना नदी में नौका बिहार का भी लुफ्त उठाया मेले का आयोजन सरकंडी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व उनके पुत्र वैभव द्विवेदी ने सबसे पहले सिद्ध पीठ बिराज रहे तेलान बाबा में पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वललित किया और मेले का शुभ आरंभ किया। गुड वाली जलेबी और नौका बिहार बना मेले में आकर्षण का केंद्र सरकंडी तेलान बाबा मेले में मुख्य रूप से इस बार गुड वाली जलेबी और यमुना नदी में तैर रही नावे मुख्य आकर्षण का केंद्र रही जहां लोगों ने मेला घूमने के साथ साथ नौका बिहार का भी खूब लुप्त उठाया और मेले की जमकर प्रशंसा की।

# तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक सवार को रौंदा, हालत गंभीर, हायर सेंटर ने किया रेफर

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

**एटा।** जनपद के अलीगंज थाना क्षेत्र के मैनपुरी रोड स्थित झकरई ईंट भट्टे के समीप तेज रफ्तार कैंटर ने सामने से आ रहे बाइक सवार को रौंद दिया ।टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।आस पास के लोगों ने घायल को तत्काल एंबुलेंस की सहायता से अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया है ।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर रूप से घायल युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया है ।वही ग्रामीणों ने एक्सीडेंट के बाद मौके से भाग रहे कैंटर चालक और क्लीनिक को पकड़ कर पुलिस हिरासत में दिया है ।जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक ओमप्रकाश पुत्र भीकम उम्र 25



वर्ष निवासी देवबंद थाना बिछवा मैनपुरी से अपनी अलीगंज अपने भाई की ससुराल जुनेदपुर आ रहा था ।तभी अलीगंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार क्24ञ7528 कैंटर ने बाइक क्84ष्0991 को टक्कर मार दी ।भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई ।सूचना मिलते ही अलीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिंताजनक देखते हुए बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया है ।वही सूचना के बाद परिजन दौड़े दौड़े अलीगंज अस्पताल पहुंचे हैं।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया प्रतिमा का अनावरण, अर्पित की श्रद्धांजलि

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जहां ग्रामीणों की समस्याओं को जनता दर्शन दरबार में सुना बल्कि उनका निस्तारण किया वहीं सौंख नगर पंचायत के गांव श्योवा में स्वर्गीय ब्रजमोहन चौधरी की प्रतिमा का अनावरण जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस मौके पर उनके साथ सींगा पट्टी के प्रधान वेद, पालीडूंगरा के प्रधान महेश, लोकेश गर्ग आदि सम्मानित सरदारी मौजूद रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने स्वर्गीय ब्रजमोहन चौधरी के सरल स्वभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा ब्रजमोहनजी हमेशा समाज हित की चिंता करते थे। उनके आदर्श बहुत ऊंचे थे।

# नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**आरोपी द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर 6 लाख 30 हजार रकम लेकर की गई ठगी**

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**बलौदाबाजार।** प्रार्थिया द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी संदीप सिंह राजपूत उर्फ दीपक द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर अलग-अलग किस्त में प्रार्थिया से 6 लाख 30 हजार लेकर धोखाधड़ी किया है। साथ ही नौकरी लगाने के लिए आरोपी द्वारा फर्जी जॉइनिंग लेटर भी दिया गया है। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 53/2025 धारा




420,294, 506,467,468,471 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी संतोष सिंह राजपूत को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर प्रार्थिया से ठगी करने एवं 6 लाख 30 हजार रकम अलग-अलग किस्त में प्रार्थिया से लेना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी संतोष सिंह राजपूत उर्फ दीपक राजपूत उम्र 34 वर्ष निवासी प्रगति नगर कैंप 01भिलाई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

**जनपद में नो हेलमेट, नो फ्यूल रणनीति लागू**

# 26 जनवरी के बाद बिना हेलमेट के नहीं मिलेगा पैट्रोल

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर, ब्यूरो चीफ जाती राम

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल के निर्देशानुसार जनपद में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा हेलमेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नो हेलमेट, नो फ्यूल की रणनीति लागू कर दी गयी है। श्री मनीष बंसल ने कहा कि सभी मोटर साइकिल चालकों एवं सवारियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बी0आई0एस0) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेड गियर हेलमेट पहनना अनिवार्य



है। इन प्राविधानों का उल्लंघन केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम के तहत दण्डनीय है, जिसमें जुर्माने का प्राविधान है। जिलाधिकारी ने जनपद में स्थित समस्त पेट्रोल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देश दिये जाते हैं कि आगामी 07 दिवसों में अपने प्रांगण में इस आशय के बड़े-बड़े होर्डिंग लगायेंगे कि 26 जनवरी 2025 से किसी भी दशा में ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेगा, जिसके चालक तथा सहयात्री ने हेलमेट नहीं पहना हो। सभी पेट्रोल पम्प संचालक एवं स्वामी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रतिष्ठान में सी0सी0टी0वी0 कैमरा सदैव सक्रिय रहे ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सी0सी0टी0वी0 फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके।

# पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कटौती के खिलाफ कांग्रेस का प्रदेश व्यापी जिलों में धरना

**भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग को चुनाव लड़ने से रोकने षड़यंत्र किया - दीपक बैज**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जगदलपुर बस्तर छत्तीसगढ़ चंद्रिका प्रसाद काछी

**रायपुर।** पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कटौती के खिलाफ कांग्रेस प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 15 जनवरी को एक दिवसीय धरना देकर विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार ने जानबूझकर प्रदेश में वर्ग संघर्ष फैलाने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कटौती करने का षड़यंत्र किया ताकि प्रदेश की बहुसंख्यक आबादी चुनाव लड़ने से वंचित रह जाये। पहले तो कहा गया पिछड़ा वर्ग के लिये 50 प्रतिशत आरक्षण किया जायेगा, जब नियम बनाया तो पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण शून्य की स्थिति में पहुंच गया। पूरे प्रदेश में जिला पंचायत का



एक भी अध्यक्ष पद पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित नहीं हुआ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपाई बेशर्मीपूर्वक कहते है पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कांग्रेस भ्रम फैला रही है, तो भाजपा के नेता और सरकार ही बता दे उनके नये आरक्षण प्रावधान में पिछड़ा वर्ग के लिये क्या व्यवस्था हुई है? पिछड़ा वर्ग का पंचायतों में आरक्षण कम क्यों हो गया? एक भी जिला पंचायत अध्यक्ष पद में पिछड़ा वर्ग के लिये क्यो आरक्षण नहीं हुआ? भाजपा प्रदेश के आरक्षित वर्ग में वर्ग संघर्ष करवाने यह षड़यंत्र रचा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि बस्तर और सरगुजा संभाग में आरक्षित वर्ग को बड़ा नुकसान है सरगुजा संभाग के पांच जिले अंबिकापुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर सोनहत, बस्तर के 7 जिले बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, दंतेवाडा, नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर सहित मानपुर मोहला, जशपुर, गैरोला पेंड्रा मरवाही, और कोरबा जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कुछ बचा ही नहीं है। इस सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय (त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय) चुनाव में आरक्षण के प्रावधानों में जो षडयंत्र पूर्वक ओबीसी विरोधी परिवर्तन किया है उसके परिणाम सामने हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच और पांचों के आरक्षण में ओबीसी के हक और अधिकारों में बड़ी डकैती इस सरकार ने की है। त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं में रायपुर जिला पंचायत में 16 क्षेत्रों में से केवल 4 ओबीसी के लिए आरक्षित है। बिलासपुर जिले में सदस्यों के 17 में से केवल एक क्षेत्र क्रमांक 1 में ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है, ओबीसी पुरुष के लिए 17 में से एक भी सीट आरक्षित नहीं है। इसी तरह बिलासपुर जिले के चार जनपद पंचायत में दो जनपद पंचायत अध्यक्ष के पद अनुसूचित जाति महिला, एक अनारक्षित महिला और एक जनपद अध्यक्ष का पद अनारक्षित मुक्त रखा गया है।

# जरूरत वाले खरीदी केंद्रों में बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के निर्देश

**समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री हरिस एस ने दिए निर्देश**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जगदलपुर बस्तर छत्तीसगढ़ चंद्रिका प्रसाद काछी

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने समय-सीमा की बैठक में पीडीएस - मिलर से प्राप्त बारदाना जरूरत वाले जगहों पर बारदाना की उपलब्धता करवाने और नए बारदाने की कम खरीदी से अधिक खरीदी वाले केंद्रों के लिए उठाने के निर्देश दिए। बैठक में खरीदी केंद्रों का टोकन के आधार पर खरीदी करने तथा मौके पर धान खरीदी की एंट्री उपरांत रकबा समर्पण की कार्यवाही करें। खरीदी केंद्र में बहुत ज्यादा अव्यवस्थित स्टेग को व्यवस्थित करवाएं। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक ली । कलेक्टर ने शासकीय वाहनों के स्क्रैपिंग करवाने की प्रक्रिया कर नई वाहनों के लिए अपने विभागाध्यक्ष को भेजे प्रस्ताव की जानकारी देने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जिले के प्रवास पर मुख्यमंत्री घोषणा की जिला स्तर पर सेक्शन करने या शासन स्तर पर



भेजने की कार्यवाही से भी अवगत करवाने कहा। कलेक्टर ने बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद के स्वीकृत कार्यो, अन्य मद के प्रशासकीय स्वीकृति वाले कार्यो का टेंडर करवाने, विधायक-सांसद निधि के कार्यो को प्रारंभ करवाने, अधोसंरचना विकास के कार्यो को काम चालू करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में बस्तर विकास प्राधिकरण मद के पूर्व स्वीकृत कार्यों को मार्च माह से पहले पुरा करवाना सुनिश्चित करें। विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना में मस्टररोल कितना जारी किया गया की जानकारी ली साथ ही बकावण्ड़, बस्तर में आवास योजना के लक्ष्य ज्यादा होने पर उसकी प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि हितग्राहियों के बैंक से बातकर आवास निर्माण को गति दिया जाए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों, सामुदायिक शैचालय, सेग्रीग्रेशन शेड निर्माण कार्य की समीक्षा किए। प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेंट के तहत जिले के सभी पर्यटन स्थलों से, सभी मुख्य बाजार स्थलों, नगर पंचायत, एमआरएफ सेंटर से अनुबंधित ग्राम पंचायतो से भी माहवार कचरा कलेक्ट करवाने के निर्देश दिए। बैठक में मनरेगा के तहत आंगनबाडी केंद्र के निमार्ण कार्यो की प्रगति की वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के निर्माण हेतु स्वीकृत कार्य को जल्द पूर्ण करवाएं, साथ ही आंगनबाडी भवन निर्माण प्रगति वर्ष 2024-25 के बजट के आधार पर निर्माण कार्य का बढ़ाए। उन्होंने पीडीएस भवन निर्माण की भौतिक प्रगति की समीक्षा की और निमार्ण पूर्ण भवनों का विभाग द्वारा हैण्ड ओवर लेने के निर्देश दिए साथ ही उस भवन से राशन का भण्डारण करवाने के निर्देश दिए। बैठक में करलाकोटा गांव में सड़क, बिजली, पानी की सुविधा के संबंध मे संबंधित विभागों से काम को गति देने कहा गया। सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत पेंशन योजनाओ के लंबित प्रकरण को एमसीसी लागू होने से पहले स्वीकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद्य विभाग से खाद्यान्न भण्डारण की स्थिति, भण्डारण हेतु वाहन व्यवस्था की समीक्षा की गई और कहा कि डीडी की राशि 26 जनवरी तक जमा करवाए, सभी एसडीएम इस कार्य को सतत निरीक्षण कर गति दें।

# छेरता तिहार को लेकर बच्चों में काफ़ी उत्साह, घर घर जाकर मागे छेरता

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, संवाददाता सूरज जायसवाल

**महंगई।** विकासखंड प्रेम नगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत महंगई में बड़ी धूमधाम के साथ छेरता का तिहार मनाया गया । छेरता महापर्व के दिन खासकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया बच्चों छेरता मांगते नज़र आए। छेरता तिहार के दिन बच्चों द्वारा टोली बनाकर घर घर जा कर छेरता मांगते है। ग्रामीणों द्वारा भी प्रत्येक बच्चों को छेरता के रूप में धान दिया जाता है । छेरता का तिहार विशेष रूप से बच्चों का तिहार है। दिन में बच्चों कि टोली। छेरता मांगते हैं और रात में बच्चों के द्वारा लोकड़ी खेला जाता है

**छत्तीसगढ़ में मनाए जाने वाले छेरछेरा तिहार की खासियतें :-**

- यह त्योहार पौष महीने की पूर्णिमा को मनाया जाता है।
- यह त्योहार दान और फसल उत्सव के रूप में मनाया जाता है।
- इस दिन लोग अपने घरों में आई नई फसल को बांटते हैं।
- इस दिन लोग घर-घर जाकर अनाज, पैसे, और मिठाइयां दान करते हैं।
- इस दिन लोग अपने घरों में भंडार से धान निकालकर टोकरी में रख लेते हैं।
- इस दिन लोग छेरछेरा, माई कोठी के धान ल हेर हेरा कहते हुए दान मांगते हैं।
- इस दिन लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, और गीतों का आयोजन करते हैं।
- इस दिन लोग दान को पुण्य का काम मानते हैं।